kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-338 ❑ सोमवार, 12 जनवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



पश्चिम बंगाल और केरल में एक साथ चुनाव होने के कारण ही कांग्रेस और कम्युनिस्ट वहां औपचारिक गठबंधन में नहीं आए, अन्यथा दोनों वहां भी साथ चुनाव लड़ते। श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। अमित शाह

राउरकेला विमान हादसा : सभी यात्री सुरक्षित 11

सूखे की मार : संकट में सेब के बागवान 12

## निजी शिक्षण संस्थानों में पारदर्शी प्रवेश पर ही मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नई व्यवस्था**

❑ दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली -2023 में हुआ संशोधन

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ अब उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनका प्रवेश निजी शिक्षण संस्थानों में पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ होगा। योगी सरकार ने पात्र विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और दुरुपयोग को रोकने के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। यह बदलाव अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर भी समान रूप से लागू होगा। योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है।

समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह के मुताबिक संशोधन का मुख्य उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और जवाबदेह बनाना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचे और मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन जैसी व्यवस्थाओं के जरिए फर्जी या गैर-मानक प्रवेश कर योजना का गलत फायदा न उठाया जा सके। संशोधित नियमों के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों के व्यावसायिक या तकनीकी पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे एससी/एसटी विद्यार्थियों को योजना का लाभ तभी मिलेगा जब उनका प्रवेश विज्ञापन, मेरिट/रैंक सूची और चयन सूची जैसी पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हुआ हो। कॉलेजों को आवेदन आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक विज्ञापन जारी करना, रैंक सूची तैयार ● शेष पेज 11 पर

## मूल्यों के साथ निरंतर विकसित हो रहा संघ : भागवत



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन ही संघ की आत्मा है और उसका मूलमंत्र भारत सर्वोपरि है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समय के साथ बदल नहीं रहा बल्कि अपने मूल विचार, संस्कार और मूल्यों के साथ निरंतर विकसित हो रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' का पहला गीत 'भगवा है अपनी पहचान' रविवार को दिल्ली के केशव कुंज में आयोजित विशेष समारोह में लॉन्च किया गया। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गीत का औपचारिक लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि फिल्म 'शतक' और इसका एंथम संघ की राष्ट्रनिष्ठा, आंतरिक शक्ति और सेवा-भाव को प्रभावी ढंग से सामने लाते हैं। यह फिल्म संघ की उन कहानियों को भी उजागर करती है, जो अब तक आम जनमानस के सामने नहीं आ पाईं। डॉ. हेडगेवार में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता थी। वे जीवन की कठिन चुनौतियों का भी समभाव से सामना करते थे और यही गुण संघ की कार्यप्रणाली में आज भी दिखाई देता है। संघ की विचारधारा स्थिर नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर विकसित होने वाली है।

उन्होंने कहा कि गीत 'भगवा है अपनी पहचान' में भगवा रंग को केवल प्रतीक के रूप में नहीं बल्कि भारत की सभ्यतागत चेतना और पहचान के रूप में प्रस्तुत किया गया है। गीत में भगवा को त्याग, तपस्या, अनुशासन, सेवा और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बताया गया है। यह समाज को सामूहिक चेतना के साथ एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान करता है। जाने-माने गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी ऊर्जावान आवाज से गीत को प्रभावशाली बनाया है। संगीतकार सनी इंदर की सशक्त धुनों और गीतकार राकेश कुमार पाल के ओजपूर्ण ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### बिजली विभाग का विजिलेंस लैस हुआ जीपीएस युक्त बॉडी वॉर्न कैमरा से

**लखनऊ।** बिजली विभाग की विजिलेंस टीम और विभागीय जांच दल अब जीपीएस युक्त बॉडी वॉर्न कैमरा से लैस होंगे। बीते दो साल से इसकी मांग चल रही थी। बिजली चोरी के मामलों की जांच में कई बार विजिलेंस टीम पर प्रताड़ना व वसूली के आरोप लगने के बाद से ही इनकी मांग की जा रही थी। टीम को जीपीएस युक्त बॉडी वॉर्न कैमरा देने के बाद अब विजिलेंस टीम की जांच व कार्रवाई में पारदर्शिता आने की उम्मीद है। बॉडी वॉर्न कैमरा व्यवस्था लागू होने से विजिलेंस टीमों की कार्यप्रणाली पर निगरानी की जा सकेगी। इसके अलावा उपभोक्ताओं के उत्पीड़न व कथित भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी। बिजली चोरी के मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई संभव हो सकेगी। लंबे समय से यह शिकायतें आम होती थीं कि जांच के समय छोटे उपभोक्ताओं को प्रताड़ित किया जाता रहा है। बड़े मामलों में विजिलेंस व विभागीय जांच दल पर साठ-गांठ कर कार्रवाई से बचा लिया जाता है। इससे न केवल उपभोक्ताओं का उत्पीड़न होता था बल्कि सरकार और बिजली विभाग की छवि भी प्रभावित होती थी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि इससे विजलेंस के काम में पारदर्शिता आएगी और उपभोक्ताओं का उत्पीड़न भी थमेगा। प्रदेश में हर साल तकरीबन 5000 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती है।

### ईको फ्रेंडली उद्योगों को बढ़ावे की योजना, मिलेगी छूट

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही राज्य सरकार ने उद्योगों में हरित उत्पादक को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। हरित ऊर्जा के उपयोग के लिए उद्योगों को रियायत भी दिए जाने की तैयारी है ताकि बढ़ते प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके। नियोजन विभाग ने 2035 तक नेट जीरो औद्योगिक गलियारा बनाने का लक्ष्य रखा है। नियोजन विभाग ने विकसित यूपी-2047 के लिहाज से उद्योगों में तकनीक व पर्यावरण के अनुकूल मानकों के प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने की योजना तैयार की है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इसे लेकर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया था। योजना है कि विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को अलग-अलग प्रोत्साहन योजना का लाभ देकर हरित ऊर्जा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश में न सिर्फ उत्पादन बढ़े बल्कि उद्योगों से पर्यावरण को होने वाली हानि को न्यूनतम रखा जा सके।

### क्रिप्टो उपयोगकर्ताओं के लिए 'लाइव सेल्फी', 'जियो-टैगिंग' अनिवार्य

नयी दिल्ली। क्रिप्टो मार्केट में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने सख्त नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए नए 'धनशोधन रोधी' और 'अपने ग्राहक को जानें' दिशानिर्देशों के तहत ग्राहकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक मौजूदगी की जांच और जियो-टैगिंग जैसे नियम अनिवार्य कर दिए गए हैं। इस महीने आठ तारीख को जारी इन ताजा दिशानिर्देशों के अनुसार क्रिप्टो एक्सचेंजों को 'आभासी डिजिटल संपत्ति' (वीडीए) सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

## सोमनाथ तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे

एजेंसी



**मोदी बोले**

❑ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विध्वंस नहीं 1000 साल की यात्रा का पर्वः प्रधानमंत्री

❑ दुर्भाग्य से देश में आज भी मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें मौजूद

❑ नफरत, अत्याचार, आतंक का असली क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गयाः मोदी

सोमनाथ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सोमनाथ पर आक्रमण आर्थिक लूट के लिए नहीं बल्कि तुष्टिकरण के लिए किया गया। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर रविवार को सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्र्यह पर्व विध्वंस नहीं बल्कि 1000 साल की यात्रा का पर्व है। सोमनाथ को नष्ट करने के अनेकों प्रयास हुए। उसी तरह विदेश आक्रांताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं लेकिन न तो सोमनाथ नष्ट हुआ और न ही भारत नष्ट हुआ। क्योंकि भारत और भारत की आस्था के केंद्र एक-दूसरे में समाए हुए हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्र्आज तलवारों के जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे हैं इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है। हमें खुद को शक्तिशाली बनाना है। ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिश रच रही हो। जब हम अपनी विरासत और आस्था से जुड़े रहते हैं तो हमारी सभ्यता की जड़ें मजबूत होती है। मैंने भारत के लिए एक हजार साल का विजन रखा था। आज देश की संस्कृति का पुनर्जागरण करोड़ों देशवासियों के मन में विश्वास भर रहा है। विकसित भारत के लिए लोगों को भी भरोसा है। भारत अपने गौरव को नई बुलंदी देगा। हम विकास की नई ऊंचाई को छुएंगे। देश अब तैयार हो चुका है। सोमनाथ मंदिर की ऊर्जा हमारे संकल्पों को आशीर्वाद दे रही है। विरासत की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने कहा कि त्र्जब महमूद गजनी से लेकर औरंगजेब हमले कर रहे थे तब वे भूल गए थे कि सोमनाथ के नाम में सोम यानी अमृत है। ऐसे में जब-जब इसे नष्ट करने की कोशिश हुई, सोमनाथ मंदिर उठ खड़ हुआ। मजहबी कट्टरपंथी इतिहास के पन्नों में सिमट गए तो वहीं सोमनाथ मंदिर आज भी स्वाभिमान से खड़ा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्र्गजनी को लगा था कि उसने सोमनाथ मंदिर के वजूद को मिटा दिया लेकिन 12 शाताब्दी में पुनर्निर्माण हुआ। फिर अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया। 14वीं शब्तादी में जूनागढ़ के राजा ने पुनर्निर्माण किया। 14वीं शताब्दी में आक्रामण किया। फिर सुल्तान अहमद शाह ने दुस्साहस किया। फिर सुल्तान महमूद वेगड़ा ने मंदिर को मस्जिद बनाने की कोशिश की। 17वीं और 18वीं शताब्दी में औरंगजेब का दौर आया। उसने मंदिर को अपवित्र करने की कोशिश तो अहित्याबाई होलकर ने मंदिर बनवा दिया। सोमनाथ का इतिहास, विजय और पुनर्निर्माण का है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने इनसे पल्ला झाड़ने का कोशिश की। उस इतिहास को भुलाने के कुत्सित प्रयास किए गए।जब भारत गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हुआ, जब सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। साल 1951 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के यहाँ आने पर भी आपत्ति जताई गई। इससे पहले उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि त्र्पवित्र श्री सोमनाथ मंदिर में इस महापर्व का सहभागी बनना मेरे जीवन का अविस्मरणीय और अमूल्य क्षण है। आज सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक हजार साल पहले, इसी जगह पर क्या माहौल रहा होगा। आप जो यहां उपस्थित हैं, उनके पुरखों ने, हमारे पुरखों ने जान की बाज़ी लगा दी थी। अपनी आस्था के लिए, अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए उन्होंने अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया। हजार साल पहले वे आक्रमणकारी सोच रहे थे कि उन्होंने हमें जीत लिया लेकिन आज एक हजार साल बाद ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश में मतदाताओं के लिये 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ' सेवा शुरु

कानपुर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की सुविधा के लिए बुक-ए-कॉल विथ बीएलओ सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा का उद्देश्य मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में मतदाताओं को सीधे और समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके।

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता निर्वाचन आयोग के आधिकारिक वोटर पोर्टल https://voters.eci.gov.in अथवा ECINET App पर लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन के पश्चात Book a Call iwth BLO विकल्प के माध्यम से अपनी पहचान संबंधी विवरण भरकर कॉल बुक करने का अनुरोध दर्ज किया जा सकता है। अनुरोध प्राप्त होने के बाद संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर सामान्यतः 48 घंटे के भीतर मतदाता से फोन पर संपर्क करेगा। इस सेवा के माध्यम से मतदाता नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन, पता परिवर्तन सहित मतदाता सूची से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सीधे बीएलओ से ● शेष पेज 11 पर

## 'एक्स' ने अपनी गलती स्वीकार की

एजेंसी



❑ भारतीय कानूनों के पालन का आश्वासन दिया : सरकारी सूत्र

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को 'ग्रोक एआई' के अश्लील सामग्री मुद्दे पर चेतावनी दिए जाने के बाद इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आश्वासन दिया है कि वह भारतीय कानूनों का पालन करेगी। सरकारी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि लगभग 3,500 सामग्री ब्लॉक की गयी है और 600 से अधिक खाते हटाए गए। सूत्रों के अनुसार, 'एक्स' ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और कहा है कि वह भारतीय कानूनों का पालन करेगा। साथ ही यह भी कहा है कि भविष्य में यह मंच अश्लील छवियों की अनुमति नहीं देगा। इससे पहले, सरकार ने 'एक्स' से ग्रोक एआई से जुड़ी अश्लील सामग्री पर की गई विशिष्ट कार्रवाई और भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति को रोकने के उपायों सहित विस्तृत जानकारी मांगी थी क्योंकि इस मंच द्वारा दिए जवाब को सरकार ने अपर्याप्त पाया था। पहला नोटिस जारी होने के बाद अपने जवाब में 'एक्स' ने भ्रामक पोस्ट और गैर-सहमति से प्राप्त यौन उत्तेजक छवियों से संबंधित पोस्ट के मामले में अपने द्वारा अपनाई जाने वाली सख्त सामग्री हटाने की नीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत की थी। हालांकि, जवाब लंबा और विस्तृत था लेकिन इसमें कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां छूट गई थीं, जिनमें ग्रोक एआई की अश्लील सामग्री के मुद्दे पर की गई कार्रवाई और भविष्य में इसे रोकने के उपाय शामिल थे। दो जनवरी को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'ग्रोक' और अन्य उपकरणों जैसी एआई-आधारित सेवाओं के दुरुपयोग के माध्यम से उत्पन्न की जा रही अश्लील और यौन सामग्री के संबंध में 'एक्स' को कड़ी चेतावनी जारी की थी। इस सोशल मीडिया मंच के 'सेफ्टी' हैंडल ने पिछले रविवार को कहा कि वह अपने मंच पर अवैध सामग्री, जिसमें बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) भी शामिल है, के खिलाफ कार्रवाई करता है। इसके तहत ऐसी सामग्री को ● शेष पेज 11 पर

## उर्वरकों पर जीएसटी 5% हो : आईएमएमए

एजेंसी




नयी दिल्ली। इंडियन माइक्रो-फर्टिलाइजर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमएमए) ने केंद्र से आग्रह किया है कि 'फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर' के तहत अधिसूचित सभी उर्वरकों पर वस्तु एवं सेवा कर की दर को समान रूप से घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए।

एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपनी बजट पूर्व सिफारिशों में उर्वरक क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए बड़े नीतिगत सुधारों की मांग की है।

एसोसिएशन ने बताया कि जीएसटी 2.0 की शुरुआत के बाद कुछ खास मदों पर टैक्स 12 से घटाकर पांच प्रतिशत करना एक 'ऐतिहासिक सुधार' था, लेकिन अब भी कुछ चीजों पर अधिक जीएसटी लग रहा है। इसके कारण उनके दिए कर की वापसी मुश्किल हो जाती है और कार्यशील पूंजी प्रभावित होती है। एसोसिएशन ने इस समस्या के समाधान के लिए जीएसटी क्रेडिट के तेजी से रिफंड के लिए एक स्पष्ट और समयबद्ध प्रणाली बनाने का प्रस्ताव दिया है। उद्योग प्रतिनिधियों का तर्क है कि रिफंड प्रक्रिया तेज होने से नकदी की समस्या दूर होगी, जिसे गुणवत्ता सुधार, उत्पादन क्षमता और किसानों तक पहुंच बढ़ाने में निवेश किया जा सकेगा।

इसके अलावा, आईएमएमए ने 'वन नेशन, वन लाइसेंस' (एक राष्ट्र, एक लाइसेंस) ढांचे के तहत एक एकल और एकीकृत लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करने की भी सिफारिश की है। वर्तमान में राज्य और जिला स्तर पर अलग-अलग लाइसेंसिंग प्रक्रिया होने से प्रशासनिक बोझ और देरी बढ़ती है। एसोसिएशन का कहना है कि सभी लाइसेंस दस्तावेजों के लिए एक केंद्रीय डिजिटल केंद्र होना चाहिए, जिससे राज्यों द्वारा सत्यापन और मार्केटिंग अनुमति जारी करने की प्रक्रिया तेज हो सके। इससे न केवल लागत में कमी आएगी, बल्कि उर्वरक निर्माताओं के लिए बाजार तक पहुंच भी आसान होगी।

### घर बैठे आमजन एफआईआर समेत 27 सुविधाओं का उठा रहे लाभ

## पुलिस का यूपीकॉप एप बना आमजन का सारथी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई कदम उठाए हैं। सरकार की यह मुहिम पुलिस से लेकर आमजन के लिए बड़ी राहत और भरोसे का माध्यम बन गयी है। राज्य सरकार की यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल आज प्रदेशवासियों के लिए ल्लडिजिटल पुलिस स्टेशनङ्क की तरह काम कर रहा है। प्रदेशवासी एप के माध्यम से न सिर्फ घर बैठे एफआईआर दर्ज करा रहे हैं बल्कि 27 प्रकार की पुलिस सेवाओं का लाभ बिना थाने गए उठा रहे हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसिंग को जनकेंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी से जोड़ा है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि आज यूपी पुलिस तकनीक के जरिये आम जनमानस की सेवा में नई मिसाल कायम कर रही है। यूपीकॉप एप ने थानों के चक्कर लगाने की मजबूरी को काफी हद तक कम कर दिया है। वहीं एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण की समयावधि में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है।

उन्होंने बताया कि एप के जरिए लोग ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करने, खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज कराने, चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन समेत 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। अब तक 50 लाख से अधिक यूजर्स एप को डाउनलोड कर चुके हैं। एप के माध्यम से 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर डाउनलोड की जा चुकी हैं जबकि 7.3 लाख से अधिक लोगों ने खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज करायी है। यह आंकड़े मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल पुलिसिंग की सोच के महत्व को दर्शाते हैं। डीजीपी ने बताया कि यूपी कॉप एप में कई आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इसमें रीयल-टाइम नोटिफिकेशन के जरिए आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की तुरंत जानकारी मिल रही है। यह एप हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर रहे हैं। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से लोकेशन ट्रैकिंग और एसओएस बटन जैसी सुविधाओं को भी अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा एप पर नजदीकी पुलिस स्टेशन को मैप पर देखने की सुविधा भी दी गई है, जो आपात स्थिति में काफी उपयोगी साबित हो रही है। एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण में लगने वाले समय में भारी कमी आयी है। वर्तमान में चरित्र सत्यापन में लगभग 6 दिन का समय लग रहा है जबकि पहले इसमें 8 दिन लगते थे। इस तरह किरायेदार सत्यापन में करीब 8 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 24 से 25 दिन लगते थे, कर्मचारी सत्यापन में करीब 5 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 13 दिन लगते थे। इसके साथ ही ● शेष पेज 11 पर

### भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील और जन-विश्वास आधारित होगी : राजीव कृष्णा

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के छठें स्थापना दिवस पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर, महानगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा ने कहा कि लखनऊ पुलिस ने 2020 के बाद साइबर अपराधों को तकनीकी प्राथमिकता के रूप में विकसित किया है। इसके तहत समर्पित साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

अपने सम्बोधन में डीजीपी राजीव ने उप निरीक्षकों को साइबर ठगी एवं आईटी एक्ट से जुड़ी विवेचनाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील और जन-विश्वास आधारित होगी। तकनीक साधन है, लेकिन सफलता की असली कसौटी आम नागरिक को शीघ्र न्याय और राहत देना है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने कहा कि कमिश्नरेट लखनऊ ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, वीवीआईपी सुरक्षा, जनसंपर्क और पुलिस कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

# दिलीप जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

लखनऊ। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित समारोह प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह तथा प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मौर्य को विधिवत संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई।कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने दिलीप कुमार मौर्य को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए व्यापारियों और जनहित के मुद्दों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।प्रदेश मीडिया प्रभारी किशन सिंह ने दिलीप कुमार मौर्य को जिला उपाध्यक्ष, लखनऊ के पद पर मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं उन्होने कहा कि आपके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी। आपके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना करता हूँ।

# मेडिकल क्षेत्र में एआई की मजबूत नींव, उत्तर प्रदेश बनेगा मॉडल स्टेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। करीब 24 करोड़ जनसंख्या, विशाल ग्रामीण क्षेत्र और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से लेकर गैर-संचारी रोगों तक फैली चुनौतियों के बीच प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को तकनीक सक्षम और भविष्य के अनुरूप बनाया जा रहा है। यही वजह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सशक्त सहायक उपकरण के रूप में उभर रहा है, जो निर्णय लेने, रोग की पहचान और उपचार की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष के अनुसार तकनीक का उपयोग आमजन तक बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए किया जाए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां एआई आधारित स्वास्थ्य समाधानों को जमीन पर उतारने की सबसे अधिक संभावनाएं मौजूद हैं। प्रदेश में करीब 10 लाख फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर, आशा, एएनएम, नर्स और डॉक्टर ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। इनके कामों को आसान और प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश में कई बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म सक्रिय हैं। इनमें हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (क्ष्घ्ग्त्),रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ (टएक्ष)पोर्टल, निक्षय पोर्टल (टीबी नियंत्रण के लिए) और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म आज केवल डाटा संग्रह तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नीति निर्माण, निगरानी और त्वरित निर्णय में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यही डाटा एआई आधारित समाधानों के लिए मजबूत आधार तैयार करता है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को स्वास्थ्य सुधार का केंद्रीय स्तंभ बनाया है। ई-संजीवनी के माध्यम से टेलीमेडिसिन नेटवर्क का व्यापक विस्तार हुआ है। आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे अधिक टेलीकंसल्टेशन देने वाला राज्य बन चुका है। यही नेटवर्क अब एआई आधारित क्लिनिकल निर्णय को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में एआई आधारित क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (एक्द्दद्द)प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और टेलीमेडिसिन सेवाओं में डॉक्टरों को इलाज के निर्णय लेने में मदद कर रहा है। यह सिस्टम मरीज के लक्षण, पूर्व इतिहास और उपलब्ध डाटा के आधार पर इलाज के विभिन्न विकल्प बताता है। इससे न केवल इलाज की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, बल्कि अधिक मरीजों वाले अस्पतालों में डॉक्टरों पर पड़ने वाला दबाव भी कम हो रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महानिदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि प्रदेश में टीबी से पीड़ित मरीजों की संख्या ठीक ठाक है। ऐसे में इसे देखते हुए योगी सरकार ने टीबी उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। निक्षय पोर्टल के साथ एआई आधारित विश्लेषणात्मक टूल्स को जोड़कर उन इलाकों और मरीज समूहों की पहचान की जा रही है, जहां जोखिम अधिक है। इसी के साथ योगी सरकार का मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। एआई आधारित उपकरण उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, समय पर रेफरल और नवजात देखभाल में मदद कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने मैरी लुकस स्कूल, कटरा के मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 262ऽइलाहाबाद उत्तर के अंतर्गत मतदान केन्द्र मैरी लुकस स्कूल, कटरा स्थित मतदेय स्थल संख्या 260 से 266 तक का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) तैनात पाए गए। आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी 2026 को बीएलओ द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का पठन कर पंजीकृत मतदाताओं के नामों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सभी बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 घोषणा-पत्र उपलब्ध पाए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम सूची में छूट गया हो तो उसका फॉर्म-6 भरवाया जाए तथा नाम, आयु, लिंग अथवा अन्य विवरणों में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 के माध्यम से तत्काल सुधार कराया जाए। साथ ही मतदाता सूची की टेबल-टॉप एक्सरसाइज कर फोटो व प्रविष्टियों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

# डीआरएम ने शिवगंगा व सुपरफास्ट एक्सप्रेस का किया ऑनबोर्ड निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। मण्डल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने शनिरावार रात्रि में 12559 बनारस-नई दिल्ली शिवगंगा एक्सप्रेस तथा 12581 बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ऑनबोर्ड निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कोचों के मेंटेनेन्स, साफ-सफाई, लिनेन की स्वच्छता, प्रसाधनों की स्थिति तथा जलापूर्ति व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।

डीआरएम ने लिनेन का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने फायर एवं स्मोक डिटेक्शन सिस्टम की जांच कर उसके समुचित मेंटेनेन्स पर विशेष जोर दिया। कोचों के अंदर लगे अस्पष्ट स्टीकरों को हटाने तथा आवश्यक व जागरूकता संबंधी स्टीकरों को स्पष्ट एवं यात्रियों की पहुंच वाले स्थानों पर लगाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान दिव्यांग यात्रियों की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में लगाए गए बर्थ/सीट नंबर एवं प्रसाधनों के साइनेज की भी जांच की गई। श्री जैन ने यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उनसे संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कोच, प्रसाधन, लिनेन की स्वच्छता तथा ट्रेन में कार्यरत कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर यात्रियों से प्रतिक्रिया भी ली।

# हर कर्मचारी का डॉक्यूमेंट्स और पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा : असीम अरुण

लखनऊ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कुछ कोर्स कोऑर्डिनेटरों द्वारा फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए जाने के मामले सामने आने के बाद समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है। भविष्य में ऐसी किसी भी अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग से जुड़े मामलों में स्पष्ट शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के जरिए की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह निर्धारित नियमों, मानकों और प्रक्रिया के अनुरूप हों। शासनादेश में यह साफ किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त सभी कार्मिकों के शैक्षिक और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स की पूरी जांच अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा। राज्यमंत्री ने वर्तमान में विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के डॉक्यूमेंट्स की भी अगले तीन महीने के अंदर जांच पूरी करने के निर्देश दिए।

# मतदाता सूची पठन-पाठन अभियान में डीएम का औचक निरीक्षण



## विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सभी बूथों पर पढ़ी गई मतदाता सूची, त्रुटि-सुधार और फॉर्म-6 पर दिया गया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में 06 जनवरी 2026 को सभी मतदान बूथों पर मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया गया था। कार्यक्रम के तहत रविवार 11 जनवरी 2026 को जनपद के सभी बूथों पर मतदाता सूची का पठन-पाठन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कंपोजिट विद्यालय शिवपुर, कंपोजिट विद्यालय कमलगढ़ा तथा दुर्गाचरण गर्ल्स इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय फरीदपुरा, सोनारपुरा में पहुंचकर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाने, अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी करने एवं फॉर्म-6 वितरण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुपरवाइजर और बीएलओ से अद्यतन प्रगति की जानकारी भी ली।

डीएम ने निर्देश दिया कि यदि किसी मतदाता की फोटो पुरानी, धुंधली या खराब है तो संबंधित मतदाता से संपर्क कर नई फोटो अपलोड कराई जाए। नाम, माता-पिता के नाम की त्रुटियों और दोहरी प्रविष्टियों को भी समय रहते सुधारने को कहा गया। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे सूची का अवलोकन कर आवश्यक होने पर दावा-आपत्ति अवश्य दर्ज कराएं।

# गोरमा नदी पुल पर खतरा बरकरार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव, प्रयागराज। विकास खंड कोरांव में यूपीऽएमपी बॉर्डर को जोड़ने वाले मुख्य संपर्क मार्ग पर स्थित गोरमा नदी पुल की बदहाली से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। मानपुर व पुरवा गांव के बीच बने इस आरसीसी पुल पर बरसात के दौरान बाहर से बहकर आई कई ट्रॉली मिट्टी जमा हो गई है, जिस पर अब घास भी उग आई है। वहीं पुल की शुरुआत में ही बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह पुल आज़ादी के बाद पहली बार बना था और पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था, लेकिन बनने के बाद से आज तक इसकी समुचित देखरेख नहीं की गई। पुल पर लगे संगमरमर के पत्थर भी अराजक तत्वों द्वारा गायब कर दिए गए हैं। मानपुर गांव निवासी अधिवक्ता पृथ्वी पाल सिंह उर्फ पीपी सिंह ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए पुल के पास बने गड्ढों को तत्काल भरवाने और जमा मिट्टी की सफाई कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

# चौरा घाट सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव/रीवा। प्रयागराज जिले की कोरांव तहसील से सटे मध्य प्रदेश के रीवा जिले की त्यौंथर तहसील अंतर्गत यूपीऽएमपी को जोड़ने वाले चौरा घाट पर करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क गुणवत्ता को लेकर विवादों में घिर गई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुली अनदेखी की जा रही है, जिससे यह सड़क एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी।

आरोप है कि ठेकेदार द्वारा स्थानीय नदियों से लाई गई बालू का उपयोग आरसीसी ढलाई में किया जा रहा है। साथ ही जंगल से निकलने वाली बड़ी-बड़ी पत्थर की चट्टानों को पास में बनाए गए कैंप में गिट्टी तोड़ने वाली मशीनों से तोड़कर उसी घटिया गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। टिकाऊ काली गिट्टी और अच्छी गुणवत्ता वाली बालू का इस्तेमाल न कर लागत बचाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि सीमेंट, सरिया और कुटाई जैसे आवश्यक मानकों को दरकिनार कर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ की कथित मिलीभगत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले बारी खुर्द गांव के दिलीप सिंह कमांडो और अरुण गौतम के नेतृत्व में लोगों ने विरोध जताते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला था, लेकिन ठेकेदार की ऊंची पकड़ के चलते अब तक कोई जांच नहीं हो सकी। ग्रामीणों में इस गुणवत्ता विहीन निर्माण को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कलेक्टर रीवा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

# पूर्व प्रत्याशी ने क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कछौना । बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के कॉग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवम कॉग्रेस अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार ने माही अभिराज क्रिकेट टूनामेंट का भूरामल आदर्श इण्टर कालेज भीरीघाट में उन्होंने फीता काटकर उदघाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति ने उपस्थित अतिथियों को मिथिला की पारंपरिक परंपरा के अनुसार पाग और माला भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने युवाओं से खेल को जीवन का हिस्सा बनाने, अनुशासन और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट से छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है और क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। क्रिकेट आयोजक के अध्यक्ष प्रभात राजवंशी,ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल चार लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला जाएगा। इस मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय ग्रामीण मैदान में मौजूद रहे। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन समिति ने शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के लिए सभी सह योगियो तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया इस मौके पर ज्ञानेंद्र राजवंशी शिव नारायण शिवकुमार रामचंद्र आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। मण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर सौम्या अग्रवाल ने रविवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र 262, इलाहाबाद उत्तर स्थित मतदान केंद्र सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज, ममफोर्डगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची की जांच की और जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं थी, उन्हें अपडेट कराने के निर्देश संबंधित बीएलओ को दिए।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन परिवारों के मतदाताओं के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं, उन्हें एक ही मतदान केंद्र पर सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में छूट गया है या जो नए मतदाता हैं, उनका फार्म-6 भरवाकर सूची में नाम जोड़ा जाए। वहीं नाम, उम्र, लिंग या अन्य त्रुटियों के सुधार के लिए फार्म-8 भरवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने धुंधली, काली, पुरानी या गलत साइज की फोटो को नवीनतम फोटो से अपडेट कराने पर भी जोर दिया। मण्डलायुक्त ने मतदान केंद्र पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली, जिस पर मतदाताओं ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गणेश कनौजिया, सुपरवाइजर तथा बीएलओ गीता कुमारी, दानपत्ती वर्मा, कलावती एवं प्रदीप कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## श्रीमद जगद्गुरू रामानंदाचार्य का महामंत्र धरातल पर उतारने की तैयारी

# सामाजिक समरसता के एक और संकल्प की प्रयागराज से शुरुआत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर चल रहा माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परम्परा के विस्तार और सांस्कृतिक विविधता में एकता का भी माध्यम बन रहा है। मेला क्षेत्र में सनातन परम्परा से जुड़े विभिन्न संतों के शिविरों में आयोजित विमर्श , सम्मेलन और समारोह सनातन की इसी एकता और सामर्थ्य को उद्घाटित कर उसे सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। माघ मेला क्षेत्र में श्रीमद जगद्गुरू रामानंदाचार्य के 726 वे प्राकट्य महोत्सव के आयोजन के समय विभिन्न जातियों में बंटे सनातन धर्म को एकजुट करने के लिए प्रयागराज के दारागंज स्थित श्रीमद जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी के प्राकट्य स्थल में स्मारक और भव्य मंदिर निर्माण के आश्वासन से साधु संतों को नई उम्मीद जगी है।



सनातन को पुनर्जीवित कर उसे एकता के सूत्र में पिरोने का महामंत्र देने वाले श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य का प्राकट्य स्थल प्रयागराज के दारागंज में पतित पावनी गंगा के तट पर स्थित है। सम्पूर्ण विश्व में निर्गुण और सगुण भक्ति धारा को साथ लेकर सामाजिक समरसता का विचार आगे बढ़ाने वाली इस स्थली में स्मारक और भव्य स्मारक निर्माण के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आश्वासन ने नई उम्मीद जगाई है। श्रीमद् जगद्गुरू रामानंदाचार्य के 726 वें प्राकट्य महोत्सव के आयोजन में सीएम ने संतों के समक्ष यह आश्वासन दिया कि दारागंज में उस परिवार और उस स्थल पर जहां जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी का प्राकट्य हुआ वहां पर स्मारक और उनके भव्य मंदिर बने तो सरकार उसका सहयोग करेगी।

जगद्गुरु रामानंदाचार्य की प्राकट्य स्थली को भव्य और दिव्य स्वरूप के लिए मिले आश्वासन से वैष्णव अखाड़ों से लेकर रामानंदाचार्य सम्प्रदाय के विभिन्न संतों ने हर्ष व्यक्त किया है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य पश्चिम पद प्रतिष्ठित पीठाधीश्वर वैदेही वल्लभ देवाचार्य का कहना है कि रामानंदाचार्य जी समरसता के महानायक रहे हैं और उन्होंने अपने संकल्प को करके भी दिखाया जब अपने 12 शिष्यों के चयन में उन्होंने विभिन्न जातियों को चुना। उनका महामंत्र जाति पाती पूछे नहीं कोई, हरि का भजै सो हरि का होई इसी का साक्षात प्रमाण है। मुख्यमंत्री जी के इस आश्वासन से समस्त संत समाज आह्लादित है।

श्री पंच निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष श्री महंत राजेंद्र दास का कहना है कि संपूर्ण राम भक्तों को लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि साबित हो सकती है। उनका कहना है कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी ने समाज को हमेशा जोड़ने और सबको साथ लेने की कोशिश की थी। उनके द्वादश शिष्यों में सभी जातियों के शिष्य थे जो उनके इसी भाव को दर्शाते हैं। श्री महंत राजेंद्र दास का तो यहां तक कहना है कि अब समय आ गया है जब जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी के द्वादश शिष्यों की मूर्तियों के कॉरिडोर का भी निर्माण हो ताकि नई पीढ़ी भी जगद्गुरु के विचार से जुड़ सके। श्री पंच अनि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैष्णव दास जी महाराज का कहना है कि सनातन धर्म को एक सूत्र में बांधने वाले उनके आचार्य की प्राकट्य स्थली को पुनर्स्थापित करने का विचार समस्त सनातन धर्मावलंबियों के लिए रोमांचित करने वाला संदेश है।

# मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होगा तभी शिक्षा सशक्त बनेगी: डॉ. राजेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को सुल्तानपुर रोड, गोसाईगंज स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव ऽ 2026 में भागीदारी की। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का मुख्य विषय था "Mental Health and Well-Being of Students and Educators: Creating a Supportive Ecosystem" (छात्रों एवं शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धिः एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण)।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा का वैकल्पिक हिस्सा नहीं, अपितु सतत एवं प्रभावी शिक्षा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था संचालित कर रहा है, जिसमें स्कूली शिक्षा में 24.8 करोड़ छात्र, 14.72 लाख स्कूल और 98 लाख शिक्षक शामिल हैं, जबकि उच्च शिक्षा में 4.33 करोड़ छात्र 40,000+ संस्थानों में पढ़ रहे हैं। स्वतंत्रता के समय मात्र 10% से बढ़कर आज लगभग 80% साक्षरता दर प्राप्त करने में शिक्षकों, प्रिंसिपलों और संस्थानों की समर्पित भूमिका सराहनीय है।

इस विस्तार के साथ ही 82% हाइब्रिड लर्निंग अपनाने, 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एडटेक बाजार, शिक्षा पर जीडीपी का य6.5% निवेश और एआई-डिजिटल टूल्स के तेजी से एकीकरण के बावजूद, मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां बढ़ी हैं। डक्क इंडिया, गएक्टङ्क मानसिक स्वास्थ्य सर्वे, द लैंसेट साइकेट्री तथा ठगत्रएक्क इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 5 में से 3 छात्र चिंता से ग्रस्त हैं, लगभग 70% छात्र अकादमिक तनाव का सामना कर रहे हैं और 50% से अधिक में अवसाद के शुरुआती लक्षण दिखाई दे रहे हैं। शिक्षकों में भी 1 में से 4 साप्ताहिक सेल्फ-केयर नहीं कर पाते और 55% कार्य-संबंधित तनाव से प्रभावित हैं, जिससे बर्नआउट और असंतुष्टि बढ़ रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रिंसिपलों की निर्णायक भूमिका पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक कक्षा-कक्ष को आकार देते हैं, जबकि प्रिंसिपल पूरे संस्थान की मानवीय, संतुलित एवं सहायक पारिस्थितिकी तैयार करते हैं। उन्होंने वेलनेस कैलेंडर, प्रशिक्षित काउंसलर तथा सुरक्षित संवाद प्लेटफॉर्म को शिक्षा की अनिवार्य आवश्यकताएं बताईं। विधायक ने कॉनक्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व आईएएस अधिकारी एवं सुशांत यूनिवर्सिटी, गुड़गांव के कुलपति जय शंकर मिश्रा की सराहना करते हुए कहा की उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति रही, जिनकी प्रशासनिक, साहित्यिक एवं शैक्षणिक दूरदृष्टि सभी को प्रभावित कर रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसएमएस कॉलेज लखनऊ की पूरी टीम को इस सार्थक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी तथा श्री आनंद के. सिन्हा, ए.के. माथुर, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. आशीष भटनागर, डॉ. बी.आर. सिंह, डॉ. जगदीश सिंह, डॉ. वी.बी. सिंह, श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. पी.के. सिंह, राहुल अवस्थी, आदित्य प्रताप सिंह सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को आभार व्यक्त किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मुख्यमंत्री देंगे 'विवेकानंद यूथ अवॉर्ड'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार सोमवार को राज्य स्तरीय भव्य आयोजन करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विवेकानंद यूथ अवॉर्ड (2024-25) प्रदान कर युवाओं को सम्मानित करेंगे। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश के युवाओं को खेल से जोड़ने और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए गए कार्यों का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री खेलो इंडिया खेलो योजना के अंतर्गत 21 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पांच मल्टीपर्पज हॉल का लोकार्पण करेंगे। इनमें लखनऊ में दो और हरदोई, कन्नौज तथा सहारनपुर में एक-एक मल्टीपर्पज हॉल शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री इसी मंच से 26 करोड़ रुपये से बनने वाले तीन ग्रामीण स्टेडियमों सुल्तानपुर, कासगंज और फतेहपुर का शिलान्यास भी करेंगे। रविवार को युवा कल्याण विभाग के उपनिदेशक अजात शत्रु शाही ने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय समारोह में व्यक्तिगत श्रेणी में चयनित 10 युवाओं को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप चयनित युवाओं को 50-50 हजार रुपये, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। वहीं युवक मंगल दल और महिला मंगल दल श्रेणी में चयनित दलों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक-एक लाख रुपये, ट्रॉफी, मोमेंटो, शॉल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन में प्रदेशभर से 1500 से अधिक मंगल दल युवा भाग लेंगे। व्यक्तिगत श्रेणी में सम्मानित होने वाले युवाओं में हरदोई के अभिनीत कुमार मौर्य, शाहजहांपुर की महिका खन्ना, देवरिया के देवानंद राय, मऊ के अभिषेक पांडेय, बरेली की संजना सिंह, गोरखपुर के प्रणव द्विवेदी और सचिन गौरी वर्मा, गाजियाबाद की साक्षी झा व शिखा सहलोद तथा लखनऊ के अवधेश कुमार शामिल हैं।

## सनातन वैदिक पद्धति पर जीवन जिएं : मनोज



लखनऊ। बिसरिया शिक्षा एवं सेवा समिति ने राजाजीपुरम स्थित सरस्वती पैलेस बी ब्लॉक में 101 कुण्डीय आत्म कल्याण महायज्ञ का आयोजन किया। जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा पंडित संतोष कुमार वेदालंकार, मुख्य वक्ता आचार्य विश्व व्रत शास्त्री एवं मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कायस्थ महासभा के कार्यकर्ता अध्यक्ष एवं शाकाहारी कायस्थ बंधु के प्रमुख कार्यकर्ता मनोज सक्सेना रहे।

वक्ताओं ने सनातन वैदिक पद्धति पर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया तथा समानता एवं समरसता के आधार पर बल दिया तथा हिंदुओं में एकता बनाए रखने की अपील की।

विश्व व्रत शास्त्री ने कहा कि जो गाय को रोटी खिलाते हैं और जो गाय के साथ रोटी खाते हैं वह दोनों एक कभी नहीं हो सकते, यह बात याद रखनी होगी द्य जो दुष्टों का नाश करें और सज्जनों की रक्षा करें वही हिंदू है। मनोज ने अपने वक्तव्य में कहा कि तरह-तरह की बीमारियाँ पाल रहे हैं मांसाहारी। हर कर्म का लेखा जोखा भगवान चित्रगुप्त कर रहे हैं इसलिए हमें सत्य कर्म करते हुए लोक परलोक का कल्याण करना है। समिति के संरक्षक धुरेंद्र स्वरूप बिसारिया एवं समिति के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा (एडवोकेट) ने सभी आए देवतुल्य लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया द्य समिति के सचिव अनुपम बिसारिया ने मंच संचालन किया। इस मौके पर शैली श्रीवास्तव, भाजपा नेत्री बबिता शर्मा, ममता चौधरी (पार्षद),सोमेन्द्र पाण्डेय (मण्डल अध्यक्ष), एसपी श्रीवास्तव ,शैलेन्द्र शर्मा, श्रेय शर्मा, राम जी अवस्थी, जी.के. श्रीवास्तव, अनिल प्रधान, अमरनाथ श्रीवास्तव,विनय पाठक,सचिन सक्सेना, बृजमोहन श्रीवास्तव,डॉक्टर घनश्याम सहाय एवं राजेश श्रीवास्तव आदि समाज सेवी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाला ही क्षत्रिय : मानवेंद्र सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि बहादुरी किसी जाति या धर्म की मोहताज नहीं होती, जो भी नागरिक मातृभूमि की रक्षा और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देता है, वही सच्चे अर्थों में क्षत्रिय कहलाता है। रविवार को उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति द्वारा आयोजित क्षत्रिय पुरोधा श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए सभापति ने कहा कि यह केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षत्रिय समाज की गौरवशाली परंपरा, शौर्यपूर्ण इतिहास, त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज ने रणभूमि में मातृभूमि की रक्षा के साथ समाज को नीति, मर्यादा, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ भी पढ़ाया है। कार्यक्रम में पद्मश्री साहित्यकार विद्याबिन्दु सिंह, भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर लवली शर्मा, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे।

## दो सौ प्रतिभागियों ने गायिकी का प्रदर्शन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान प्रेक्षागार में आयोजित 41वीं सुर तरंग लखनऊ चैप्टर गायन प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने अलग अलग आयु वर्ग में हिस्सा लेकर अपनी गायिकी का प्रदर्शन किया। जिसमें बाल वर्ग में सुर ताल संगम संगीत प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षु अद्विका श्रीवास्तव और आद्या सिंह ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कारों पर अधिकार जमाया, वहीं सीनियर ग्रुप में शामिल मुंबई से आईं आद्या श्रीवास्तव ने प्रथम , लखनऊ के आकर्ष सिंह सूर्यवंशी ने द्वितीय एवं पुरुष वर्ग में बेस्ट सिंगर तथा बाराबंकी निवासी ऐमन जावेद फारूकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगम कला ग्रुप दिल्ली द्वारा आयोजित यह राष्ट्र स्तरीय गायन प्रतियोगिता विगत इकतालीस वर्षों से अनवरत रूप से गायक कलाकारों को तलाशने और तराशने के लिए विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित कर रहा है।

आगामी फरवरी माह में सभी प्रथम स्थान विजेताओं को राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया जायेगा, जहां देश भर से चयनित गायक कलाकार अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करेंगे। सभी विजेताओं को समस्त निर्णायक मंडल सहित आयोजकों ने बधाई एवं शुभकामनाओं सहित प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### भटकती महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां कस्बे में कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कई दिनों से भटक रही अर्ध मानसिक महिला को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया। शनिवार देर शाम कस्बा स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप महिला को भटकता देख उन्होंने तत्परता से कार्रवाई की। महिला पहचान बताने में असमर्थ थी, फिर भी इशारों और स्थानीय जानकारी के आधार पर प्रयास जारी रखे गए। लगातार खोजबीन के बाद महिला की पहचान शीनू पत्नी राजेन्द्र कुमार, निवासी खदरा, थाना मदेयगंज के रूप में हुई। परिजनों को सूचना देकर महिला को सुरक्षित उसके पति के सुपुर्द किया गया। पत्नी के मिलने पर परिजनों ने निगोहां पुलिस व चौकी इंचार्ज अनूप तिवारी का आभार जताया। इस मानवीय कार्य की सोशल मीडिया पर भी सराहना हो रही है, जिससे पुलिस की सकारात्मक छवि और मजबूत हुई है।

### अनियंत्रित तेज रफ्तार कार पलटी चपेट में आकर साइकिल सवार मजदूर की मौत

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज हाईवे पर कनकहा पेट्रोल पंप के सामने रविवार की सुबह निगोहा की तरफ से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कर पलट गई जिसकी चपेट में आकर साइकिल सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है साथ ही मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा की रहने वाली अर्चना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पति रामबरन रविवार की सुबह 7:30 बजे मोहनलालगंज स्थित यूपीएएल फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए साइकिल से निकले थे । हाईवे पर कनकहा पेट्रोल पंप के सामने रायबरेली से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार यू पी 70 जी एल 2048अनियंत्रित हो पति की साइकिल में पीछे से टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पलट गई जिसमें मेरे पति रामबरन की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह का समय होने के कारण कार चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया है । इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया की महिला की तहरीर के आधार पर ज्ञात कार व अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मृतक रामबरन के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है साथ ही दुर्घटना करने वाली सड़क किनारे पलटी पड़ी कार को कब्जे में लेकर अज्ञात कार चालक की तलाश की जा रही है।

### हाईटेंशन लाइन से लाखों का तार चोरी, ठेकेदार ने दी नामजद तहरीर

**नगराम, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के देवती गांव में निर्माणाधीन 220 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन परियोजना से लाखों रुपये मूल्य का तार चोरी होने का मामला सामने आया है। देव कृपा कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर धर्मेन्द्र सिंह ने नगराम थाने में नामजद तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार बीते 31 दिसंबर की रात कंपनी साइट से 2 ड्रम तार और करीब 600 मीटर कटे हुए तार चोरी किए गए। आरोप है कि कंपनी में कार्यरत मुख्य लेबर मुसलिम हक व उसके साथियों ने वारदात को अंजाम दिया। नगराम पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

चार माह से अपनी कोर्ट में नहीं बैठ रही है नायब तहसीलदार गोसाईगंज

लखनऊ।गोसाईगंज नायब तहसीलदार मोहनलालगंज तहसील कार्यालय में अपनी सीट से लापता नजर आ रही है अर्थात वे बह है बैठ रही है। इसी बात की शिकायत भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) के। वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है।

मुख्य मंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायत कर्ता की ओर से लिखा गया है कि नायब तहसीलदार अपनी कोर्ट में नहीं बैठती है। फरियादी उनकी कोर्ट के चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। शिकायत कर्ता का कहना है कि कार्यालय के बोर्ड पर कोई नोटिस या वादकारियों की लिस्ट प्रतिदिन चस्पा नहीं की जाती है। इससे किसी को इस बात की जानकारी नहीं हो पाती है कि उस दिन किन किन वादकारियों का मुकदमा सुना जाएगा। शिकायतकर्ता के अनुसार वादकारियों द्वारा तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिए गए लेकिन नायब तहसीलदार कोर्ट में नहीं बैठी।शिकायत कर्ता के अनुसार इस समय नायब तहसीलदार महोदया द्वारा किसानों के लिए सरकार की मंशा के अनुरूप कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है।शिकायत कर्ता ?की ओर से मांग की गई है कि 4 महीने में सरकार की मंशा के अनुसार नायब तहसीलदार कितने दिन बैठी है।

## भाजपा का समरसता भोज सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड पर स्थित गब्बर ढाबा परिसर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नव वर्ष 2026 के स्वागत एवं बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के स्थानीय सक्रिय एवं कर्मठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समरसता भोज का आयोजन भी किया किया गया जिसमें क्षेत्र के स्थानीय पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप भा0ज0पा0 जिलाध्यक्ष मा0 विजय कुमार मौर्य ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने ओजपूर्ण सम्बोधन में आगामी वर्ष में होने वाली राजनैतिक व संगठनात्मक गतिविधियों में समर्पण भाव के साथ भागीदारी लेने हेतु आवाहन किया । जिला महामंत्री राज कुमार पटेल ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया तो पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष रघुवर प्रसाद रावत ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को नए वर्ष के मौके पर संगठन नामांकित मनमोहक डायरी भेंट कर सम्मानित किया इसी के साथ ही समरसता भोज का आनन्द लिया गया । इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष के साथ? उरई से पहुंचे कुंवर भूपेंद्र सिंह के साथ लखनऊ के रविराज लोधी, स्वरूप चन्द्र मिश्रा (ज्ञानी जी), बजरंग वर्मा, रघुवर प्रसाद रावत, श्याम मूर्ति गुप्ता , लल्लू राम कश्यप, शिव कुमार जायसवाल, राजेश कुमार हिन्दू,अवध किशोर वर्मा, वीरेन्द्र रावत, नरेंद्र कुमार ( पूर्व प्रमुख), श्रीमती सरला वर्मा,अशोक ?सिंह, अरुण कुमार वर्मा, श्रीमती कृष्णा भार्गव, अंजली झा, राम मनोहर कनौजिया , उमेश कनौजिया, रीता यादव, राजेन्द्र प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार,सुरेश प्रधान, राम प्रगट प्रधान, शमशेर सिंह प्रधान, शिवाकान्त पाण्डेय, राम प्रकाश, आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## बाबा अंबर दास ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विकासखंड बछरांवा अंतर्गत ग्राम पंचायत इशिया में रविवार को बाबा अंबर दास ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निगोहां के लालपुर ग्राम निवासी नवीन मिश्रा अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचे। नवीन मिश्रा ने फीता काटकर एवं टॉस उछालकर क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखकर अनुशासन, सहयोग और टीम भावना का विकास करते हैं। नवीन मिश्रा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 5100 की सहयोग राशि भी प्रदान की। उन्होंने मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक अंकित मिश्रा रहे।

## 15 दिन पहले खोदी गई सड़क आज तक नहीं बनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गढ़ी पीर खां वार्ड के गढ़ी पीर खां मोहल्ले में ठेकेदार ने सड़क खोदकर ऐसे छोड़ दी, मानो विभाग और ठेकेदार की कोई जिम्मेदारी ही न हो। हैरानी की बात यह है कि सड़क खुदे हुए पूरे 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन न ही सड़क बनी और न ही यहाँ कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया। खुदी पड़ी यह सड़क अब लोगों के लिए रोज़ का खतरा बन चुकी है। आए दिन दोपहिया वाहन इसमें फंस रहे हैं, कई वाहन सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन न तो ठेकेदार की नींद टूट रही है और न ही विभागीय अफसरों को जनता की तकलीफ दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर ठेकेदार ने मनमानी की और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सवाल यह है कि क्या विभागीय अफसर ठेकेदार के रहमोकरम पर काम कर रहे हैं, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस लापरवाही के बावजूद न कोई नोटिस जारी हुआ, न जुर्माना और न ही काम पूरा कराने की कोई सख्ती नजर आ रही है। जनता पूछ रही है कि अगर यही हाल रहा तो जिम्मेदारी किसकी होगी, ठेकेदार की या उन अफसरों की जो कुर्सियों पर बैठकर फाइलों में सड़कें बनते हुए दिखा देते हैं? अब देखना यह है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस खबर के बाद हरकत में आते हैं या फिर गढ़ी पीर खां की यह सड़क यूं ही विभागीय लापरवाही की गवाही देती रहेगी।

## उन्नाव 11 की टीम ने आदर्श क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज के चांद सरांय ग्राउंड पर खेले जा रहे 11वें आदर्श क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी उन्नाव 11 की टीम। इस भव्य टूर्नामेंट का आयोजन मोहित वर्मा व अनुपम सिंह द्वारा किया गया। उन्नाव 11 ने फाइनल मुकाबले में संजय इलेवन को पांच विकेट से हरा दिया। पहले खेलते हुए संजय 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 158 रन का स्कोर खड़ा किया। संजय इलेवन की हालत एक समय काफी खराब हो गई थी और उसका स्कोर 100 रन भी नहीं पहुंचा था तब 8 खिलाड़ी पवेलियन पहुंच चुके थे। इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने स्थिति को संभाला और स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी उन्नाव 11 की टीम ने 15.5 ओवर में 162 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विजेता टीम को 51000 व उपविजेता टीम को 21000 का नकद पुरस्कार पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख मानसिंह वर्मा, महेश प्रधान, संजय बाबू, सत्य कुमार पटेल, अमित पटेल, मुख्तार, आदित्य सिंह, ज्ञानू सिंह, रुद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अतिथिगण उपस्थित रहे। आयोजक मोहित वर्मा व अनुपम सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र आदि भेंट कर स्वागत किया। हजारों की संख्या में दर्शक इस मैच का आनंद लेने पहुंचे। मशहूर कमेंटेटर मोहित डेविड के साथ संजय यादव, सोनू मिश्रा, अजीत जेसीबी आदि ने नगद पुरस्कारों की बरसात की। संजय 11 की टीम गत वर्ष भी फाइनल मुकाबला हार गई थी। फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच आकाश को घोषित किया गया। सुंदर आयोजन के लिए सभी अतिथियों ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आप का विरोध प्रदर्शन: बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर फूंका राष्ट्रपति का पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। आम आदमी पार्टी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और खिरनीबाग चौराहे बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद् शाहबुद्दीन का पुतला फूंका और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। वहां, मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है और महिलाओं और बच्चों के बर्बरता की जा रही है। भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इसके बावजूद भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में विशेष अतिथि का संरक्षण दिया जा रहा है, जिसके चलते बांग्लादेश में भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं के खिलाफ नफरत और हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। इस पर प्रधानमंत्री को तत्काल कड़ा निर्णय लेना चाहिए। जिससे यह संदेश जाए कि भारत किसी भी रूप में हिंदू विरोधी हिंसा का समर्थन या संरक्षण नहीं करता। मांग की गई कि जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती, तब तक भारत/ बांग्लादेश के सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक संबंध तत्काल समाप्त किए जाएं। बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस दौरान जिला महासचिव जेबी सिंह, मो. हारून, अनुराग रस्तोगी, अखिलेश वर्मा, जोगेंद्र प्रजापति, सदाकत अली, विमलेश वर्मा, मदनलाल, संतोष यादव, शाहबुद्दीन, अमन पाल, हरिपाल, खुशीराम आदि कई लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची वाचन अभियान पारदर्शिता पर निर्वाचन आयोग का जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जनपद लखीमपुर खीरी की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन किया गया। यह कार्य बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और आम मतदाता मौजूद रहे तथा सूची पर बारीकी से निगरानी रखी गई।

जनपद की विधानसभा क्षेत्र 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला, 140-श्रीनगर, 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता एवं 144-मोहम्मदी के सभी बूथों पर बीएलओ ने मतदाता सूची को विवरणवार पढ़कर सुनाया। इस दौरान मतदाताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संभावित त्रुटियों पर ध्यान दिलाया, ताकि समय रहते सुधार कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कराई गई है। उन्होंने कहा कि इससे मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाने में मदद मिलेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मजबूत होगी। इसी क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रोल ऑब्जर्वर के निर्देशन में अपर निदेशक (बेसिक शिक्षा) एस.के. तिवारी जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 142-लखीमपुर, 140-श्रीनगर एवं 143-कस्ता के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को आलेख प्रकाशित नामावली पढ़ते हुए पाया गया। मौके पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक पुलिस लाइन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी ने जनपद में विगत माह में घटित गंभीर अपराधों जैसे हत्या, लूट, चोरी, बलात्कार, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, आदि की गहन समीक्षा की और जिन प्रकरणों में अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि लंबित विवेचनाओं की दैनिक समीक्षा करें एवं उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सक्रिय वांछित एवं इनामी अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर अभियान चलाएं। महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखें एवं महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करें। एंटी रोमियो स्क्वाड स्कूलों व कॉलेजों के आसपास प्रभावी गश्त करें। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी फुट पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाएं। हाइवे, बाजार, बैंक, एटीएम एआदि स्थानों पर विशेष निगरानी रखें। जनशिकायतों का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण करें और थाना पर संतोषजनक संवाद कार्यक्रम आयोजित करें। जिससे जनता और पुलिस के बीच विश्वास की भावना बढ़े। एसपी ने आगामी त्योहारों व सामाजिक कार्यक्रमों को देखते हुए खुफिया सूचना संकलन, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कहा कि अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में एसपी ग्रामीण, एसपी सिटी, समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 172 मरीजों की जांच, 52 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

शाहजहांपुर। रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग और ओमप्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से निवाजपुर स्थित प्रकाश हेल्थ केयर सेंटर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण व ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 172 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 52 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर का उद्घाटन भटपुरा रसूलपुर के प्रधान व सहयोग संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रकाश हेल्थ केयर सेंटर के चिकित्सक डॉ. अमित सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। जबकि रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की संस्थापक डॉ. नमिता सिंह ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान सीओ सदर प्रयांक जैन, जेलर कृष्ण कुमार गुप्ता, डिप्टी जेलर कृष्ण कुमार पांडे, समाजसेवी प्रमोद चंद्र सेठ व मीरा सेठ, निवाजपुर के पार्षद पति अरुण सिंह, संहयोग संस्था के संरक्षक शहनवाज खां एडवोकेट, रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, सचिव सुनीता सिंह, पूर्व अध्यक्ष विम्मी सैनी, अर्चना अग्रवाल, रचना, अलका वर्मा, महिमा शुक्ला, अंबिका वर्मा, सोनी गौर, शोभा सेठ आदि मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेला में 16 मरीजों की हुई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)। रविवार 11 जनवरी को जहांगीराबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय को छोड़कर चिकित्सक डा0 अंशुमान शुक्ल, एल0 टी0 रावेन्द्र कुमार यादव, स्टाफ नर्स दीप्ति शर्मा व सहायक सरला देवी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोतीलाल मौजूद थे।

प्रभारी चिकित्सक डा0 अंशुमान शुक्ल ने बताया कि काफी दिनों से देवकलिया पीएचसी पर किसी भी फार्मासिस्ट की पोस्टिंग न होने से उच्चाधिकारियों के आदेश से यहां पर तैनात फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय की ड्यूटी हफ्ते में तीन दिन देवकलिया तथा तीन दिन जहांगीराबाद रहती है।जिस कारण वह आज अस्पताल में न होकर देवकलिया पीएचसी पर ड्यूटी कर? रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज पीएचसी पर दोपहर 2बजे तक कुल सोलह मरीज आये जिनमें 6 मरीज बुखार से पीड़ित थे व 6 खांसी जुकाम तथा 3 मरीज स्किन/ चर्मरोग के और 1 मरीज कान दर्द रोग से संबंधित था जिन्हें जांच कर मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि अब मौसम खुलने लगा है इसलिए आगे से मरीजों की संख्या बढ़ाने की संभावना है।

# ग्राम गंधौली में मानवता की मिसाल जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर के ग्रामसभा सिधौली अंतर्गत ग्राम गंधौली में ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद व असहाय लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सराहनीय पहल के माध्यम से समाजसेवी प्रशांत शुक्ला उर्फ सोनू ने दर्जनों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में समाजसेवी राजू शुक्ला, गजन, रामू, आरुष, युवराज, हनुमान, मूल्य यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर जरूरतमंदों की सेवा की और समाज में सकारात्मक संदेश दिया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। इस सामाजिक कार्य से क्षेत्र में व्यापक चर्चा है और स्थानीय लोगों द्वारा इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। 01 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत जनपद में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर रहे हैं और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं। वहीं पेट्रोल पम्पों के संचालकों और कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है कि वह बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में आज पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया और नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभियान के तहत हेलमेट का उपयोग न करने वाले 119 दो पहिया वाहनों के चालान किए गए। साथ ही विभिन्न थानों में चेकिंग अभियान चलाकर दो ओवरलोड माल वाहनों और एक माल वाहन बिना फिटनेस तथा बिना टैक्स के अभियोग में निरूद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि हरदोई बाईपास चौराहा और बरेली मोड़ पर जागरूकता अभियान चलाया गया और वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस दौरान यात्री माल कर अधिकारी आरपी गौतम और यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पांडे सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



## हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

पिपरिया धनी खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मोहम्मदी के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिम्मतपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें कार्यक्रम आयोजन सकल हिंदू समाज के द्वारा किया गया।जिसमें मुख्य अतिथियों को ग्राम प्रधान पति कामेश्वर सिंह यादव के द्वारा शालॅ उठाकर आए मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।और वहीं पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में विनोद जी के द्वारा भारत माता की जय हो,वंदे मातरम् के नारे लगातें हुए हिंदू भाइयों को एकजुट होने के लिए कहा और कहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में राष्ट्र जागरण का संकल्प लेकर समाज में देशभक्ति अनुशासन और संसहकार पूर्ण जीवन चेतना जगाने हेतु कार्यरत हैं। हिंदू समाज के सामने ज्वलंत समस्याओं पर जागरूकता बढ़े,मिलकर काम करने का वातावरण बने,हिंदू समाज हिंदू नातें हिन्दू के लिए खड़े हो,समाज में हिंदुत्व भाव स्पष्ट हो और दृढ़ हो,हिंदू समाज की सामूहिक शक्ति का प्रकटीकरण हो हिन्दू धर्म संस्कृति समाज के पोषक विषयों को पुनः स्थापित करना ऐसें उद्देंश्य की पूर्ति हेतु,हिन्दू सम्मेलन किया जा रहा हैं।इस मौके पर ग्राम प्रधान पति कामेश्वर सिंह यादव,ग्राम प्रधान मूडागलिब जोगराज सिंह कुशवाहा,समूह सखी श्रीदेवी,ज्ञानी बलदेव सिंह,बाबा जी श्रीनिवास श्री संत जी,भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, दुर्वेश सिंह,अनुज सिंह,पूर्व प्रधान धर्मेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट,वहीं पर सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मौके पर मौजूद रहें।

## पैरालिसिस पीड़ित बेटी, टूटी छत और उम्मीद की किरण— विधायक ज्ञान तिवारी ने लिया संज्ञान

खानपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक ऐसे होते है आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान खानपुर राजेंद्र विश्वकर्मा के घर पहुंचकर विधायक ज्ञान तिवारी जी द्वारा उनकी बेटी जो पैरालिसिस से पीड़ित है घर में एक टूटी छत जिस पर तिरपाल पड़ा हुआ था.!!! सचिव के द्वारा इनको आवास नहीं दिया गया जो अति निंदनीय है..माननीय विधायक जी ने कहा ऐसे सचिवों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी खंड विकास अधिकारी से बात कर इसको अति शीघ्र आवास देने के लिए कहा विश्वकर्मा जी का परिवार बहुत गरीब है. विधायक जी ने कहा हम कोशिश करेंगे अलग से भी कुछ उनकी मदद की जाए जिससे इनके जीवन स्तर में सुधार आये इस अवसर पर भूपेंद्र रस्तोगी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा किशोर जनता विद्यालय के प्रबंधक राहुल शुक्ला उपस्थित रहें ।

## संघ शताब्दी वर्ष पर मोहल्ला रामनगर में भव्य हिंदू सम्मेलन व सहभोज

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार, 11 जनवरी को रामनगर बस्ती में सम्पूर्ण हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता रही और सामाजिक एकता व संगठन पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजन संयोजक एडवोकेट राहुल तिवारी ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज से संगठित रहने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर है। इसके पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश दीक्षित, उद्धव शास्त्री एवं कमलेश वर्मा ने हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार रखे। सीतापुर से आए मुख्य वक्ता राजकुमार तिवारी ने पंच परिवर्तन के महत्व को बताते हुए हिंदुओं के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए विचार, आचरण और संगठन का मजबूत होना आवश्यक है। सम्मेलन का संचालन प्रशांत बाजपेई ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सहभोज में सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

## वाहन चालकों व राहगीरों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

शाहजहांपुर। सड़क सुरक्षा माह के तहत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में यातायात पुलिस एवं मानवता वेलफ़ेयर सोसायटी के संयुक्त सहयोग से हथौड़ा चौराहे पर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय एवं पीटीओ आरपी गौतम ने वाहन चालकों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कहा कि धीमी गति से वाहन चलाएं, लाइट का प्रयोग करें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट और चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। ताकि रात्रि एवं कोहरे में उनकी स्पष्ट दृश्यता बनी रहे। साथ ही जागरूकता के लिए पम्पलेट बांटे गए। इस दौरान मेरा युवा भारत से सोनम सचान, नमामि गंगे परियोजना के अधिकारी विनय सक्सेना, मानवता वेलफ़ेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव, सदस्य दिव्यांशी मिश्रा, अनुराधा पांडे, शैलेन्द्र, रुद्र प्रताप, हिमांशु, देवेश आदि मौजूद रहे।

# भुगतान न मिलने से भड़के किसान खंभारखेड़ा चीनी मिल कराई बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। खंभारखेड़ा स्थित चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का समय से भुगतान न किए जाने को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बकाया भुगतान की मांग को लेकर गुस्साए किसानों ने खंभारखेड़ा चीनी मिल को बंद करा दिया और मिल परिसर में धरने पर बैठ गए। खबर लिखे जाने तक मौके पर हंगामे की स्थिति बनी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खंभारखेड़ा चीनी मिल पर किसानों का करोड़ों रुपये का गन्ना भुगतान बकाया है। किसान लंबे समय से भुगतान की मांग कर रहे थे, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद राशि जारी नहीं की गई। इससे नाराज किसानों का सब्र जवाब दे गया और वे एकजुट होकर मिल परिसर पहुंचे।

किसानों ने मिल के डोगे (तौल व भुगतान से जुड़ा क्षेत्र) में बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते मिल का संचालन ठप हो गया। किसानों का कहना है कि गन्ने की खेती में खाद, बीज, डीजल और मजदूरी पर भारी खर्च होता है, लेकिन समय से भुगतान न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। कई किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं और घरेलू खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक पूरा बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और मिल को नहीं चलने दिया जाएगा। वहीं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को सूचना दी गई है। संभावना जताई जा रही है कि अधिकारियों और मिल प्रबंधन की ओर से किसानों से वार्ता कर मामला सुलझाने की कोशिश की जाएगी। फिलहाल खंभारखेड़ा चीनी मिल में किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी है और क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का विभिन्न मांगों को लेकर, आज डीएम को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में विकासखंड उझानी के अंतर्गत ग्राम सिरसौली जिरौली 1947- आजादी के बाद कच्चे रास्ते को लेकर आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। वहीं कल मंगलवार को जिरौली कच्चे मार्ग पर ग्रामीण धरना देंगे। वहीं जानकारी मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने देते हुए बताया 1947- से आजादी के बाद देश भर में स्वतंत्रता आई परंतु लगभग एक दर्जन गांव के लोग संपर्क मार्ग सिरसौली से जिरौली जो मार्ग छः रोड बरेली मथुरा मार्ग को जोड़ता है। इस मार्ग को सन 1952 से आजाद मुल्क की सरकार आज तक मार्ग का निर्माण नहीं कर पाई। ग्रामीणों में आक्रोश है इस मार्ग के लिए जितनी भी सरकार 1952 से बदली हैं किसी भी सरकार के प्रतिनिधि ने आज तक इस मार्ग को नहीं बनवाया है इस मार्ग से अल्लापुर भोगी बदरपुर गुराई कुरई दूदेनगर समेत दर्जनों गांव का सुलभ और नजदीक का रास्ता है परंतु उझानी जाने के लिए छः-सात किलोमीटर को ज्यादा तय करना पड़ता है। यह गांव की ज्यादा तर जमीन इसी मार्ग पर पड़ती है खेत खलियान तक जाने के लिए काफी मशक्कत उठानी पड़ती है। वहीं मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा चुनावी समर में ग्रामीण इस रोड की मांग करते हैं। राजनेता जुमला बोलकर वोट ले जाते हैं। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा जब सरकार बनने पर या जीत जाने के बाद प्रतिनिधि से विधायक सांसद से मार्ग की बात करते हैं तो वह यह कहकर टहलते हैं कि यह मार्ग हमारे क्षेत्र में नहीं है

इन दोनों गांव पर मंत्र 1500 मी टर का निर्माण होना है 1500 मीटर पर दो विधानसभा बिल्सी और शेखपुर व दो लोकसभा आंवला और बदायूं का बॉर्डर है। चार जनप्रतिनिधियों का यह मार्ग खून के आंसू रो रहा है बरसात के दिनों में यह रास्ता बंद हो जाता है। अगर चारों चारों विधायक और सांसद अपने कोटे से पांच सौ मी टर मार्ग का निर्माण कर दे तो फिर इन गांवो के लिए नई सौगात मिलेगी

मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा है 13 जनवरी के लिए जिरौली पर धरना दिया जाएगा इस धरने पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह आएंगे। धरना के लिए व्यापक इंतजाम किया गया है। मंगल प्रवक्ता के साथ पूर्व रमेश फौजी, शीत राम, राजपूत रोली गांव के प्रधान विश्राम सिंह, कुशवाहा, ओंकार सिंह मौर्य, सत्यवान शाक्य, ज्ञानचंद मौर्य, मदनलाल खुराना, वसीम अहमद सौरभ दुबे समेत से सकैडो संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के शहर क्षेत्र स्थित नारायणपुर में स्वर्गीय बाबू अवध नारायण सिंह की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेल, श्रद्धा और अनुशासन का जीवंत उदाहरण बनी। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व युवा नेता एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया, जिनकी कुशल आयोजन क्षमता और समर्पण की सर्वत्र सराहना हुई।

चंदन नारायण सिंह की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता में बक्सर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गाजीपुर, आजमगढ़, बाराबंकी और सुल्तानपुर की टीमों ने प्रतिभाग कर खेल प्रेमियों को रोमांचित किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला गाजीपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। शनिवार देर रात तक चले इस राज्य स्तरीय आयोजन का फाइनल मुकाबला आजमगढ़ और डीवीए के बीच खेला गया, जिसमें आजमगढ़ की टीम ने तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-0 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में बेस्ट अटैकर ऽ धनंजय, बेस्ट सेटर ऽ करण सिंह और बेस्ट ऑलराउंडर ऽ जमाली घोषित किए गए।

आयोजन के दौरान चंदन नारायण सिंह ने अपने बाबा स्वर्गीय बाबू अवध नारायण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे अपने समय के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिने जाते थे और मेजर ध्यानचंद के समकालीन रहे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में उच्च प्रशासनिक पदों पर रहते हुए समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए आजीवन कार्य किया। इसी प्रेरणा से इस खेल आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा, डॉ. डी.पी. सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## गोपनीय शाखा को गुमराह करने की कोशिश, मीडिया कर्मियों के नाम पर दी गई गलत सूचना

मुरादाबाद। हाल ही में एक फर्जी साहब द्वारा गोपनीय शाखा को मीडिया कर्मियों के संबंध में भ्रामक एवं तथ्यहीन सूचना दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति ने स्वयं को प्रभावशाली दर्शाते हुए कुछ समय पहले गोपनीय भाग को गलत इनपुट उपलब्ध कराए, जिससे विभागीय स्तर पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई।

सूत्रों के अनुसार, फर्जी साहब ने कुछ मीडिया कर्मियों की गतिविधियों को लेकर मनगढ़ंत जानकारी प्रस्तुत की, जो प्रारंभिक जांच में निराधार पाई गई। मामले की जानकारी सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने तथ्यों की पड़ताल शुरू की, जिसमें स्पष्ट हुआ कि दी गई सूचना वास्तविकता से परे थी। मीडिया से जुड़े लोगों का कहना है कि इस तरह की झूठी सूचनाएं न केवल पत्रकारों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हैं। बल्कि प्रशासनिक तंत्र को भी गुमराह करने की साजिश प्रतीत होती हैं। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विभागीय सूत्रों का यह भी कहना है कि गोपनीय शाखा को भविष्य में किसी भी सूचना को स्वीकार करने से पहले उसकी बहुस्तरीय सत्यापन प्रक्रिया अपनानी चाहिए। ताकि इस प्रकार की गलत जानकारी के आधार पर कोई कार्रवाई न हो। फिलहाल मामला जांचाधीन बताया जा रहा है? और प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि या बयान का इंतजार किया जा रहा है?

## सांड से टकरा कर टेंपो पलटा, चालक गम्भीर

बदायूँ। बदायूं जिले के बिल्सी कछला हाईवे पर कल एक सडक हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक सांड से टकराने के बाद टेंपो बिजली के खंभे से जा भिडा और पलट गया। यह घटना मुजरिया थाना क्षेत्र के शेखा नगला के पास हुईं। सहसवान निवासी विकास सक्सेना अपना टेंपो लेकर बिल्सी आ रहे थे. तभी उनका वाहन सांड से टकरा गया। टक्कर के बाद टेंपो अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराया और हाईवे पर पलट गया। हादसे में बिजली का पोल भी ट्रट गया जिससे इलाके की बिजली सप्लाई भी बाधित हो गई। स्रचना मिलने पर मूजरिया पुलिस मौके पर पहंची। पुलिस ने घायल टेंपो चालक विकास सक्सेना को एंबलेंस की मदद से बिल्सी के सरकारी अस्पताल पहुचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मुजरिया थाना पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# शास्त्री चौक पर दर्जनो व्यापारियों का धरना प्रर्दशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन एवं ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन जनपद बदायूं के जिलाध्यक्ष जितेंद्र महाजन ने नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा चलाए जा रहे। अभियान जो कि अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया जा रहा है। उसके विरोध में शास्त्री चौक पर दर्जनो व्यापारियों के साथ धरना प्रदर्शन किया। नगर पालिका परिषद ने अपने मनमानी तरीके से बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गलत तरीके से तोड़फोड़ की गई है। बिना किसी व्यापारी बैठक और बिना व्यापार मंडल को विश्वास में लिए ही तोड़फोड़ की कार्रवाई आरंभ कर दी है।जिससे व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्र हुए। इससे पूर्व जितेंदर महाजन जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन एवं अध्यक्ष ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन बदायूं ने सभी सर्राफा व्यापारियों एवं व्यापारियों के साथ मीटिंग करके सभी को शास्त्री चौक पर इकट्ठा किया। तत्पश्चात नगर पालिका के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की गई। इसके उपरांत शास्त्री चौक पर सभी व्यापारी सड़क पर बैठ गए फिर जोरदार तरीके से नारेबाजी की गयी। इसके उपरांत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह एवं इंस्पेक्टर क्राइम अशोक कुमार सिंह, की उपस्थिति में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शास्त्री चौक पर बुलाया गया। फिर उनके समक्ष व्यापारियों की पूरी समस्या एवं सुझाव नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखे गए। नगर पालिका प्रशासन द्वारा ले जाए गए लोहे की स्लैब, शटर,चबूतरे,एंगल लोहा, आदि वापस करने का आश्वासन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों को दिया सोमवार तक जप्त किया हुआ पूरा सामान वापस करने का आश्वासन दिया गया।जिलाधिकारी बदायूं को संबोधित लिखित ज्ञापन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन बदायूं एवं ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र महाजन के द्वारा दिया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने हर हाल में हर महा व्यापारियों एवं व्यापार मंडल के साथ प्रतिमाह बैठक करने का आश्वासन दिया है। व्यापारी हित में अभियान स्थगित करने की घोषणा की है। जिस पर व्यापारियों द्वारा धरना समाप्ति की घोषणा की गई। ज्ञापन देने वालों में जितेंदर महाजन जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन। केवी गुप्ता जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार, नवनीत गुप्ता शोटू जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, अरविंद गुप्ता एडवोकेट, पवन जैन, राशिद सैफी, अमित वैश, गोविंद कृष्ण, ऋषि वर्मा, अंश गुप्ता, दीपू वर्मा, जितेंद्र साहू,अमित रस्तोगी,गर्वित, क्षितिज वैश्य, दीपक गुप्ता, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता,अजय गुप्ता, विनीत वर्मा, सचिन शर्मा, दीपक सैनी, विशाल गुप्ता,अंकित वैश, विशन लाल, राजीव रस्तोगी, सचिन गुप्ता, मनोज भारद्वाज, देवी चरण, मोहित रस्तोगी, संदीप वर्मा, राजीव वर्मा, प्रभात गुप्ता, राजीव गुप्ता, टिंकू, विश्वनाथ रस्तोगी, पल्लव वैश, पवन जैन, राशिद सैफी, नंदकिशोर, अमन वैश्य, राज गुप्ता, दिलीप, राजेंद्र, प्रेमपाल,अनूप प्रकाश, इत्यादि दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे।

## एआरटीओ प्रवर्तन की टीम में शामिल होंगे छह पूर्व सैनिक

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। एआरटीओ कार्यालय की प्रवर्तन टीम के साथ कदमताल करते हुए अब रिटायर्ड फौजी दिखाई देंगे। इनको बतौर संविदा कर्मी तैनाती दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे यह कर्मी सड़क सेफ्टी के तमाम कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एआरटीओ हरिओम ने बताया कि विभाग में पुलिस बल की कमी है। नई भर्तियां न होने की वजह से विभाग सालों से पुलिस बल के बिना ही काम चला रहा है। ऐसे में कई बार देखने को मिला है कि प्रवर्तन की टीम को सड़क पर वाहन चेकिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए शासन ने विभाग को रिटायर्ड फौजियों की भर्ती संविदा पर करने का निर्णय लिया है। जहां कमी है वहां पर उनकी 33 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर तैनाती की जा रही है। जिले में छह कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इनकी तैनाती कर उनको सड़क सेफ्टी के कार्य में योगदान लिया जाएगा। एआरटीओ का कहना है कि फौजी पूर्ण रूप से सिपाही होता है। वहां का अनुशासन अनुकरणीय होता है। सेवानिवृत्त आर्मी के जवानों की भर्ती होने से सड़क सेफ्टी में मदद मिलेगी। शासन व विभाग की गाइडलाइन के आधार पर उनकी तैनाती प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## मनरेगा समाप्ति के विरोध में कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा योजना को समाप्त करने की कथित साजिश के विरोध में आज कांग्रेस पार्टी बदायूं द्वारा एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह उपवास जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में डॉक्टर अंबेडकर पार्क, जिला अस्पताल के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर कर रही है, जिससे ग्रामीण गरीबों का रोजगार छीना जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीब और मजदूर विरोधी हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से मनरेगा का बजट बढ़ाने, लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान करने तथा योजना को और मजबूत करने की मांग की। उपवास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष चौधरी वफाती मियां, मोरध्वज लोधी, सलीम अंसारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष नवनीत यादव, बन्नू खान, अहमद अमजदी, राजीव पटेल, नहींम, ओमवीर दद्दा, रंजीत यादव, बृजेश यादव, सर्वेश यादव, सुरेंद्र सिंह, सुनील यादव, विपिन यादव, प्रदीप सिंह, दीपक मिश्रा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मनरेगा को कमजोर करना बंद नहीं किया तो पार्टी आगे और बड़ा आंदोलन करेगी।

## मनरेगा को लेकर 45 दिन का विरोध कार्यक्रम किया घोषित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने 45 दिनों के व्यापक आंदोलन की घोषणा की है। शनिवार को परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं मनरेगा प्रभारी सुनीता सिंह ने यह जानकारी दी।पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह, एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कश्यप, शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर व पूर्व शहर अध्यक्ष असरार अहमद मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के रोजगार की कानूनी गारंटी है, जिसे यूपीए सरकार ने लागू किया था, लेकिन वर्तमान सरकार इसे कमजोर कर रही है। नया ॡउ–ॹटइख्र–ॹ अधिनियम मजदूरों, पंचायतों और राज्यों के हितों के खिलाफ बताया गया। आंदोलन का कार्यक्रम 11 जनवरी 2026 ऽ गांधी प्रतिमा, रामलीला पार्क पर एक दिवसीय उपवास 12ऽ29 जनवरी ऽ पंचायत स्तर पर जनसंपर्क 30 जनवरी ऽ वार्ड स्तर पर धरना 31 जनवरीऽ6 फरवरी ऽ जिला स्तरीय ॣमनरेगा बचाओॣ धरना 7ऽ15 फरवरी ऽ राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव 16ऽ25 फरवरी ऽ क्षेत्रीय इॠए रैलियां कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव आलोक सिंह ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 28वें दिन भी धरने पर डटी रहीं आशा कर्मी, जल्द समाधान की उम्मीद

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। आशा कर्मियों का धरना लगातार 28वें दिन भी जारी रहा। आशा कर्मियों की जिला अध्यक्ष जोली वैश्य ने आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश स्तर पर उनकी प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित कमेटी से बातचीत चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी दो से चार दिनों में कोई सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। जोली वैश्य ने बताया कि 9 जनवरी को आशा कर्मियों ने मंडल आयुक्त कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान मंडलायुक्त ने उनकी मांगों को सुना और कुछ संशोधन के बाद उन्हें शासन स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मंडलायुक्त ने अपने स्तर से आशा कर्मियों के साथ न्याय करने और उनकी सभी जायज मांगों को पूरा कराने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। आशा कर्मियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

## एचपी इंटरनेशनल स्कूल में फ़ेयरवेल पार्टी 'प्रतिबिंब 2026' का भव्य आयोजन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। एचपी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित फ़ेयरवेल पार्टी 'प्रतिबिंब 2026' भावनाओं और रंगारंग कार्यक्रमों से भरपूर रही। कक्षा 11 के छात्रों ने सीनियर्स का टीका लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के बाद दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रबंधक निदेशक शिवम पटेल, निदेशिका सेजल पटेल, प्रधानाचार्य संदीप पांडे व उप प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में नृत्य, रैंप वॉक, टैलेंट शो और टंग ट्विस्टर ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 12 के छात्रों द्वारा एक मिनट से भी कम समय में साड़ी पहनने की प्रस्तुति सबसे ज्यादा चर्चा में रही और जमकर तालियां बटोरीं। ऑनलाइन सर्वे में सुधांशु को मोस्ट फ़ेवरेट, पलक मिश्रा को मोस्ट स्टूडियस, ताइवानूर को मोस्ट चार्मिंग और श्रद्धा पटेल को मोस्ट क्रिएटिव सीनियर चुना गया। वहीं समनबी को मिस फ़ेयरवेल और देव रस्तोगी को मिस्टर फ़ेयरवेल घोषित किया गया। प्रबंधन व प्रधानाचार्य ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हिंदुत्व की आवाज उठाने वाले करणी सेना जिला अध्यक्ष पर जानलेवा हमला कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जिलाध्यक्ष ने न्याय ना मिलने पर परिवार के साथ पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचने का लिया निर्णय

पीलीभीत।करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह पर बीती देर रात जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष अपने निजी कार्य से घर से बाहर निकले थे, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया पीड़ित के अनुसार, मुश्ताक गैंग से जुड़े आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की आरोप है कि साजिद, परवेज और ताबिश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तमंचे के बल पर अपमानित करने का प्रयास किया। जब जिलाध्यक्ष ने उनकी बात मानने से इंकार किया,तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल जिलाध्यक्ष को पीलीभीत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सिर में चोट लगने के कारण उनका प्राथमिक उपचार जारी है जिलाध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह ने पुलिस प्रशासन से मुश्ताक गैंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है पीड़ित जिलाध्यक्ष ने एक वीडियो बयान जारी कर करणी सेना के पदाधिकारियों को घटना की जानकारी दी है वीडियो में उन्होंने मुस्ताक गैंग के साजिद, परवेज और ताबिश पर जान से मारने की साजिश रचने का आरोप भी लगाया है फिलहाल 5 दिनों से लगातार चल रहे विवाद पर पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और ना ही आरोपियों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है अगर पीलीभीत पुलिस प्रशासन की ओर से मुझे न्याय ना मिला तो दिनांक 14/01/2026 को दोपहर 12 बजे से अपने पूरे परिवार के साथ पीलीभीत से लखनऊ पैदल यात्रा कर प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दरबार में न्याय की गुहार लगाऊंगा।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ काउंट सीजर मैटी का मनाया गया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उझानी में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ काउंट सीजर मैटी का 2017वां जन्मदिवस डॉक्टर्स वेलफ़ेयर सोसाइटी, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में डॉ गीतम सिंह के अस्पताल पर समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि डॉ बी.डी. गुप्ता ने की, जबकि संचालन डॉ कलीम अहमद द्वारा किया गया। सर्वप्रथम डॉ काउंट सीजर मैटी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ हबीब क़ादरी ने उनके जीवन और इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पूर्णतः हर्बल और सुरक्षित चिकित्सा प्रणाली है, जिसमें केवल वनस्पतियों से दवाओं का निर्माण किया जाता है। डॉ बी.डी. गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी सरकारी मान्यता मिलने की संभावना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पहले ही इसे मान्यता मिल चुकी है, जबकि उत्तराखंड में प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने चिकित्सकों से केवल अपनी पद्धति से उपचार करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ हाकिम सिंह, डॉ अरमान खान, डॉ रवि, डॉ प्रशांत, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ सुशील सिंह सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

# रायबरेली के स्थापना दिवस पर रायबरेली महोत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली के स्थापना दिवस पर रायबरेली महोत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण भवन में एक बैठक की। उन्होंने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में रायबरेली के स्थापना दिवस पर रायबरेली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया गया एवं किए गए कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को समस्त कार्य ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा की हम अपनी वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने अगली पीढ़ियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से ''रायबरेली स्थापना दिवस'' को रायबरेली महोत्सव के रूप मे दिनाँक-12 जनवरी, स्थान- गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान सिविल लाइन, रायबरेली में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल ,मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, डीएफओ प्रखर मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, आदि उपस्थित रहें।

## जिले में बदला मौसम का मिजाज, 6 डिग्री तक बढ़ा तापमान, तेज धूप से मिली राहत

बदायूँ। जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शनिवार और रविवार को मौसम साफ रहने के साथ सुबह से तेज धूप निकली, जिससे न्यूनतम तापमान में 3 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कोहरे का असर भी काफी कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी मौसम साफ और खुशनुमा रहने के आसार हैं। हालांकि मंगलवार से फिर तापमान में गिरावट आ सकती है और सर्दी बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले 24 घंटे में तापमान में 2ऽ3 डिग्री और बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन 13 जनवरी से उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते फिर ठंड बढ़ेगी। दिन में धूप से राहत मिलेगी, जबकि रात और सुबह ठंड ज्यादा महसूस होगी।

# छपिया ब्लाक में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर हों रहा फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## एक ही चेहरे से भरी जा रही है सैकड़ों श्रमिकों की हाजिरी



गोंडा। जिले के छापिया विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अपनी चरम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहायक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान - बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सर कार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरे गा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि छपिया विकास खंड की ग्राम पंचायत खजूरी में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है,ग्रामपंचायत खजूरी में अमर शहीद बाबू द्वारिका सिंह पार्क के साम ने तालाब का जीर्णोद्धारके एक कार्य पर मस्टर रोलमें 78 श्रमिक दिखाए गए लेकिन जो फोटो मनरेगा के साइट पर अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई से पर्दा उठ गया है,इसी तरह ग्राम पंचायत तिरुखा बुजुर्ग में एक कार्य के लिए 75 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है,लेकिन गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा, मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखा ई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल छपिया ब्लॉक में बेखौफ जारी है।जिस तरह से छपिया ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है,वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को न हीं मिल पा रहा है।ग्रामी ण इसके लिए खंडविकास अधिकारी, एपीओ डीसी मनरेगा और तकनीकी सहायक को ज्या दा जिम्मेदार बता रहे हैं। वही ब्लॉक में तैनात एक कर्मचारी में ने नाम न छापने की शर्त पर बतायाकि इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपीओ ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि ब्लॉक के अफसर,ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है।बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के नाम पर खजूरी,तिरखा बुजुर्ग,तेजपुर, खमरिया बुजुर्ग इटालियाखुर्द, बगदरग्रंट, धानेपुर, खालेगाँव, और माड़ा के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योज ना को पलीता लगाने का ऐसा जाल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कहा जा सकता है।गांव वालो का आरोप है कि ब्लॉक के बीडी ओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।इस संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा रही है।इस पूरे प्रकरण की जांच करायी जाएगी।जहां भी गड़बड़ी सामने आएगी वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी,जिलाधिकारी गोंडा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पानी की टंकी के नीचे मिला लापता किशोर का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के नकाहरा गांव में रविवार सुबह एक किशोर का शव पानी की टंकी के नीचे मिलने से हड़कंप मच गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है,जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के

लिए भेज दिया है मृतक की पहचान गोपसराय गांव निवासी पंद्रह वर्षीय शिवा सिंह के रूप में हुई है। मृतक के चाचा रामू सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे से शिवा लापता था।काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका था जिससे परिजन काफी परे शान चल रहे थे। परिजनों ने एक पुलिसकर्मी रिश्तेदार की मदद से शिवा के मोबाइल की लो केशन निकलवाई,जो नकाहरा गांव स्थित पानी की टंकी परिसर की निकली वहां पहुंचने पर शिवा का शव पानी की टंकी के नीचे पड़ा मिला पुलिस को पानी की टंकी के ऊपर से एक जैके ट और मोबाइल फोन मिला है।इससे यह आशं का जताई जा रही है कि किशोर को ऊपर से नीचे फेंका गया होगा।पुलिस इस पूरे मामले को संदिग्ध मानकर हर पहलू से जांच कर रही है।मृतक शिवा के माता-पिता दिल्ली में रहते हैं और उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है।पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।नवाबगंज थाना अध्य क्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है मौ के पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।सभी बिंदुओं पर नवाबगंज थाने की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भे ज दिया गया है मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।सभी बिंदुओं पर नवाबगंज थाने की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# आयुक्त ने बसंतपुर का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, वृद्धजनों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने रविवार को बसंतपुर गांव पहुंच कर ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया और उन की समस्याओं की जानकारी ली।इस दौरान उ न्होंने गांव की बुनियादी सुविधाओं, जनकल्या णकारी योजनाओं तथा स्थानीय स्तर पर आ रही कठिनाइयों के बारे में ग्रामीणों से विस्तार से बातचीत की।ग्राम भ्रमण के दौरान आयुक्त ने वृद्धजनों, महिलाओं एवं जरूरतमंद ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि शास न की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का त्वरि त एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना प्रशास न की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर आयुक्त ने ठंड को देखते हुए गांव के कई वृद्धजनों को कंबल वितरित किए।कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। आयुक्त ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना प्रशासन का दायित्व है और ठंड के मौसम में उन्हें राहत पहुंचाना प्राथमिकता है।आयुक्त ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में चल रही योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए,उन्होंने कहा कि जनसुनवाई और स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से ही वास्तवि क समस्याओं की जानकारी मिलती है, जिससे प्रभावी समाधान संभव हो पाता है।ग्रामीणों ने आयुक्त के गांव आगमन पर संतोष व्यक्त करते हुए अपनी समस्याएं साझा कीं और कंबल वित रण के लिए आभार प्रकट किया।

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्य तिथि पर युवाओं ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेजज गोंडा के मुख्य परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि के अवसर पर सर्व धर्म सभा,हवन पूजन रक्तदान शिविर एवं निर्धन छात्रों हेतु स्वेटर वितरण कार्यक्रम तथा महाविद्यालय के बाहर शास्त्री जी की प्रतिमा स्थल पर अखंड रामच रितमानस पाठ का आयोजन श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समर्पण के भाव के साथ किया गया शास्त्री महाविद्यालय के समारोह अधिकारी प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ हवनऽपूजन से हुआ,जिसमें महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव श्री उमेश शाह ,सदस्य संजू छाबड़ा प्रभारी प्राचार्य प्रो बी पी सिंह आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. जी तेन्द्र सिंह, मुख्य नियंता प्रो. अमन चंद्रा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण कर्मचा री एवं छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी। हवन के दौरान राष्ट्र की शांति सद्भाव एवं समृद्धि के लिए वैदिक मंत्रो च्चार किया गया एवं हवन के पश्चात पी.ए.सी के हेड कांस्टेबल के अंजनी कुमार यादव के नेतृत्व में शास्त्री जी की प्रतिमा को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया।श्रद्धांजलि सभा को सम्बो धित करते हुए प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने श्री शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, उच्च नैतिक मूल्यों एवं उनके अमर नारे ज्ञजय जवान, जय किसानङ्क की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।सचिव उमेश शाह ने कहा कि श्री शास्त्री जी का जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धन एवं जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरण मुख्य अतिथि वर्षा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि श्री उमेश शाह द्वारा किया गया।महा विद्यालय के पंजीकृत दो सौ विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए।सचिव उमेश शाह द्वारा इस सेवा कार्य के माध्यम से शीत ऋतु में विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया गया,जिसे सभी उपस्थितजनों ने श्री शास्त्री जी के सेवा एवं मानवता के आदर्शों से जोड़कर देखा।प्रो.सिंह ने बताया कि महावि द्यालय के एन सी सी, रोवर्स रेंजर्स व रेडक्रॉस के २६ विद्यार्थियों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराकर रक्तदान किया जिनमे प्रमुख रूप से सत्यम दूबे,शिवम तिवारी,शिवांश तिवारी विशा ल मिश्रा, अंशिका श्रीवास्तव,अंकित कुमार पुष्कर,शोभित तोमर,विश्वभर नाथ शिवेंद्र मिश्रा नेहा व अमीषकुमार सिंह प्रमुख रहे। सर्व धर्म सभा में सरदार चरण जीत द्वारा गुरुवाणी अमि त वर्मा द्वारा बाइबिल,अब्दुल अल्लीम द्वारा कु रान व डॉ.स्मृति शिशिर द्वारा राम चरित मानस का पाठ किया गया।हवन पूजन शास्त्री विनोद आर्य की टीम के नेतृत्व में किया गया।समारोह अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम को संपन्न क राने में प्रो अभय कुमार श्रीवास्तव संयोजक छात्र कल्याण,प्रो.जय शंकर तिवारी.एन.सी.सी प्रभारी डॉ.अमित शुक्ला,एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी पवन सिंह डॉ.चमन कौर डॉ.परवेज ख़ान डॉ दिलीप शुक्ला रेड क्रॉस प्रभारी डॉ.म मता शुक्ला,रोवर्स रेंजर प्रभारी डॉ.मनोज कुमा र मिश्रा डॉ.स्मिता सिंह,मनीष मोदनवाल डॉ. ह रीश शुक्ला ,डॉ.अवनीश मिश्रा ,सतीश दीक्षित , राज कुमार माथुर,अमरजीत वर्मा,विजय सिंह शरद पाठक रोहित सिंह ,राम भरोस का विशेष योगदान रहा। प्रभारी प्राचार्य प्रो बी पी सिंह के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम गरिमामय, अनुशासि त एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु जारी समय सारिणी के अनुसार दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित है।

दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों के कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हे मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों/स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक की जायेगी। जबकि मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैंपिंग, मतदाता क्रमांकन, एस.वी.एन. आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि की कार्यवाही के लिए 17 मार्च से 27 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी के अनुसार निर्वाचन नामावली का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च 2026 को किया जायेगा।

# नानपारा के खिलाड़ियों ने कुर्सियांग में लहराया परचम ऑल इंडिया कराटे-डो चैंपियनशिप में जीते पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । पश्चिम बंगाल के कुर्सियांग स्थित टाउन कम्युनिटी हॉल में 9 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित 10वीं आईएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे-डो चैंपियनशिप 2025-26 में उत्तर प्रदेश के नानपारा जिला बहराइच के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल सितो-रियो कराटे फ़ेडरेशन (आई एस के एफ) द्वारा किया गया, जिसे कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन (के आई ओ) की मान्यता प्राप्त रही। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ-साथ आसाम पुलिस, आसाम राइफल के खिलाड़ी, कोच, रेफरी एवं अधिकारी शामिल हुए। नानपारा की टीम ने चीफ ऑफ (आई एस के एफ) उत्तर प्रदेश सेंसई सलीम बख्श के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। टीम प्रभारी एवं कोच सेंसई हिमांशु सिंह की कुशल देखरेख में खिलाड़ियों ने कुमिते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में सौरभ बाल्मीकि ने कुमिते वर्ग में सिल्वर मेडल, जबकि शाहिद अली एवं शहरे आलम ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर उत्तर प्रदेश सहित बहराइच जिले को गौरवान्वित किया। चैंपियनशिप के दौरान सेंसई हिमांशु सिंह ने निर्णायक की भूमिका भी निभाई। प्रतियोगिता में काता और कुमिते की विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले कराए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ युवाओं को आत्मअनुशासन, आत्मरक्षा और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यह आयोजन कराटे खेल के प्रचार-प्रसार और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## राजस्व टीम के शह पर सरकारी जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत इमिलिया गुरुदयाल में स्थित नवीन प्रति की सरकारी जमीन गाटा संख्या 75 पर राजस्व टीम की मिली भगत से अनिल साहू द्वारा कब्जा किया जा रहा है,पूर्व में कब्जेदारी को लेकर इमिलीया गुरुदयाल के रहने वाले मनीष कुमार ने उसे समय रहे उपजिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी को सरकारी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर एक शिकायती पत्र दिया था जिसके क्रम में एसडीएम ने तत्काल सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम को भेज कर हो रहे कार्य को रुकवा दिया था,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पर भी आरोप लगा था,कई माह बीतने के बाद,बड़ा स पन्नी तान कर मौके का फायदा उठाकर पूरे सरकारी जमीन को अनिल साहू ने बड़े-बड़े पिलर खड़े कर दिए हैं,छत पढ़ना बाकी रह गया है,ग्राम प्रधान महेश वर्मा ने भी डीएम से शिकायत किया था,अपने दबंगई के बल पर सरकारी जमीन को पूरी तरीके से अनिल साहू ने कब्जा कर लिया है क्षेत्रीय लेखपाल गिरीश यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा की पैमाइश होनी है सोमवार को पैमाइश होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शीतलहर से जरूरतमंदों को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : मयंकेश्वर शरण सिंह



तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शीतलहर से निजात के लिये रविवार को भीखीपुर गांव में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक ने तीन सौ से अधिक गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किया है।ठण्ड से ठिठुर रहे गरीब परिवारों को जब राज्यमंत्री ने कम्बल सौंपा तो उनके चेहरों पर खुशी का ठिकाना नही रहा।कम्बल पाने के बाद लोगों ने राज्यमंत्री के साथ ब्लाक प्रमुख के प्रति आभार जताया है। विकास क्षेत्र सिंहपुर के भीखीपुर गांव में अकील अहमद द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि हम सब लोगों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि आसपास के ग़रीब परिवारों की मदद करें और ठण्ड से निजात दिलाने में गरीबों के मददगार बनें। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि अकील अहमद ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से जो यह कदम उठाया है वह सराहनीय है।उन्होंने कहा कि ठण्ड से गरीबों को बचाने की हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि शीतलहर से बचाव के लिये गरीबों बुजुर्गो और जरुरतमंदो को कम्बल वितरित किया जाता है और इस नेक कार्य में हर शख्स को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि जरुरतमंद परिवारों की मदद में हर शख्स को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये।कार्यक्रम के आयोजक अकील अहमद ने कहा कि गांव के तीन सौ से अधिक जरुरतमंद एवं गरीब परिवारों को लाभान्वित किया गया है और यह सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। आयोजक अकील अहमद ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सिंह भदौरिया ने किया। कम्बल वितरण समारोह को ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा ने सम्बोधित किया। इस मौके पर मुरारी लाल मिश्रा, मोहम्मद इलियास, उपेंद्र मिश्रा, नस्सू नेता, मोहम्मद लईक, शिव कैलाश, अनिरुद्ध,जमाल, इजहार, मोहम्मद जमीर, बाबा मसूद, मुन्ने भाई, जहीर अहमद सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत एसडीएम नानपारा ने किया बूथों का स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को तहसील नानपारा की विधानसभा क्षेत्र 283 नानपारा के समस्त मतदेय स्थलों पर मेगा कैंप एवं खुली बैठक का आयोजन किया गया। यह कैंप प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित रहा। इस क्रम में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने भाग संख्या 179 व 180 प्राथमिक विद्यालय मेहरबान नगर तथा भाग संख्या 156 से 160 कृषि उत्पादन मंडी समिति नानपारा का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलए सहित अन्य मतदाता उपस्थित पाए गए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मेगा कैंप का प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है। कैंप में उपस्थित बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली (ड्राफ्ट सूची) को पढ़कर सुनाया गया तथा मतदाताओं को आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जो पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुड़वाना चाहते हैं, वे फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा किसी प्रकार के संशोधन के लिए फॉर्म-8 जमा कर सकते हैं। खुली बैठक के दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने बीएलओ के साथ-साथ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट, लेखपाल, सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

## मनरेगा को बचाने और मजबूत करने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी कांग्रेस : किशोरी लाल शर्मा

अमेठी। कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा और भावनात्मक हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई साधारण सरकारी योजना नही बल्कि करोड़ों ग्रामीण गरीबों के सम्मान, अधिकार और जीविका की संवैधानिक गारंटी है जिसे यूपीए सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के उददेश्य से लागू किया था।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मनरेगा के लागू होने से गांवों से पलायन रुका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और गरीब परिवारों को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला। यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की मजबूत दीवार बनकर उभरी। कांग्रेस के सांसद ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही मनरेगा की आत्मा पर सीधा प्रहार किया।काम की उपलब्धता घटा दी गई मजदूरी भुगतान में देरी को सामान्य बना दिया गया और ग्राम पंचायतों के अधिकार कमजोर कर दिये गये।

# पीएम का पुतला फूंकने की नाकाम कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने की कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर पुतले को अपने कब्जे में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। प्रदर्शन के दौरान अचानक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला निकालकर फूंकने का प्रयास किया। जैसे ही पुतला फूंकने की तैयारी शुरू हुई, पहले से सतर्क आईबी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुतले को छीन लिया और प्रदर्शनकारियों की मंशा पर पानी फ़ेर दिया।

इस पूरी घटना के दौरान कुछ देर के लिए जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि आईबी और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने भी स्थिति को नियंत्रित किया और कार्यकर्ताओं को शांत कराया। सूत्रों की मानें तो खुफिया एजेंसियों को पहले ही इस तरह के प्रदर्शन की सूचना मिल गई थी, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया था। इसी सतर्कता का नतीजा रहा कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के पुतले को फूंके जाने से पहले ही कार्रवाई कर ली गई।

घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में भी हलचल देखी गई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर दबाव न बनाने का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया।

फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची फाइनल होने के बाद पुनः एसआईआर कार्य मौके पर हुआ सूची मिलान का कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची फाइनल होने के बाद आज पुनः मौके पर जाकर सत्यापन कार्य किया गया। इस दौरान बीएलओ ने अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची का भौतिक रूप से मिलान किया और ग्राम पंचायत के सभी सम्मानित नागरिकों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रियातनूर भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों और नागरिकों से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने मताधिकार को सुरक्षित करने के लिए मतदाता सूची की जांच अवश्य करें। हाजी रियातनूर ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में मतदान से वंचित कर सकती है।बीएलओ द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची को पूर्व में सार्वजनिक किया जा चुका है। जिन नागरिकों ने अब तक सूची नहीं देखी है, वे आज अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी के नाम, पिता या पति के नाम, आयु अथवा पते में कोई त्रुटि है, तो उसे तत्काल आवेदन देकर सही कराया जा सकता है।विशेष रूप से उन युवाओं को जागरूक किया गया जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। ऐसे सभी पात्र युवाओं से आग्रह किया गया कि वे नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए बीएलओ के पास आवेदन करें, ताकि आगामी चुनावों में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।अधिकारियों ने बताया कि दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने सूची का मिलान किया और कई लोगों ने सुधार एवं नए नाम जोड़ने के लिए आवेदन भी किए। कार्यक्रम को पारदर्शी और जनहित में बताया गया हैं।

## जाम में उलझा शहर, ई-रिक्शा की अव्यवस्था से दिन भर जूझ रहे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर में जाम से लोगों को निजात नहीं मिल रही है अतिव्यस्त चौराहा के चारों तरफ लोग वाहनों के साथ जाम में फंसे रहते हैं बाजारों का अतिक्रमण और बढ़ते जा रहे ई-रिक्शा जाम का मुख्य कारण बने है कई स्थान पर लोगों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ती और जरूरी वाहन घंटों फंसे रहते शहर में जाम की समस्या आम हो गई है मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस के न होने से भी जाम से निजात नहीं मिल पा रही है शहर में जाम के कारण अस्पताल के मुख्य गेट में एबुलेंस तक को प्रवेश करने में परेशानी रहती है मुख्य मार्गों पर सुबह से शाम तक बुरा हाल रहता ई-रिक्शा के कारण दिनभर वाहन जाम में फंसे रहते स्कूलों की छुट्टी के समय स्कूली वाहनों के साथ बच्चे अपने वाहनों के साथ भी फंसे रहते और जाम के बीच वाहन रेंगते नजर आते लोगों का कहना है कि शहर में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या के कारण बाजारों में जाम लग रहा है एक तो ई-रिक्शा बेहिसाब सड़कों पर हैं। दूसरा इन्हें यातायात नियमों का उल्लघंन करते हुए चलाया जा रहा है।नगर में ई-रिक्शा की भरमार से लोग प्रतिदिन जाम से जूझ रहे हैं। इन पर पुलिस का भी अंकुश नहीं दिख रहा है। इसका खामियाजा पब्लिक को भुगतान पड़ रहा है शहर की सड़कों पर रोज करीब आठ सौ से अधिक ई-रिक्शा फर्राटा भरते हैं ई-रिक्शा की भरमार ने जाम की समस्या बढ़ा दी है शहर का प्रमुख मार्ग स्टेशन चौराहा से कोतवाली पकड़िया चौराहा से तिरंगा चौक सबसे अधिक व्यस्त रहता है क्योंकि इसी मार्ग के किनारे कालेज,नर्सिंग होम,बैंक सहित मुख्य मार्केट है इस वजह से दिन में सुबह 9 बजे से इस मार्ग पर चहल-पहल बढ़ जाती है। दो पहिया व तीन पहिया वाहनों का रेला लग जाता है इस मार्ग पर पूरे दिन ई-रिक्शा चालकों का कब्जा रहता है एक साथ दो कतार में ई-रिक्शा चलते हैं, जिससे पीछे से आने वाले लोगों को आगे बढ़ने में असुविधा का सामना करना पड़ता है क्योंकि ई-रिक्शा के कारण पूरे दिन जाम लगता रहता है जाम में फंसने से लोग व्याकुल हो जाते हैं कई बार तो एंबुलेंस फंस जाती है ई-रिक्शा चालकों का रूट तय करने के लिए कई बार व्यापारी पुलिस के अफसरों से आवाज उठा चुके हैं, लेकिन आज तक उस पर नगर पालिका अमल नहीं कर सकी है।

## बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर पढ़कर सुनाई गई आलेख्य मतदाता सूची

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक छह जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का पठन पाठन दिनांक ग्यारह जनवरी को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में संबंधित बीएलओ. द्वारा अपने अपने मतदेय स्थलों पर किया गया। जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल कठौरा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के मतदेय स्थल पूरब गांव, तुलसीपुर, मिश्रौली, गौरीगंज द्वितीय, जीजीआईसी तथा अमेठी विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल ताला का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सभी ईआरओ,एईआरओ सुपरवाइजर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान संबंधित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल पर फार्म छह, फार्म सात, फार्म आठ एवं घोषणा-पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। साथ ही जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, उनसे फार्म छह एवं घोषणा-पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि जनसामान्य के अवलोकन हेतु आलेख्य मतदाता सूची की पीडीएफ जनपद अमेठी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। यदि किसी निर्वाचक का नाम मतदाता सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार का संशोधन अपेक्षित है। उन्होंने आगे बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी तक निर्धारित है। इस अवधि में मतदाता पदाभिहित स्थलों (मतदान केंद्रों) पर पदाभिहित अधिकारी,बीएलओ से फार्म प्राप्त कर सकते हैं अथवा तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से भी फार्म प्राप्त कर सकते हैं।



### श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता ऋतुराज पासवान

पूरनपुर।सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जोगराजपुर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद परिवार की ओर से रविवार दोपहर दो बजे भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और जय श्रीराम के जयकारों से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता ऋतुराज पासवान विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। शोभा यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जिसमें भगवा ध्वज, भजन-कीर्तन और धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

### गुस्से में घर से निकली युवती पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती परिजनों से हुए विवाद के बाद रविवार सुबह गुस्से में घर से निकल गई थी। युवती के अचानक लापता होने पर परिजन उसकी तलाश में जुट गए। इसी दौरान युवती रास्ते में भटकती हुई पुलिस को मिल गई। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह घर में हुए विवाद के कारण नाराज होकर चली आई है। इसके बाद पुलिस ने युवती की पहचान कर उसके परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलते ही परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने युवती को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता से परिजनों ने राहत की सांस ली। रविवार शाम 5:00 बजे क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया युक्ति को उसके परिजनों के सुपुत्र कर दिया गया है

### छत से गिरी युवती गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर, धक्का देने का आरोप

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव महादिया निवासी एक युवती को छत से धक्का देने का आरोप सामने आया है। इस घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव महादिया निवासी पूरनलाल ने बताया कि उनकी बेटी चन्द्रवती घर की छत पर थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला से उसकी कहासुनी हो गई आरोप है। कि विवाद बढ़ने पर पड़ोसी महिला ने गुस्से में आकर युवती को छत से नीचे धक्का दे दिया धक्का लगने से युवती छत से नीचे गिर गई और उसे गंभीर चोटें आईं परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### मुस्कान डांस अकादमी में 10 दिवसीय विंटर कैंप का समापन

सुल्तानपुर। जीएन रोड स्थित मुस्कान डांस अकादमी में आयोजित 10 दिवसीय विंटर कैंप का समापन उत्साहपूर्वक किया गया। कैंप में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभा दिखाई।

अंतिम दिन बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी (वरिष्ठ महिला निरीक्षक) एवं एडवोकेट अतुल शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन मुस्कान यादव एवं साक्षी जायसवाल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली यादव, चेतन जायसवाल, खुशी यादव, शुभी सिंह एवं नैना गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

### गोमती मित्रों ने किया तीन घंटे श्रमदान,खिली धूप ने किया काम आसान

सुल्तानपुर। लगभग 15 दिन बाद साफ मौसम और खिली धूप ने गोमती मित्र मंडल के साप्ताहिक श्रमदान के दिन गोमती मित्रों का काम न केवल आसान किया बल्कि श्रमदान की समय सीमा भी बढ़ गई,प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 9:00 बजे तक अनवरत चलता रहा व पूरे तट,परिसर,श्राद्ध स्थल व सीता उपवन की सफाई के साथ संपन्न हुआ,प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने गोमती मित्रों को संबोधित करते हुए कहा की आने वाले दिनों में कई मुख्य स्नान पर्व हैं और गोमती मित्रों को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना



होगा,मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने अलग-अलग स्नान पर्व के लिए एक-एक गोमती मित्रों की जिम्मेदारी तय की व हर पल हर क्षण सतर्क रहने को कहा। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,प्रबंधक राजेंद्र शर्मा,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,सेनजीत कसौधन दाऊ,मुन्ना सोनी,मुन्ना पाठक,संत कुमार प्रधान,राकेश सिंह दद्दू,अजय प्रताप सिंह,राकेश मिश्रा,युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, रामु सोनी, आलोक तिवारी,ओम प्रकाश पांडे,अरुण गुप्ता,अभय मिश्रा,श्याम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# धरना स्तर पर पहुंचे डीएम की वार्ता धरना हुआ समाप्त

**प्रधान विवेकानंद सरकार ने जिलाधिकारी के समक्ष रखी बाढ़ से संबंधित समस्या कहा कि 2024 में कमिश्नर द्वारा गठित कमेटी के अनुसार अभी तक नहीं हुआ कोई कार्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कलीनगर तथा बाढ़ खण्ड पीलीभीत के अधिकारियो द्वारा ग्राम नौजलहा नकटाह के ग्रामवासियों द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर पर शारदा नदी के समीप हो रहे अनिश्चित हड़ताल को समाप्त करने के लिए तथा नदी से हो रही समस्या का निरीक्षण किया गया।ग्रामवासियों ने अपनी व्यथा बताते हुए ज़िलाधिकारी से इंडो नेपाल बॉर्डर पर बने रिवर ट्रेनिंग वर्क के क्षतिग्रस्त भाग के निर्माण के कार्य को करने के लिये कहा गया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बाढ़ खण्ड के अभियंताओं से प्रस्तावित प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली गई है,उसके बाद प्रमुख सचिव सिंचाई से मौके पर ही दूरभाष से वार्ता की गई और कार्य करवाने के ग्रामवासियों को आश्वत किया गया हैं।जिसके ऊपरांत ग्रामवासियों द्वारा किये जा रहे धरना को समाप्त किया गया है द्य इसके पूर्व जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई को पत्र से भी अवगत करा दिया गया है तथा सांसद एवं विधायक द्वारा भी उच्च स्तर पर भी परियोजना स्वीकृत कराने हेतु वार्ता एवं पत्र प्रेषित किया जा रहा है द्य परियोजना की स्वीकृति के उपरांत कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करवाया जाएगा इस मौके पर उप जिला अधिकारी कलीनगर,विद्यायक बाबूराम,तहसीलदार वीरेंद्र कुमार,ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार सहित कई उच्च अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

### चेयरमैन ने नगर संकीर्तन पर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल,सभासदों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में सिख संगत की ओर से निकाले गए नगर संकीर्तन का एकता सरोवर चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रा में चल रहे पंच प्यारे जत्थे एवं गुरु ग्रंथ साहिब जी के रथ पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा व सम्मान प्रकट किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि नगर संकीर्तन के मार्ग पर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सुबह से ही व्यापक साफ-सफाई कराई गई। साथ ही मार्ग को सुंदर बनाने के लिए सड़कों के दोनों ओर चूना डालकर सजावट की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, विपिन कुमार राजू फौजी, राशिद हुसैन, विकास बाबू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे है।

## विकास कार्यक्रमों में लापरवाही पर जिला स्तरीय अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। बीते माह दिसम्बर की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सम्बंधित विकास कार्यक्रमों की प्रगति पुस्तिका में जनपद अमेठी के विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित प्रदर्शन न किये जाने को मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा अत्यंत गम्भीरता से लिया गया है। उक्त प्रगति रिपोर्ट के अनुसार समाज कल्याण विभाग में बी एवं डी ग्रेड, पंचायती राज विभाग में सी ग्रेड, उद्योग विभाग में बी एवं डी ग्रेड, नियोजन विभाग में बी ग्रेड, महिला एवं बाल विकास विभाग में बी ग्रेड तथा मत्स्य विभाग में डी ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं पाया गया।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है तथा इसमें जनपद की रैंकिंग सीधे तौर पर विभागीय कार्यों की गुणवत्ता, लक्ष्य उपलब्धि एवं सतत अनुश्रवण को परिलक्षित करती है। उक्त ग्रेडिंग से यह परिलक्षित होता है कि सम्बंधित कार्यक्रमों में कहीं न कहीं लक्ष्य प्राप्ति में शिथिलता, अनुश्रवण में कमी एवं विभागीय समन्वय का अभाव रहा है जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जा सकता। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों का माह जनवरी का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने का निर्देश निर्गत किया गया है। यह निर्णय इस स्पष्ट निर्देश के साथ लिया गया है कि जब तक सम्बंधित विभागों की ग्रेडिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर ए ग्रेड में नही आ जाती तब तक उक्त अधिकारियों का वेतन बाधित रहेगा।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यक्रमों में अपेक्षित सतर्कता, नियमित समीक्षा एवं लक्ष्य आधारित कार्य निष्पादन नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद की ग्रेडिंग प्रभावित हुई। यह कार्रवाई अधिकारियों में उत्तरदायित्वबोध सुनिश्चित करने तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से की गई है। सीडीओ ने बताया कि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्या, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, उपायुक्त उद्योग दिनेश चौरसिया,जिला अर्थ एवं संख्या कल्याण अधिकारी (बी) पन्ना लाल,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी (ए) नीरज श्रीवास्तव,जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव,सहायक निरीक्षक (मत्स्य) अनिल कुमार का वेतन रोका गया है।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागों की कार्ययोजना पुनः तैयार कर, सूचकांकों के अनुसार बिंदुवार समीक्षा सुनिश्चित करें, फील्ड स्तर पर कार्यों की प्रगति बढ़ाएं तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग को शीघ्रातिशीघ्र ए ग्रेड में लाने हेतु ठोस एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही करें।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। दूबेपुर विकास खंड के बीबीगंज (गोविंदापुर) स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधान उपेन्द्र तिवारी (मुन्ना तिवारी) के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश पाण्डेय (बजरंगी) तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम बहादुर पाण्डेय उपस्थित रहे। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर धर्म और समुदाय के वास्तविक जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और यह कार्य जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार तिवारी 'राजा भैया' (तिवारीपुर हसनपुर), पूर्व प्रधान उपेन्द्र तिवारी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ला, भाजपा नेता संजय तिवारी, पत्रकार राजेश तिवारी (सुल्तानपुर) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पत्रकार संस्कार त्रिपाठी, रवी शंकर तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अमरदीप तिवारी, विभोर तिवारी, महेश चंद्र तिवारी (एडवोकेट), सुमित तिवारी, हर्षित तिवारी (मोनू), रजत तिवारी, आयुष तिवारी (कल्लू), अतुल तिवारी, शुभम तिवारी, एवं राजीव तिवारी आदि क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# दूषित पेयजल


यह विडंबना ही है कि हमारे नागरिक प्रशासन का नियामक तंत्र आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से मुक्त नहीं होता। यदि समय रहते संवेदनशील या फिर घातक साबित होने वाली स्थिति व परिस्थिति पर नजर रखी जाए तो जनधन की हानि टाली भी जा सकती है। हाल ही में दूषित पेयजल से इंदौर में हुई जन हानि के बाद रोहतक और झज्जर की उन चेतावनियों की अनदेखी नहीं की जा सकती,जिसमें नागरिक घरों में आने वाले गंदे व बदबूदार पानी की शिकायत करते रहे हैं। निश्चय ही इस स्थिति को जन स्वास्थ्य से जुड़े आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों की शिकायत की जांच-पड़ताल कर अविलंब कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद जवाबदेही न निभाने और एक-दूसरे विभाग पर दोष मढ़ने का पुराना सिलसिला ही अकसर सामने आता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर की हालिया दूषित पेयजल की त्रासदी में नगरपालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी के सेवन से कई लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विडंबना यह है कि वहां भी नागरिकों की शुरुआती चेतावनियों को सामान्य शिकायतों के रूप में देखकर खारिज कर दिया गया था। लेकिन एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत के बाद अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इंदौर में पेयजल पाइपलाइनों में सीवेज का रिसाव हुआ था। यह स्वीकारोक्ति भी तब सामने आई जब बड़ा नुकसान हो चुका था। लगता है कि रोहतक व झज्जर भी इसी तरह के आसन्न खतरे के मुहाने पर खड़े हैं। वैसे देखा जाए तो देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आने वाले ऐसे मामले न तो रहस्यमय हैं और न ही ये कोई नई बात ही है। बुनियादी ढांचागत व्यवस्था का जर्जर होना, सीवर लाइनों में रिसाव, अनियोजित शहरी विस्तार और नागरिक एजेंसियों के बीच आवश्यक समन्वय का अभाव, अकसर ऐसी स्थिति पैदा कर देता है, जहां सीवेज और पीने का पानी खतरनाक रूप से एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न भागों में स्थानीय नागरिक जब-तब आरोप लगाते हैं कि पीने के पानी में सीवर का पानी मिलने की आशंका है। ऐसे में शासन-प्रशासन की पहली प्रतिक्रिया, इसके सत्यापन, पाइप लाइन की मरम्मत और वैकल्पिक पेयजल उपलब्ध कराने की होनी चाहिए। ऐसे में स्वास्थ्य संकट को दूर करने और अपनी बात मनवाने के लिये यदि नागरिकों को सड़कों पर उतरना पड़ता है तो यह शासन-प्रशासन की विफलता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि जल प्रदूषण का सबसे बुरा असर समाज के कमजोर वर्ग पर ही पड़ता है। ऐसे में बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग इसकी चपेट में आते हैं। निर्विवाद रूप से दूषित जल से डायरिया, हेपेटाइटिस और अन्य दूषित जल जनित बीमारियों का प्रभाव तेजी से फैलता है। जिसके चलते अफरा-तफरी के बीच अक्सर स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाती है। ऐसे में तंत्र की निष्क्रियता की कीमत आम लोगों को न केवल अस्पताल के भारी-भरकम बिलों के रूप में, बल्कि जानमाल के नुकसान और प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास में आई कमी के रूप में भी चुकानी पड़ती है। निश्चित रूप से दूषित पाइपलाइनों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। व्यापक स्तर पर प्रभावित क्षेत्र में जल स्रोतों का परीक्षण होना चाहिए। साथ ही यह भी जरूरी है कि प्रभावित क्षेत्र में व्यापक स्तर पर लिए गए पानी के नमूनों की जांच के परिणाम भी सार्वजनिक किए जाएं। इसके अलावा आवश्यक है कि दूषित सिस्टम के सुरक्षित प्रमाणित होने तक सुरक्षित वैकल्पिक जल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिम्मेदारी तय की जाए, न कि बांटी जानी चाहिए। सही मायनों में शहरी प्रशासन की कुशलता को स्वच्छ जल, स्वच्छता और जन-सुरक्षा जैसी बुनियादी बातों के मूल्यांकन के आधार पर मापा जाना चाहिए। ऐसे में इंदौर के घटनाक्रम को एक चेतावनी मानते हुए रोहतक और झज्जर के मामले में तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।

# यंग लीडर्स डायलॉग और युवा शक्ति से विकसित भारत

**स्वामी विवेकानंद केवल भारत की युवा चेतना के जागरण के सबसे प्रखर उद्घोषक हैं। उन्होंने युवाओं की बुद्धि, शक्ति और आत्मविश्वास को पहचानते हुए उन्हें यह अमर संदेश दिया था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। यह वाक्य केवल राष्ट्र निर्माण का सूत्र है। विवेकानंद का विश्वास था कि युवा केवल समाज का हिस्सा नहीं होते, वे ही परिवर्तन के वाहक होते हैं। इसी कारण उन्होंने युवाओं से अपार आशाएं रखीं और उन्हें भारत के भविष्य का शिल्पकार माना। राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी कालजयी कृति संस्कृति के चार अध्याय में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक योगदान को अत्यंत सटीक शब्दों में अभिव्यक्त किया है। दिनकर लिखते हैं कि अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से प्रकट हुआ। विवेकानंद नए भारत की दिशा स्पष्ट करके के साथ स्वयं वह सेतु बने, जहां प्राचीन भारत की आध्यात्मिक परंपरा और आधुनिक भारत की कर्मठ चेतना एक-दूसरे से जुड़ती है। उनके विचारों में परंपरा का गर्व भी है और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि भी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन क्षण में हम उस महान विचारक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की जीवन ऊर्जा और सामाजिक प्रगति की मूल प्रेरक शक्ति माना। उन्होंने यह सिखाया कि राष्ट्र का उत्थान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जाग्रत, चरित्रवान और सेवा-भाव से प्रेरित युवाओं से होता है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा पीढ़ी की असीम संभावनाओं को पहचाना है और उन्हें सही दिशा देने का संकल्प लिया है।**

यह कोई साधारण जनवरी नहीं है। यह वह समय है जब राष्ट्र अपनी सबसे बड़ी पूंजी, यानी युवा शक्ति से सीधा संवाद करने जा रहा है। प्रश्न सरल है, पर गहन है। क्या हम केवल भविष्य की बातें करेंगे या भविष्य का निर्माण भी करेंगे। इसी प्रश्न के केंद्र में 12 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाला विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग खड़ा है और इसी संवाद की धड़कन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह आवाज सुनाई देती है जो युवाओं उनके साथ मिलकर राष्ट्र निर्माण की यात्रा तय करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि अद्भुत जोश और बेमिसाल जज्बे से भरी हमारी युवा शक्ति सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के लिए संकल्पबद्ध है। यह कथन देखा जाए तो समकालीन भारत की राजनीतिक और सामाजिक चेतना का सार है। यह वक्तव्य प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक वक्तव्यों के संकलन Exam Warriors में युवाओं के संदर्भ में व्यक्त विचारों की निरंतरता को दर्शाता है (लेखकः नरेंद्र मोदी, प्रकाशकः पेंग्विन इंडिया, संस्करण 2018, पृष्ठ 23)। 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस संवाद में प्रधानमंत्री देशभर से चयनित लगभग तीन हजार युवा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समुदाय के युवा प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। यह संवाद इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भारत का युवा सिर्फ सुनने वाला वर्ग नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार है। यही कारण है कि इस मंच पर युवा नेता शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और शासन जैसे विषयों पर अपना संवाद करने आज प्रखरता के साथ संवाद करने आगे आ रहे हैं । अब प्रश्न उठता है कि 12 जनवरी ही क्यों। इसका उत्तर भारत की राष्ट्रीमय चेतना से जुड़ा है। 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद भारत के लिए सिर्फ एक संन्यासी नहीं थे, वे भारत की युवा चेतना के शिल्पकार हैं। उनका प्रसिद्ध कथन ल्लउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए आज भी युवाओं के लिए जीवन मंत्र है। यह उद्धरण स्वामी विवेकानंद की पुस्तक Lectures from Colombo to Almora में संकलित है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, अद्वैत आश्रम प्रकाशन, कोलकाता, पृष्ठ 16)। स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि युवा समाज की सबसे शक्तिशाली ऊर्जा होते हैं। उन्होंने कहा था कि युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें होनी चाहिए, जिनका हृदय वज्र तुल्य संकल्प से भरा हो। यह विचार The Complete Works of Swami Vivekananda के खंड 3 में युवाओं को संबोधित व्याख्यानों में मिलता है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, अद्वैत आश्रम, खंड 3, पृष्ठ 242)। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत की जो परिकल्पना प्रस्तुत की जा रही है, वह विवेकानंद के उसी वज्र संकल्प का आधुनिक रूप है। आत्मनिर्भर, स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर किया जा रहा निवेश इस विचार को मजबूत करता है कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। यह वही विचार है जिसे विवेकानंद ने कहा था कि कमजोरी मृत्यु है और शक्ति ही जीवन है, जिसका उल्लेख The Complete Works of Swami Vivekananda, खंड 1, पृष्ठ 18 पर मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी विवेकानंद के विचारों की ही प्रतिध्वनि है। स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा जानकारियों का बोझ नहीं होनी चाहिए, वह चरित्र निर्माण का साधन बने। यह कथन My Idea of Education नामक संकलन में मिलता है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण मिशन, पृष्ठ 32)।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वामी विवेकानंद के विषय में लिखा था कि स्वामीजी इसलिए महान हैं क्योंकि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान के बीच सामंजस्य स्थापित किया। यह उद्धरण नेताजी की पुस्तक The Indian Struggle में विवेकानंद पर लिखी टिप्पणी से उद्धृत है (लेखकः सुभाष चंद्र बोस, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृष्ठ




288)। प्रसिद्ध इतिहासकार ए. एल. बाशम कहते हैं कि स्वामी विवेकानंद को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निर्माताओं में याद किया जाएगा। यह टिप्पणी उनकी पुस्तक The Wonder That Was India के उपसंहार भाग में मिलती है (लेखकः ए. एल. बाशम, पेंग्विन बुक्स, पृष्ठ 562)। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को निर्भय बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सारी शक्ति मनुष्य के भीतर है और यह सोच कि हम कमजोर हैं, सबसे बड़ा भ्रम है। यह विचार The Complete Works of Swami Vivekananda, खंड 2, पृष्ठ 299 में स्पष्ट रूप से मिलता है। वे चाहते थे कि युवा सामाजिक सेवा में उतरें, समाज के सबसे कमजोर वर्ग को अपना भगवान मानें और सेवा को साधना समझें। आज विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग उसी सेवा और साधना को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है। डिजाइन फॉर भारत और टेक फॉर विकसित भारत जैसी पहलें यह बताती हैं कि तकनीक अब सिर्फ सुविधा नहीं रही है या हो सकती है, यह इससे कहीं आगे सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन गई है। आज कहना यही होगा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत की युवा चेतना के जागरण के सबसे प्रखर उद्घोषक हैं। उन्होंने युवाओं की बुद्धि, शक्ति और आत्मविश्वास को पहचानते हुए उन्हें यह अमर संदेश दिया था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। यह वाक्य केवल राष्ट्र निर्माण का सूत्र है। विवेकानंद का विश्वास था कि युवा केवल समाज का हिस्सा नहीं होते, वे ही परिवर्तन के वाहक होते हैं। इसी कारण उन्होंने युवाओं से अपार आशाएं रखीं और उन्हें भारत के भविष्य का शिल्पकार माना। राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी कालजयी कृति संस्कृति के चार अध्याय में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक योगदान को अत्यंत सटीक शब्दों में अभिव्यक्त किया है। दिनकर लिखते हैं कि अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से प्रकट हुआ। विवेकानंद नए भारत की दिशा स्पष्ट करके के साथ स्वयं वह सेतु बने, जहां प्राचीन भारत की आध्यात्मिक परंपरा और आधुनिक भारत की कर्मठ चेतना एक-दूसरे से जुड़ती है। उनके विचारों में परंपरा का गर्व भी है और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि भी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन क्षण में हम उस महान विचारक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की जीवन ऊर्जा और सामाजिक प्रगति की मूल प्रेरक शक्ति माना। उन्होंने यह सिखाया कि राष्ट्र का उत्थान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जाग्रत, चरित्रवान और सेवा-भाव से प्रेरित युवाओं से होता है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा पीढ़ी की असीम संभावनाओं को पहचाना है और उन्हें सही दिशा देने का संकल्प लिया है। उन्होंने युवाओं को ज्ञान, कौशल और सेवा के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उनके दृष्टिकोण में "GYAN" केवल एक शब्द नहीं, बल्कि समावेशी विकास का दर्शन है, जहां जी गरीबों के कल्याण का प्रतीक है, वाई युवा सशक्तीकरण का संकल्प है, ए अन्नदाताओं और खाद्य प्रदाताओं के समर्थन का भाव है और एन नारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वस्तुतः हमारे प्रधानमंत्री मोदी का भी यही विश्वास है कि जब युवा अपने सामर्थ्य को पहचानते हैं, तो राष्ट्र स्वयं नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होता है। अमृत काल में विकसित भारत की यात्रा में 12 जनवरी 2026 के संदर्भ में कहना होगा यह युवा आत्मविश्वास, राष्ट्रीय संकल्प और विवेकानंद के स्वप्न का जीवंत उत्सव है। यही उस महान संन्यासी को सच्ची श्रद्धांजलि है और यही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला भी है। - डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# प्रवासियों और शरणार्थियों को खतरा क्यों मान रही है दुनिया?

**कौशिक बसु**

नए साल में भी दुनिया की तस्वीर स्याह ही नजर आती है। बढ़ते संघर्ष और उभरता सत्तावाद संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। बढ़ती विषमता आर्थिक असुरक्षा को गहरा रही है। लेकिन सबसे अधिक हतोत्साहित करने वाली घटना 'अदर्स' यानी दूसरों के प्रति बढ़ती नफरत है। दुनिया के तमाम देशों में राजनेता प्रवासियों और शरणार्थियों को एक खतरे के रूप में पेश कर रहे हैं। यह स्थिति डब्ल्यूएच ऑडेन की कविता 'रिफ्यूजी ब्लूज' की याद दिलाती है। द्वितीय विश्व युद्ध की पूर्वसंध्या पर लिखी इस कविता में एक सार्वजनिक सभा में वक्ता चेतावनी देता है कि 'अगर हम उन्हें भीतर आने देंगे, तो वे हमारी रोजी-रोटी छीन लेंगे।' इस 'जेनोफोबिया' का उभार किसी शून्य में नहीं हो रहा है। यह एक गहरे संरचनात्मक बदलाव से प्रेरित है। हम भूल जाते हैं कि राष्ट्र-राज्य एक अपेक्षाकृत नया विचार है, जो उस समय उभरा था जब यात्राएं धीमी और सीमित हुआ करती थीं। उस दौर में दुनिया को अलग-अलग समुदायों के समूह के रूप में देखना तार्किक था। तब हर समुदाय अपने सदस्यों के कल्याण के लिए स्वयं जिम्मेदार था। इन इकाइयों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए एक साझा पहचान आवश्यक थी और इसी के लिए राष्ट्रवाद उभरा। लेकिन वैश्वीकरण ने इस व्यवस्था पर लगातार दबाव डाला है। वस्तुओं, पूंजी, सूचनाओं और लोगों की अपेक्षाकृत मुक्त आवाजाही- और उसके साथ डिजिटल क्रांति- ने कंपनियों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को सीमाओं के पार जुड़ने में सक्षम बना दिया है। विडंबना यह है कि यही बात आज के धुर-राष्ट्रवाद को हवा दे रही है। यह उस मॉडल को पुनर्जीवित करने का प्रयास है, जिसे दुनिया पीछे छोड़ चुकी है। हम इसे पहले भी देख चुके हैं। नस्लीय श्रेष्ठता के दावे किसी जमाने में सामान्य माने जाते थे, लेकिन आज वे त्याज्य समझे जाते हैं। लेकिन आज भी लोगों का अपने-अपने देशों को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बताना आम है, जबकि समय के साथ राष्ट्रीय सर्वोच्चता के ऐसे दावे भी उतने ही असभ्य और अक्षम्य प्रतीत होंगे। इस बदलाव की रूपरेखाएं दशकों पहले ही दिखाई देने लगी थीं। 1992 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'द ट्वाइलाइट ऑफ सॉवरेन्टी' में वॉल्टर रिस्टन ने भविष्यवाणी की थी कि राष्ट्रीय सरकारें धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खो देंगी। उनके अनुसार, हमारा सामूहिक भविष्य लगातार उन लोगों के हाथों में जा रहा है, जो दूरसंचार और कंप्यूटरों के जरिये पूरे ग्रह को जोड़ रहे हैं और उन बैंकरों के हाथों में भी, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक ढांचे के माध्यम से पूंजी का लेनदेन करते हैं। जैसे एक न्यायपूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए दासता और नस्लीय श्रेष्ठता की अस्वीकृति आवश्यक थी, उसी तरह आने वाले समय में राष्ट्रवाद के अहंकार को त्यागना भी अनिवार्य हो सकता है। रबींद्रनाथ ठाकुर बार-बार सीमाओं से मुक्त दुनिया की कल्पना करते रहे थे। 1917 के एक निबंध में उन्होंने तर्क दिया था कि भले ही राष्ट्र-राज्य एक व्यावहारिक आवश्यकता बना रहे, लेकिन हमें अंततः उस दिन की आकांक्षा करनी चाहिए जब हमारी प्राथमिक पहचान केवल 'मानव' हो। पं. नेहरू ने भी इस दृष्टि की शक्ति को पहचाना था। लेकिन भले ही हम सार्वभौमिकता के नैतिक पक्ष को स्वीकार कर लें और यह मान लें कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कितनी गहराई से आपस में जुड़ चुकी है, फिर भी सवाल बना रहता है कि क्या सीमाओं से मुक्त दुनिया वास्तव में संभव है? आखिरकार, राष्ट्रवाद ने आगे बढ़ने और उत्कृष्टता हासिल करने की एक शक्तिशाली प्रेरणा भी तो देशों को दी है, जिसने विकास और इनोवेशन को गति देने में मदद की है। तीसरी शताब्दी ईसा-पूर्व के यूनानी स्टोइक दार्शनिक क्रिसिप्पस ऑफ सोली एक उपयोगी दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले क्रिसिप्पस नैतिक जीवन को समझाने के लिए प्रतिस्पर्धी खेलों का रूपक इस्तेमाल करते थे। अमेरिकी दार्शनिक टैड ब्रेनन के शब्दों में, वे धक्का-मुक्की रहित नैतिकता के पक्षधर थे, जिसका अर्थ यह है कि प्रतिस्पर्धी जीतने का प्रयास करें, लेकिन केवल खेल के नियमों के भीतर रहकर। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा- मित्रता, सहयोग और साझा उद्देश्य के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है। निस्संदेह, सीमाहीन दुनिया अभी दूर का सपना है। फिलहाल, हम जो कर सकते हैं, वह है मौजूदा सुपरनेशनल संस्थाओं को मजबूत करना- जैसे संयुक्त राष्ट्र, ब्रेटन वुड्स संस्थान और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय। ऐसे समय में, जब राष्ट्रवाद अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव को कमजोर कर रहा है, इन संस्थाओं की मजबूती अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें एक ऐसी दुनिया की आकांक्षा को संजोना होगा, जहां किसी को भी 'दूसरा' न माना जाए, और जहां शरणार्थियों तथा प्रवासियों को हमारी रोजी-रोटी छीनने वाले अमानवीय खतरों के रूप में चित्रित न किया जाए।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए फायदेमंद है चांदी के बर्तन में खाना

जब चांदी के बर्तनों की बात आती है, तो वह हमारे दिमाग में रॉयल्टी की निशानी जैसा लगता है। हम सबको अक्सर अमीर और शाही लोगों को ही चांदी की थाली में खाना खाने की कल्पना करते देखते हैं। लेकिन आमतौर पर लोग चांदी की प्लेटों का उपयोग सिर्फ अपने धन और वर्ग को दिखाने के लिए करते हैं। लेकिन सच्चाई कुछ और है, प्राचीन काल में लोग किसी अन्य कारण से चांदी की प्लेटों में खाना खाते थे। चांदी की प्लेट न केवल धन और शौहरत के लिए, बल्कि आपकी सेहत के लिए अच्छी होती है। यदि आप चांदी के बर्तन में खाना खाते हैं, तो यह लंबे समय के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए यहां हम आपको चांदी की थाली में खाना खाने के फायदे बताते हैं। खाना परोसने के बाद खाना खाने में थोड़ा समय लगता है। ऐसे में विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के बर्तन में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो खाने को हवा में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया से बचाए रखते हैं। इसलिए, चांदी के बर्तनों में खाना आपके लिए सेहतमंद माना जाता है। चांदी के बर्तनों में खाना खाने से आपके पाचन स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। क्योंकि चांदी का आपके शरीर पर शीतलमय प्रभाव पड़ता है। जिससे आपका पाचन सुचारू रहता है और शरीर में मेटाबॉल्जिम को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इस तरह चांदी आपको दस्त, कब्ज और पेट दर्द जैसी बीमारियों के लिए अतिसंवेदनशील नहीं बनाती है। चांदी के बर्तन बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करने में मदद करने के साथ-साथ आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के कमजोर होने से भी बचाते हैं। यह आपको बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। चांझी के बर्तन में खाना खाने से आपके शरीर को कई पोषक तत्व भी मिलते हैं, जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि चांदी के बर्तनों में खाना रखने से वह लंबे समय तक सही रखता है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण रोगाणुओं को मारते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खाना लंबे समय तक सुरक्षित और सही रहता है।

## धर्म मंत्र

# भारत ही नहीं चीन और मिस्र में भी होती है सूर्य उपासना

इस क्रम में सबसे पहले जानें कोणार्क के सूर्य मंदिर के बारे में जिसे अंग्रेज़ी में ब्लैक पगोडा भी कहा जाता है। ये मंदिर भारत के उड़ीसा राज्य के पुरी में है। इसे लाल बलुआ पत्थर एवं काले ग्रेनाइट पत्थर से 1236-1264 ई.पू. में गंग वंश के राजा नृसिंहदेव ने बनवाया था। इसे यूनेस्को ने 1984 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था। कलिंग शैली में निर्मित यह मंदिर एक बारह जोड़ी चक्रों वाले, सात घोड़ों से खींचे जाते सूर्य देव के रथ के रूप में बना है। सूर्य को यहां बिरंचि नारायण कहा जाता था। चीन के बीजिंग में 1500 ई. में मियांग राजवंश के जियाजिंग सम्राट के बनवाये हुए सूर्य के मंदिर हैं। इस सूर्य मंदिर का प्रयोग इंपीरियल अदालत द्वारा पूजा के विस्तृत कृत्यों के लिए किया जाता था जिसमें उपवास, प्रार्थना, नाच और जानवरों की बलि भी होती थी। इस मंदिर की सबसे खास बात है लाल रंग का प्रयोग जो सूर्य के साथ जोड़ कर देखा जाता है। इसमें भोजन और शराब परोसने के लिए लाल बर्तन, रेड वाइन और सम्राट के लिए लाल कपड़े शामिल थे। मंदिर अब एक सार्वजनिक पार्क का हिस्सा है। प्राचीन मिस्र में, कई सूर्य मंदिर थे इन पुरानी स्मारकों में से अबू सिंबेल में रमसे के महान मंदिर, और पांचवें राजवंश द्वारा निर्मित परिसर शामिल थे। इनमें से केवल दो ही शेष बचे हैं,यूजरकैफ़ और न्यसेर। पांचवीं राजवंश के इन मंदिरों में आम तौर पर तीन खास चीजें होती थीं।

## पर्यटन



# मंदिरों के महागढ़ नाम से मशहूर जूनागढ़

गिरनार पहाड़ियों की गोद में बसा हुआ जूनागढ़ गुजरात का सबसे ऊंचा स्थल है। इस क्षेत्र में आठ सौ से ज्यादा हिंदू और जैन मंदिर हैं, इसलिए इसे मंदिरों का महागढ़ भी कहा जा सकता है। जानेंगे यहां आएं तो किन जगहों की सैर को बिल्कुल न करें मिस। गिरनार की तलहटी में स्थित और नागा साधुओं का संसार माना जाने वाला यह शिव मंदिर महाशिवरात्रि के दिन एक मिनी कुंभ मेले में परिवर्तित हो जाता है। विभिन्न जगहों से आए नागा साधु मंदिर में शिवजी की पूजा करते हैं और उनके हर-हर महादेव की नाद से गिरनार घाटी गूंज उठती है। इसे अघोरियों का मंदिर माना जाता है। लाल आंखों, बंधी हुई जटाओं और शरीर पर मली हुई भस्म के साथ अघोरी साधुओं की टोली स्वयं शिवजी के भूतों की टोली जैसी प्रतीत होती है। महाकाली और शिवजी के भक्त भवनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद यहां जरूर आते हैं। गिरनार के सबसे ऊंचे शिखर पर विराजमान श्री दत्तात्रेय का छोटा सा मंदिर बादलों भरी घाटी में खिले फूल सा प्रतीत होता है। गुजरात और राजस्थान तो अपनी वाव और बावलियों के लिए मशहूर है, किंतु सोरठ में ज्यादातर कुओं यानि वाव की कहानियां मजेदार हैं। नौ परतों वाले इस गहरे कुएं में पत्थरों की सीढ़ियां उतर कर जाना पड़ता है। इसके निर्माण से जुड़ी कहानी है कि महीनों की खुदाई के बाद भी जब कुएं में पानी नहीं निकला, तब एक ज्योतिषी की सलाह पर दो बहनों अड़ी औक कड़ी ने कुएं में कूदकर बलिदान देने का फैसला किया था। बलिदान के साथ ही कुंआ पानी से भर गया और आज तक यह सूखा नहीं है। दोनों बहनों की याद में कोई पास के पेड़ पर चूड़ियां और चुनरी बांधता है तो कोई प्रार्थना करता है। उपरकोट जूनागढ़ शहर का स्थापना से पहले गुजरात में रजवाड़े हुआ करते थे और सौराष्ट्र प्रदेश की यह नगर सोरठ राज्य का एक अहम हिस्सा थी। मौर्य राजाओं द्वारा बनवाए गए इस किले को हर राजवंश ने अपने वास्तुशिल्पों से तराशा और इस किले को अभेध गढ़ का खिताब दिलाया। जिन दुश्मनों ने किले की दीवार भेदने की कोशिश की, वे नीचे बनई खाई में गिरकर मगमच्छों का भोजन बन गए।

# डीसीएम, रोड रोलर में भिड़त , रोलर चालक की दर्दनाक मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहम्मदपुर कीरत चौराहे के पास डीसीएम और रोड रोलर की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में करमुल्ला पुर थाना सफदरगंज निवासी चालक गंभीर रूप से घायल हुआ।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को सीएचसी रामसनेहीघाट ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. रमेश चंद्र ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान श्यामू वर्मा की मौत हुई।मिली जानकारी अनुसार श्यामू वर्मा रोज की तरह गड़रियनपुरवा चौराहे से मऊगोरपुर की ओर सड़क निर्माण कार्य के लिए रोलर लेकर जा रहा था ,तभी मोहम्मद पुर के पास ये हादसा हो गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# आदर्श निर्वाचक नामावली मतदाताओं ने किया अवलोकन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निंदुरा बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को क्षेत्र के विभिन्न पोलिंग स्टेशनों पर निर्धारित कार्यवाही की गई। इस क्रम में कस्बा टिकैतगंज, कुर्सी, बाबागंज सहित अन्य मतदान स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची से संबंधित कार्य संपन्न कराया गया।

निर्वाचन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार 11 जनवरी 2026 को सभी मतदान स्थलों पर बीएलओ की उपस्थिति में मतदाताओं को आदर्श निर्वाचक नामावली का अवलोकन कराया गया। इस दौरान मतदाता अपने नाम की जांच कर सके तथा नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन कराने एवं पते में परिवर्तन से संबंधित आपत्तियां दर्ज कराईं। निर्वाचन विभाग के अनुसार दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया छः जनवरी से प्रारंभ होकर छः फरवरी 2026 तक चलेगी, जबकि दावे-आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत छः मार्च 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।मतदाताओं ने पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचकर अपने नामों की जांच। प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी प्रविष्टियों को सही कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

## जन आरोग्य मेला, सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मेला लगा, जहां मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की गईं।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 37 मरीजों की जांच की गई। इसी तरह, महमूदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 34 और सैदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 48 मरीजों को देखा गया। इन सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित दवाएं दी गईं।बदोसराय केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा और वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। महमूदाबाद में डॉ. अन्विता पांडे, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा और वार्ड ब्वॉय राजबहादुर ने सेवाएं दीं। सैदनपुर में डॉ. संजय गुप्ता, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ ने मरीजों की जांच की।इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण जुकाम और बुखार जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। इसलिए सभी लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उबला हुआ पानी पिएं और बार-बार बुखार आने पर अपनी जांच अवश्य कराएं ताकि समय पर उपचार मिल सके।

## महंत राजीव दास का सफदरगंज में भव्य स्वागत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमानगढ़ी महंत राजूदास जी महाराज का लखनऊ जाते समय सफदरगंज चौराहे पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला प्रभारी छोटा योगी मोहित हिंदू की अगुवाई मे जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान महंत राजूदास के भक्तो के जयश्रीराम के नारे से पुरा चौराहा गुंजाम्यान हो गया। बताते चले कि रविवार को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अयोध्या हनुमानगढ़ी महंत राजूदास जी महाराज लखनऊ जा रहे थे जिसकी जानकारी हिंदु सुरक्षा सेवा संघ के तमाम कार्यकर्ता सफदरगंज चौराहे पर पहुंचकर जिला प्रभारी छोटा योगी मोहित हिंदु की अगुवाई मे माला पहनाकर स्वागत किया इस दौरान भक्तो के जयश्रीराम के जयकारे से पुरा चौराहा गुंजामयान हो गया। स्वागत के दौरान पवन विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा ,लव कुश कुमार वर्मा आकाश वर्मा मन्नू रावत सनत वर्मा गर्वित जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## उप्र प्रधानाचार्य परिषद इकाई, गठित , दिनेश बने जिला अध्यक्ष

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप्र प्रधानाचार्य परिषद जिला ईकाइ की कार्यकारिणी का चुनाव अयोध्या मण्डल के मण्डलीय मंत्री डा. विनोद कुमार सिंह के संयोयकत्व में इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रधानाचार्य परिषद संरक्षक-जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड डा. रामकुमार गिरि व पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ल तथा उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के नव निर्वाचित प्रान्तीय संगठन मंत्री अशोक त्रिपाठी की देखरेख में चुनाव से पूर्व प्रधानाचार्यों द्वारा शैक्षिक समस्याओं व नवीन कार्यकारिणी के गठन पर गहन चर्चा हुई, फिर जागृति इण्टर कालेज, सूरतगंज प्रधानाचार्य डा0रमेशचन्द्रओझा ने नवीन कार्यकारिणी के गठन का नाम सहित प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। सर्वसम्मति से आजाद इण्डस्ट्रियल इण्टर कालेज, फतेहपुर प्रधानाचार्य व शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा जिला संयोजक दिनेशचन्द्र पाण्डे को अध्यक्ष, पी.पी.इण्टरकालेज आर एसघाट प्रधानाचार्य श्यामनारायन को कार्यकारी अध्यक्ष, सत्य नाम विद्यापीठ उ0मा0 विद्यालय भोजपुर खाला के प्रधानाचार्य आलोकनाथ श्रीवास्तव को जिलामंत्री तथा प्रतिभा शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज नरैनी देवां प्रधानाचार्य इन्द्रकुमार को कोषाध्यक्ष घोषित किया। चुनाव बाद संयोजक प्रधानाचार्य डा0विनोदकुमार सिंह ने जिले से आये प्रधानाचार्यों के प्रति आभार प्रकट किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी को उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के प्रान्तीय संगठन मंत्री बनाये जाने पर सम्मान/स्वागत किया गया।इस मौके पर डा0कमलेशसिंह, डा0नन्हेसिंह, डा0ज्ञानचन्द्र शुक्ला, डा0 रामू मौर्या, जे0पी0 पाण्डेय, शैलेन्द्र ग्रीस चन्द कन्नौजिया, राम किशुन, घनश्याम मौर्य, श्रीमती इकबाल फातिमा, श्रीमती सबा जहीर, दिनेशसिंह, कौशलवर्मा,विजयबहादुर,सुनीलकुमार, डा0संजय श्रीवास्तव सहित अनेक प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## अजय मिश्र 'टेनी' के नेतृत्व में एसआईआर को लेकर मंथन

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत सभागार, लखीमपुर खीरी में शनिवार को विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि 6 जनवरी को उत्तर प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कर मतदाता सूची जारी कर दी गई है। अब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सूची का गहन निरीक्षण करें और जो मतदाता किसी कारणवश सूची से वंचित रह गए हैं, जिनके नाम में त्रुटि है, नए मतदाता जिनका नाम जुड़ना है अथवा ऐसे नाम जो सूची में नहीं होने चाहिए, उनकी पहचान कर समय रहते सुधार कराएं।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम सुधारने और गलत नामों के निरस्तीकरण के लिए अलग-अलग फार्म निर्धारित हैं। कार्यकर्ता वोटर लिस्ट देखकर संबंधित फार्म भरकर 31 जनवरी तक सभी त्रुटियों को ठीक करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लखीमपुर में मतदाताओं की संख्या कम होना पार्टी के लिए चिंता का विषय है, इसलिए यह बैठक आयोजित की गई है ताकि पूरे मामले का गंभीरता से निरीक्षण किया जा सके।

अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि एसआईआर कोई नया कार्यक्रम नहीं है। पहले भी मतदाता सूची में नाम जुड़ते और हटते रहे हैं, लेकिन कभी इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल इसे बेवजह तूल दे रहे हैं। भाजपा सरकार संविधान और कानून के दायरे में रहकर ही कार्य कर रही है और किसी प्रकार का दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन और सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने कोई नया प्रयोग नहीं किया, बल्कि बीते 11 वर्षों में देश में आए सकारात्मक बदलावों के कारण पार्टी और उसके समर्थकों की संख्या बढ़ी है।

इस अवसर पर पवन गुप्ता ब्लॉक प्रमुख नकहा, कुलभूषण सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख फूलबेहड़, अरविंद गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोंटी पाल, सभासद राकेश मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशुतोष वर्मा, मनोज वर्मा पूर्व मंत्री भाजपा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह 'संजय', जितेंद्र त्रिपाठी 'जीतू' एडवोकेट, संजय मिश्रा, मुन्ना लाल अवस्थी, पूर्व सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, आर.पी. कटियार अध्यक्ष भूमि विकास बैंक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नायब दिनेश ने किया बूथों का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।मतदान केंद्रों पर रविवार को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने कई बूथों का निरीक्षण किया। रविवार को बदोसराय बूथ पर सुबह 10 बजे से बीएलओ रितेश मौर्य, दिलीप मौर्य, आदिल मुबीन सहित अन्य बीएलओ और पदभीत सुरजीत कुमार मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे रहे। वे मतदाताओं को अपनी जानकारी सही ढंग से अपडेट करने में सहायता प्रदान कर रहे थे। इसी तरह, लोधपुरवा बूथ पर बीएलओ सीमा ने भी मतदाता सूची पढ़कर सुनाई।इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाया। मतदाता अपने मतदान स्थलों पर पहुंचकर सूची का निरीक्षण किया।मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, हटाने, संशोधन करने या स्थान परिवर्तन के लिए विभिन्न फॉर्मों का उपयोग किया जा रहा है। नए मतदाताओं को नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 (घोषणा पत्र के साथ) भरना होगा, जबकि प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म-6क का प्रावधान है।

# राम मंदिर में नमाज का प्रयास, बाराबंकी में भड़के राजूदास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी।अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में कथित तौर पर नमाज पढ़ने का प्रयास किए जाने की घटना को लेकर हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कड़ी नाराजगी जताई है।अयोध्या से बाराबंकी जाते समय रामसनेहीघाट बाइपास पर अपने स्वागत कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में महंत राजू दास ने इस प्रकरण को आस्था से जुड़ा बताते हुए कहा कि सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है, जिसे लेकर कुछ तत्व कथित तौर पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

महंत राजू दास ने कहा कि मंदिर परिसर में ऐसी गतिविधियां धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली हैं और समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास करती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि राम मंदिर परिसर में ही इस प्रकार की गतिविधि की आवश्यकता क्यों पड़ी।बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना के बाद अयोध्या की पवित्रता और सुरक्षा को लेकर गंभीर मंथन की जरूरत है। महंत ने कथित अभियुक्त के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए फांसी की सजा दिए जाने की अपील की,साथ ही अयोध्या में प्रवेश व्यवस्था को और कड़ा किए जाने की बात भी कही।

महंत के इन बयानों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व समर्थक मौजूद रहे। स्वागत करने वालों में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष शुभम कसौधन,शुभम साहू, दिवाकर बाबा,समीर साहू, अभिनव अग्रवाल, अंबुज त्रिवेदी, सक्षम गुप्ता, आनंद शुक्ला, दुर्गेश साहू तथा विधानसभा अध्यक्ष चंदन वर्मा सहित कई लोग शामिल रहे। महंत ने सभी को आशीर्वाद दिया और शांति बनाए रखने की अपील भी की।

# शहरी नशिस्त नामचीन ने किया पेश कलाम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । शहरी नशिस्त (बैठक)का एहतिमान, बज़्म ए महशर के बैनर तले ओमेगा ग्रीन सिटी में किया गया द्य नशिस्त की सदारत समाजवादी राष्ट्रीय प्रवक्ता जनाब फ़राज़ उद्दीन किदवई ने की जबकि निज़ामत लखनऊ के मशहूर और मारूफ़ शायर फ़ारूक़ आदिल साहब ने की द्य इरफ़ान बाराबंकवी, लखनऊ के अदबी शायर सलीम ताबिश, बाराबंकी की जान वकार काशिफ, तररुनम के बादशाह फैज आतिश ,इंकलाबी शायर फैजी साहब और शाहरुख मोबीन ने अपने-अपने कलाम पेश किए। नशिस्त में फैसल मोबीन ,फैसल नसीम और मोहम्मद इकबाल के अलावा कई लोगो ने शिरकत की ।

# बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न, 'आप' का प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी। बुढ़वल चौराहे के सीओ कार्यालय के पास हाइवे पर आम आदमी पार्टी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों हत्याओं के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।आप नगर अध्यक्ष रवि पांडे एवं जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार से सख्त रुख अपनाने और बांग्लादेश से व्यापार पर रोक लगाने की मांग की।प्रदर्शन के बाद क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की अपील की गई।इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधान व गणमान्य से थाना प्रभारी ने करी सहयोग की अपील

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मसौली बाराबंकी। नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने रविवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत लोगों के साथ परिचय बैठक कर अपराध की रोकथाम हेतु सहयोग की अपील की। गांव में अवैध शराब, जुआ, सट्टा आदि की सूचना तत्काल पुलिस को देंने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने ग्राम प्रधानों से उनके गांवों की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि ग्राम प्रधान और समाज के जिम्मेदार लोगों की मदद के बिना अपराध पर नियंत्रण पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर गांव में कोई गैरकानूनी काम हो रहा है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें, ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि किसी भी गाँव अथवा कस्बे में कहीं कोई समस्या या अराजक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की जानकारी हो मिले तो तत्काल इसकी सूचना किसी भी समय उनके नम्बर पर दें पुलिस आम नागरिक के साथ चौबीस घण्टे खड़ी है।

इस मौक़े पर अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, वरिष्ठ उप निरीक्षक शमशाद अली, ग्राम प्रधान कलीम चौधरी, रामसिंह यादव, उमाकांत राव, बलजीत, नीरज कुमार, नूर मोहम्मद, मुईन अंसारी, विनोद वर्मा, सहित समस्त चौकी प्रभारी व सम्भ्रान्त जन मौजूद रहे।

## शराब दुकान व ज्वेलरीज दुकान में चोरी

मसौली बाराबंकी। बीती रात्रि सफदरगंज चौराहे पर चोरो ने कम्पॉजिट शराब दुकान व ज्वैलर्स की दुकान का ताला एवं सेंध लगाकर भारी मात्रा मे महंगी शराब व जेवरात उठा ले गये। दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए चोर डी वी आर भी उठा ले गये। पीड़ितों ने मुकामी थाने मे चोरी की तहरीर दी है। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजपुरा निवासी बिक्की सोनी पुत्र घनश्याम सोनी की सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित सफदरगंज चौराहे पर जेवलर्स की दुकान स्थित है बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने सेंध लगाकर दुकान मे रखी 12 जोड़ पायल, 50 नाक की कील, 40 चांदी की अंगूठी सहित नगदी उठा ले गये। चोरो ने थोड़ी ही दूरी पर स्थित दीपक कुमार पुत्र बाल गोबिंद की कम्पॉजिट शराब की दुकान का शटर का ताला तोड़कर 15 हजार 760 रुपये की नगदी सहित एलीफेंट ब्रांड की 3 कैन, किंग फिशर की 6 कैन, वियर रायल स्टैग 375 मिली की 3 बोतल, बकार्डी लेमन 750 मिली 1 बोतल, ब्लंडर रिजर्व कलेक्शन 90 मिली की 8 बोतल उठा ले गये। दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए चोर सीसीटीवी कैमरे का डी वी आर भी उठा ले गये। पीड़ितों ने सफदरगंज मे चोरी की तहरीर दी है।

## यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

एजेंसी

नवी मुंबई। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम डि क्लर्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था ऐसे में



मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नयी कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे। इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

यूपी वारियर्सः श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, मेग लैनिंग (कप्तान), फोबे लिचफील्ड, किरण नवगिरे, हरलीन देओल, क्रांति गौड़, आशा शोभना, डायंड्रा डॉटिन, शिखा पांडे, शिप्रा गिरी, सिमरन शेख, चार्ली नॉट, क्लो ट्रायोन, सुमन मीना, जी त्रिशा, प्रतिका रावल।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना (कप्तान), लॉरेन बेल, नादिन डि क्लर्क, ऋचा घोष (विकेटकीपर), ग्रेस हैरिस, दयालन हेमलता, गौतमी नाइक, श्रेयंका पाटिल, कुमार प्रथ्योशा, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, सयाली सतघरे, लिंसी स्मिथ, पूजा वस्त्राकर, जॉर्जिया वोल, राधा यादव।

## ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर, ध्रुव जुरेल को मिला मौका

एजेंसी

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ आज (रविवार) से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होने के चलते इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंत की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने रविवार को बताया कि ऋषभ पंत को शनिवार दोपहर वडोदरा के बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट पर बल्लेबाजी करते समय दाहिने पेट के निचले हिस्से में अचानक बेचैनी महसूस हुई। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया और बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उनके क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल नतीजों पर एक एक्सपर्ट के साथ विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन (ऑब्लिक मसल टियर) का





पता चला है और इस वजह से उन्हें वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बोर्ड ने बताया कि पुरुषों की सिलेक्शन कमेटी ने ऋषभ पंत की जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया है और जुरेल टीम के साथ जुड़ गए हैं। भारत की अपडेटेड वनडे टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

## दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच जोनाथन बैटी ने अपने बल्लेबाजों का किया बचाव

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच जोनाथन बैटी ने अपने बल्लेबाजों का बचाव करते हुए कहा है कि टीम की बल्लेबाजी यूनिट में कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं हमारे पास मौजूद बल्लेबाजी लाइन-अप से बहुत खुश हूं। यह एक शानदार टॉप सात या आठ हैं, जिसमें स्नेह राणा नंबर आठ पर आती हैं। उन्होंने कहा कि यह लाइन-अप पूरे टूर्नामेंट में खूब रन बनाएगी। दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में अपने पहले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 50 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। नवी मुंबई के डॉ. डी. वाई. पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20



ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर और नेट साइवर-ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19 ओवर में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। चिनले हेनरी ने 33 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेलकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि मुझे लगा कि यह एक बहुत अच्छी विकेट है। पहले हाफ में, हमने पहले दस ओवरों में बहुत अच्छी गेंदबाजी की और हम काफी खुश थे। हम एक या दो और विकेट लेना चाहते थे, लेकिन उनके दो बेहतरीन बल्लेबाजों ने मिलकर साझेदारी कर ली। उन्होंने आगे कहा कि हमारी योजनाएं अच्छी थीं और गेंद के साथ हमारा प्रदर्शन लगभग 75 प्रतिशत तक काफी मजबूत रहा। हालांकि, कुछ मौकों पर हमारी चूक भारी पड़ी, जिससे विरोधी टीम को आगे निकलने का मौका मिला। टीम कॉम्बिनेशन और बल्लेबाजी क्रम को लेकर भरोसा जताते हुए बैटी ने कहा कि हम हमेशा आत्ममंथन करते हैं, लेकिन इस ग्रुप की क्वालिटी पर कोई शक नहीं है। लॉरा वोल्वार्ड्ट और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ी निश्चित तौर पर आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से जल्दी संन्यास लिया, उनमें 2027 विश्व कप तक खेलने की भूख है: डोनाल्ड

एजेंसी

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने आईपीएल के 2014-15 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का गेंदबाजी कोच रहते हुए कोहली के साथ काम किया है। उन्होंने कोहली की वर्क इथिक्स (फिटनेस और खेन के लिए कड़ा अभ्यास) पर जोर देते हुए कहा, '' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत



नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है।ङ्क उन्होंने कहा, '' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे।ङ्क डोनाल्ड ने यह भी कहा कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका ने एक संतुलित और मजबूत टीम चुनी है। सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप को भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा, '' भारत में यह टूर्नामेंट काफी रोमांचक होने वाला है, है ना? दक्षिण अफ्रीका ने एक बहुत मजबूत टीम चुनी है। हमेशा सवाल उठते रहते हैं कि कौन नहीं गया और कौन जाना चाहिए था। मुझे लगता है कि भारत में दुनिया के सबसे अच्छे टी20 विकेट हैं। किसी भी गेंदबाज के लिए वहां खेलना बेहद कठिन है। मैंने आईपीएल में भी देखा है कि पावर प्ले में 124 रन बनना कितना चुनौतीपूर्ण होता है। यह बल्लेबाजी की कला का ही कमाल है।'' इस पूर्व महान गेंदबाज ने कहा, ''अगर आप सोच समझकर गेंदबाजी करे तो मैच में आपका पलड़ा भारी रहेगा। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका फाइनल तक पहुंचेगी।ङ्क यह 59 साल का खिलाड़ी एसए20 लीग की पिछली चार सत्रों में हुई प्रगति देखकर बहुत प्रसन्न हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यह लीग और विकसित होगी। उन्होंने कहा, '' हम इसके लिए काफी समय से इंतजार कर रहे थे। मुझे पिछले साल डरबन सुपर जायंट्स के साथ जुड़ने का मौका मिला था । उनके ड्रेसिंग रूम का माहौल आईपीएल जैसा महसूस होता है। यह टूर्नामेंट अभी आईपीएल जितना बड़ा नहीं है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की दृष्टिकोण से यह सर्वश्रेष्ठ है।

## फोनपे पेमेंट गेटवे ने 'बोल्ट' पेश किया, वीजा और मास्टरकार्ड से भुगतान होगा और भी सुरक्षित

नयी दिल्ली। फोनपे पेमेंट गेटवे ने वीजा और मास्टरकार्ड के क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' पेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह समाधान 'डिवाइस टोकनाइजेशन' का इस्तेमाल करता है, जिससे फोनपे मंच के उपयोगकर्ताओं और व्यवसाय साझेदारों को ऐप के भीतर ही सुरक्षित और कुशल भुगतान अनुभव मिलेगा। फोनपे के व्यापारिक सेवाओं के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि वीजा और मास्टरकार्ड के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' की शुरुआत करोड़ों भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी ऐप पर कार्ड से भुगतान करने के लिए अक्सर कार्ड नंबर, वैधता तिथि और सीवीवी डालना पड़ता है। 'बोल्ट' इस प्रक्रिया को खत्म कर देता है और बार-बार कार्ड का ब्योरा नहीं भरना पड़ता। फोनपे कार्ड के असली नंबर की जगह एक सुरक्षित कोड (टोकन) बना देता है। असली कार्ड नंबर व्यापारी के पास नहीं जाता और केवल एक सुरक्षित 'टोकन' जाता है। इससे डेटा चोरी का खतरा कम हो जाता है। शेखावत ने कहा, डिवाइस टोकनाइजेशन का लाभ उठाकर, हम उपयोगकर्ताओं और व्यापारियों को पारंपरिक और बोझिल भुगतान प्रक्रिया से हटाकर एक सुरक्षित, वन-क्लिक भुगतान अनुभव की ओर ले जाएंगे। इससे न केवल उपयोगकर्ता की सुविधा बढ़ती है, बल्कि हमारे व्यवसाय साझेदार भी कम 'ड्रॉप-ऑफ' (भुगतान बीच में छोड़ना) के साथ वृद्धि को अधिकतम कर सकते हैं। बयान के मुताबिक कार्ड के संवेदनशील विवरणों को सुरक्षित 'टोकन' से बदलकर, यह प्रणाली उसी डिवाइस पर किए जाने वाले लेनदेन के दौरान सीवीवी दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त कर देता है।

## भारतीय आईटी दिग्गजों का 'एजेंटिक एआई' पर भरोसा, एआई से निखर रही प्रतिभा: सर्वेक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय आईटी दिग्गज व्यावसायिक वृद्धि के लिए 'एजेंटिक एआई' को अपनाने पर बड़ा दांव लगा रहे हैं। प्रौद्योगिकी परामर्श फर्म 'थॉटवर्क्स' की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई। यह रुझान प्रमुख पश्चिमी बाजारों से अलग है, जहां अभी भी पारंपरिक कार्यक्षमता बढ़ाने पर ही ध्यान दिया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि यह सर्वेक्षण सात देशों के 3,500 उच्च अधिकारियों के बीच किया गया, जिनमें 500 प्रतिभागी भारत से थे। रिपोर्ट के मुताबिक 48 प्रतिशत भारतीय दिग्गज 'एजेंटिक एआई' को अपनी प्राथमिकता मानते हैं। एजेंटिक एआई दरअसल ऐसे स्वायत्त सिस्टम होते हैं जो स्वतंत्र रूप से काम करने, तर्क करने और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम होते हैं। इसमें कहा गया, एजेंटिक एआई को अपनाने के मामले में भारत 48



प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे आगे है। यह अमेरिका (28 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया (23 प्रतिशत) जैसे पश्चिमी बाजारों से बिल्कुल अलग स्थिति है, जो अभी भी पारंपरिक दक्षता सुधारने पर ही ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि एजेंटिक एआई पर दिग्गजों का यह ध्यान एक बड़े बदलाव का संकेत है। इससे पता चलता है कि भारतीय उद्यम केवल एआई टूल्स ही नहीं अपना रहे हैं, बल्कि वे एआई-आधारित कारोबारी मॉडल के लिए भी खुद को तैयार कर रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में 93 प्रतिशत प्रतिभागी इस बात से सहमत हैं कि सबसे प्रभावशाली एआई पहल वही है जो लोगों के कौशल और काम की गति को बढ़ाए। साथ ही 86 प्रतिशत का मानना है कि एआई प्रतिभा की जगह लेने के बजाय उसे और निखार रहा है।

## ऊर्ज़ा सुरक्षा, आत्मनिर्भरता के लिए बहु-तकनीकी नजरिया जरूरी: टोयोटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अनुसार भारत की भौगोलिक विविधता और उभरती भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए कारों में कई हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कंपनी ने एक 'बहु-तकनीकी नजरिये' पर जोर देते हुए कहा कि भौगोलिक विविधता और उपभोक्ता स्वीकार्यता के कारण बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, हाइब्रिड, फ्लेक्स-ईंधन वाहन और हाइड्रोजन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों, सभी की अपनी भूमिका है। जापान की टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन और भारत के किर्लोस्कर समूह के संयुक्त उद्यम वाली इस कंपनी ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए एक बहु-तकनीकी नजरिये की आवश्यकता है, जिसे अकेले ईवी और हाइब्रिड हल नहीं कर सकते। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के 'कंट्री हेड' और कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम गुलाटी ने बताया, हमारे पास मौजूद विविधता, उपभोक्ता स्वीकार्यता की चुनौतियां, बुनियादी ढांचे की तैयारी और ऊर्ज़ा मिश्रण को देखते हुए, मुझे लगता है कि कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इन सभी तकनीकों की एक साथ आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि एथनॉल कार्यक्रम और हाइड्रोजन मिशन जीवाश्म ईंधन के प्रतिस्थापन को बढ़ाने और ऊर्ज़ा सुरक्षा में योगदान देने के लिए सरकार की दो प्रमुख पहलें हैं। गुलाटी ने कहा कि स्थानीय प्रदूषण के मुद्दों को हल करने के लिए एथनॉल, सीबीजी (संपीड़ित बायोगैस) और हाइड्रोजन सहित कई तकनीकों को महत्वपूर्ण माना जाता है। टोयोटा की भविष्य की राह के बारे में गुलाटी ने कहा, देश में टिकाऊ गतिशीलता का रास्ता 'स्थानीयकरण' के माध्यम से ही होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, जब उत्पादों की बात आती है, तो हमारे पास सभी तकनीकें हैं, चाहे वह ईवी की पूरी श्रृंखला हो या 'स्ट्रॉन्ग' हाइब्रिड, 'प्लग-इन' हाइब्रिड और यहां तक कि फ्यूल सेल वाहन। हमारे पास वैकल्पिक ईंधन वाले वाहन भी हैं।

## वैश्विक दबाव में घरेलू शेयर बाजार के दोनों सूचकांक में आई गिरावट

एजेंसी

**साप्ताहिक समीक्षा**

नई दिल्ली। सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के बाद घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई के सेंसेक्स और एनएसई के निफ्टी दोनों सूचकांक सप्ताह के पांचो कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुए। पूरे सप्ताह गिरावट का शिकार होने की वजह से सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 2,185.77 अंक टूट कर 83,576.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 645.25 अंक लुढ़क कर 25,683.30 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

पिछले सप्ताह के कारोबार में बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 2.50% की कमजोरी का शिकार हो गया। इस इंडेक्स में शामिल आईडीबीआई बैंक, स्विगी, ट्रेंट लिमिटेड, अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस और वारी एनर्जिज के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाइटन कंपनी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, डिवीज लेबोरेट्रीज, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया और ल्यूपिन के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। लार्जकैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद साप्ताहिक आधार पर 2.60% की कमजोरी का शिकार होकर बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल प्रीमियर एनर्जीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज, सुजलॉन एनर्जी, जिंदल स्टेनलेस, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और रेल विकास निगम के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स, नेशनल अल्युमिनियम कंपनी, आईपीसीए लेबोरेट्रीज और टाटा एलेक्सी के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। पिछले सप्ताह के कारोबार में सबसे बड़ी गिरावट स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। ये इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 4% की गिरावट का शिकार हो गया। इस इंडेक्स में शामिल ज्यादातर कंपनियां के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इनमें सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज, वर्थ इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग, बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज, स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स, संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स, वीटीएम, किरी इंडस्ट्रीज, इंडियन मेटल एंड फ़ेरो एलॉयज, साई सिल्क्स कलामंदिर, वार्ड विजार्ड इन्नोवेशंस एंड मोबिलिटी, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स इंडिया, बाजार स्टाइल रिटेल, कीटेक्स गारमेंट्स, इलेकॉन इंजीनियरिंग कंपनी और फ़ेस 3 के शेयर साप्ताहिक आधार पर 15 से 23% तक की गिरावट का शिकार हो गए। सेक्टोलर फ्रंट पर देखें, तो निफ्टी के ऑयल एंड गैस, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स चार प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक गिरावट का शिकार हुए। इसी तरह निफ्टी के रियल्टी, मेटल, मीडिया और ऑटोमोबाइल इंडेक्स में भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी का डिफेंस इंडेक्स 1.3 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी का शिकार हुआ, जबकि निफ्टी का कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद एक प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 500 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने की धमकी, कमजोर ग्लोबल संकेत और कच्चे तेल की की कीमत में आई तेजी ने बाजार को गिराने में मुख्य भूमिका अदा की। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बाइपार्टिजन सैंक्शन बिल को आगे बढ़ाने की मंजूरी देकर रूस के सहयोगी देशों के खिलाफ कड़े कदम उठाने का प्रत्यक्ष संकेत दे दिया है। इस विधेयक में रूस के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों के खिलाफ 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। अगर ये विधेयक मंजूर हो जाता है, तो इससे भारत और चीन जैसे देश सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। इसी वजह से एक्सपोर्ट पर फोकस करने वाली ज्यादातर कंपनियों के शेयर में पिछले सप्ताह के दौरान जमकर बिकवाली होती रही। पिछले सप्ताह के कारोबार में एक बार फिर विदेशी निवेशक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) विदेशी निवेशकों की बिकवाली का जवाब देने के लिए लगातार खरीदारी करते रहे। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कुल 9,209.90 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री की। इसके जवाब में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पूरे सप्ताह के कारोबार के दौरान 17,594.58 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीद कर शेयर बाजार को काफी हद तक सपोर्ट दिया।



## अगले सप्ताह छह नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** सोमवार यानी 12 जनवरी से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में छह कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें से एक अमागी मीडिया लैब्स का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि शेष पांच आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इन नई लॉन्चिंग के अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले दो आईपीओ में भी इस सप्ताह 13 जनवरी तक निवेशक बोली लगा सकेंगे। इनमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का आईपीओ भी शामिल है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह पांच कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 12 जनवरी को अवाना इलेक्ट्रो सिस्टम्स का 35.22 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस इश्यू में 14 जनवरी तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 56 रुपये से लेकर 59 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है।

# शक्ति केंद्रों की मजबूती से ही भाजपा को मिल रही चुनावी सफलता : नितिन नबीन

एजेंसी



कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर ज़िले के मुत्तलीपालायम क्षेत्र स्थित एक निजी विवाह मंडप में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शक्ति केंद्र प्रभारियों की सलाहकार बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने भाग लिया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में नितिन नबीन ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रशासन की सशक्त, संगठित और अनुशासित कार्यप्रणाली के कारण ही भाजपा देश के कई राज्यों में लगातार चुनावी सफलताएं हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि आठ जिलों से आए शक्ति केंद्र प्रभारियों में दिख रहा जोश, उत्साह और समर्पण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आगामी चुनावों में भाजपा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) को पराजित करने वाली एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगी।

नितिन नबीन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को भारत द्वारा दिए गए सटीक और प्रभावी जवाब का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलकर सभी स्तरों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को द्रमुक को सत्ता से हटाने के लिए पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का विरोध करने वाली शक्तियों को पराजित किए बिना यह संघर्ष नहीं रुकना चाहिए। सनातन परंपरा और भगवान राम का अपमान करने वालों को करारा जवाब देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र प्रभारियों से हिंदू विरोधी शक्तियों को परास्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही हैं और इन्हें जन-जन तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी है। नितिन नबीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के विकास के लिए लगभग 6 लाख 50 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के विकास में बाधा बनने वाली शक्तियों को जड़ से समाप्त करना आज की आवश्यकता है। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# केरल की सत्ता के लिये मैच-फिक्सिंग करते हैं वामपंथी-कांग्रेस : शाह

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला करते हुए उन पर 'मैच फिक्सिंग', परस्पर समझौते और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि केरल में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी।

श्री शाह ने यहां स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से राजनीतिक नाटक कर रहे हैं और जब भी चुनावी गणित की जरूरत पड़ी, दोनों एक-दूसरे के बचाव में खड़े हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच दशकों से यह चलन बना हुआ है कि जब कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाती, तो वामपंथी उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह जब त्रिपुरा में वामपंथियों को राजनीतिक समर्थन की जरूरत पड़ी, तो कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। श्री शाह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल और केरल में एक साथ चुनाव होने के कारण ही कांग्रेस और कम्युनिस्ट वहां औपचारिक गठबंधन में नहीं आए, अन्यथा दोनों वहां भी साथ चुनाव लड़ते। श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। केरल में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अब तक 30 ग्राम पंचायतें और दो नगरपालिकाएं जीती हैं। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में आज भाजपा का मेयर होना पार्टी की राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री शाह ने कहा कि भविष्य भाजपा का है और वह दिन आएगा जब केरल में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा कि यह सफलता भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण की बदौलत संभव हुई है। श्री शाह ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में बात करते हुए कहा कि 1984 में लोकसभा में भाजपा के केवल दो सांसद थे, जबकि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बना चुकी है। उन्होंने असम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी भाजपा कभी केवल दो विधानसभा सीटों पर सिमटी थी, लेकिन आज वह तीसरी बार सरकार बनाने की ओर बढ़ रही है। श्री शाह ने आरोप लगाया कि एलडीएफ और यूडीएफ न तो आस्था की रक्षा कर सकते हैं, न केरल की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं और न ही राज्य का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में वामपंथी पार्टियां खत्म हो रही हैं और कांग्रेस देशभर में धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है। श्री शाह के मुताबिक, केरल के विकास का एकमात्र रास्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) है।

# मजबूत लीडरशिप केवल एक स्वस्थ शरीर से ही संभव है: डॉ. मनसुख मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली/भोपाल। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में आज यहां सुबह छह डिग्री सेल्सियस ठंड में युवा लीडर्स सहित एक हजार से अधिक लोगों ने फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल रैली में भाग लिया। इसमें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद और उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय पहलवान शिवानी पवार भी मौजूद थीं।

तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश भर से आए युवा लीडर्स ने भी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 56वें संस्करण में हिस्सा लिया। देश भर में 15 हजार स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल में आयोजित एक मेगा कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, अभिनेत्री पायल रोहतगी और ओलंपियन जूडोका गरिमा चौधरी सहित कई जाने-माने एथलीटों के साथ साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली में इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा, ्एक स्वस्थ शरीर मजबूत लीडरशिप की नींव है। साइकिल चलाना हमें लीडरशिप के शक्तिशाली सबक सिखाता है - यह हमें बताता है कि कब तेजी से पैडल मारना है, कब धीमा होना है, और सबसे जरूरी बात, जीवन में आगे बढ़ने के लिए संतुलन कैसे बनाए रखना है।

गोपीचंद ने कहा, यह देखकर प्रेरणा मिलती है कि एक मंत्री न केवल फिटनेस को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए इतना सोच रहे हैं, बल्कि पूरे आंदोलन को आगे बढ़कर लीड भी कर रहे हैं। यह बात कि वह खुद हफ्ते भर की कड़ी मेहनत के बाद रविवार सुबह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं, यह 'फिट इंडिया' बनाने के प्रति उनकी कमिटमेंट के बारे में बहुत कुछ कहता है।आज हमारे पास मनोरंजन हमारी उंगलियों पर है, इसलिए हम प्रकृति में मनोरंजन करना, बाहर निकलना और बाहरी दुनिया का हिस्सा बनना भूल गए हैं, इसलिए मैं उन लोगों की तारीफ करता हूं जो आज यहां आए हैं।

पेस ने कहा, कोई भी अकेले फिटनेस नहीं कर सकता, आपको एक-दूसरे को मोटिवेट करने और कम्युनिटी का हिस्सा बनने की जरूरत है क्योंकि फिटनेस केवल मजबूत शरीर के बारे में नहीं है बल्कि एक फिट दिमाग के बारे में भी है जो तब हासिल किया जा सकता है जब हम इस तरह के सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। मैं खेल मंत्री सर को इतनी अनोखी चीज बनाने के लिए बधाई देता हूं।

# मोदी ने प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर जन कल्याण की कामना की

एजेंसी



सोमनाथ (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने रुद्राभिषेक किया और जन कल्याण की कामना की। इस दौरान देश के 12 ज्योतिर्लिंग के प्रतिनिधियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। करीब चालीस मिनट तक पूजा में भाग लेने के बाद वो मंदिर प्रांगण में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए और सभी का आभार व्यक्त किया।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार के कार्यक्रम का वीडियो अपने एक्स हैंडल पर साझा करते हुए कहा कि सोमनाथ शाश्वत दिव्यता का एक प्रकाशस्तंभ बनकर खड़ा है। इसकी पावन उपस्थिति पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों का मार्गदर्शन करती रही है। कल के कार्यक्रमों की झलकियां प्रस्तुत हैं, जिनमें ओंकार मंत्र का जाप और ड्रोन शो शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी रुद्राभिषेक से पहले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत आयोजित भव्य रोड शो में शामिल हुए। इस यात्रा में 108 अश्वों के साथ दूर दूर से आए लोक कलाकारों ने उनका भव्य स्वागत किया। यह शौर्य यात्रा भारत के पराक्रम, परंपरा और संस्कृति का भव्य प्रतीक है। इस यात्रा ने सोमनाथ के इतिहास में एक यादगार अध्याय जोड़ा। इसके बाद प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि गुजरात दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दोपहर 12:45 बजे सोमनाथ से राजकोट के लिए रवाना होंगे। राजकोट में वो मारवाड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित सौराष्ट्र-कच्छ वाइब्रेंट समिट का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वो अहमदाबाद रवाना होंगे। अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से गांधीनगर जाएंगे। गांधी नगर में शाम 5:15 बजे महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और रात को राजभवन में विश्राम करेंगे।

# आप और भाजपा ने मिलकर लूटा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण का बजट : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने प्रदूषण नियंत्रण के लिये आम आदमी पार्टी और भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान किये गये खर्च पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए खर्च की गयी धनराशि में भ्रष्टाचार किया गया है।

दिल्ली प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को प्रदूषण नियंत्रण के लिये खर्च की गयी धनराशि में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में गंभीर वायु प्रदूषण जनजीवन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है जो आप और भाजपा दोनों पार्टियों की सरकारों के राजनीतिक स्वार्थ का ही परिणाम है कि 2017 से लगातार विश्व में दिल्ली सबसे अधिक जहरीली हवा वाली राजधानी बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2017 से अक्टूबर 2025 तक दिल्ली में प्रदूषण पर 53052 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है, लेकिन इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद प्रदूषण में सुधार की दिशा में एक प्रतिशत भी सुधार दिखाई नही देता है। प्रदूषण के नाम पर लाखों करोड़ की राशि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। श्री यादव ने आप और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा और पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार, दोनों हर वर्ष नये प्रोपगेंडे के साथ प्रदूषण पर बढ़ चढ़कर बयानबाजी करते रहे हैं लेकिन कोई ठोस प्रयास या कार्रवाई कर प्रदूषण नियंत्रण करने में कभी सफल नहीं हुए। इसके कारण हर वर्ष हजारों लोग सांस, दमा और फेंफड़ों की बीमारी से मौत का शिकार हो रहे है।

उन्होंने कहा कि जहरीली हवा को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का प्रयोग करने के लिए करोड़ों रुपये के आवंटन के बावजूद सरकार प्रदूषण कम करने में नाकाम साबित रही क्योंकि क्लाउड सीडिंग का प्रयोग भी विफल साबित रहा है।

# राउरकेला विमान हादसा : सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी

भुवनेश्वर। राउरकेला के निकट हाल ही में हुए छोटे चार्टर विमान की आपात लैंडिंग के बाद सभी छह यात्री (चार यात्री तथा दो क्रू सदस्य) सुरक्षित तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थिर हैं। एक यात्री को लगातार निकट चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। यह जानकारी रविवार सुबह ओडिशा नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री के समग्र पर्यवेक्षण में वाणिज्य एवं परिवहन विभाग तथा नागरिक उड्डयन निदेशालय भारत सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित एयरलाइन के साथ ्सहज समन्वय और सहयोग् के माध्यम से स्थिति से निपटने के लिए काम कर रहे हैं। जांच दल और चिकित्सा विशेषज्ञों की त्वरित तैनाती के लिए राज्य सरकार ने व्यापक लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई है। ्जांच दल और वरिष्ठ डॉक्टरों को राउरकेला पहुंचाने के लिए एक राज्य हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। साथ ही नागरिक उड्डयन निदेशालय के अधिकारी राउरकेला में डेरा डालकर जिला प्रशासन को ज़मीनी स्तर पर सभी आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वाणिज्य एवं परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को पूरे अभियान के समन्वय और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य स्थिति पर नवीनतम बुलेटिन में कहा गया है कि सभी यात्री सुरक्षित और स्थिर हैं। एक यात्री की लगातार और निकट चिकित्सा निगरानी की जा रही है। इसके अलावा भुवनेश्वर से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों को भी राउरकेला भेजा जा रहा है ताकि विशेषज्ञ उपचार, निरंतर पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित की जा सके। ओडिशा सरकार ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा की जा रही जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा और उच्चतम सुरक्षा मानकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## पेज एक का शेष

### निजी शिक्षण संस्थानों ...

करना और चयन सूची प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही छात्रों से केवल सक्षम प्राधिकारी या शुल्क नियामक समिति द्वारा स्वीकृत शुल्क ही लिया जा सकेगा। संशोधन के बाद सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को भी शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा, लेकिन वही शर्त लागू होगी कि प्रवेश पूरी तरह पारदर्शी तरीके से हुआ हो और उनसे केवल अनुमोदित शुल्क ही वसूला गया हो। उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने साफ कहा कि मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन या किसी भी गैर-पारदर्शी व्यवस्था के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं अगर कोई संस्था स्वीकृत सीमा से अधिक फीस वसूलती है, तो भी लाभ नहीं दिया जाएगा।

### मूल्यों के साथ निरंतर...

शब्दों ने गीत को जोश और भावनात्मक गहराई प्रदान की है। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह ने कहा कि उनका गीत मोहन भागवत द्वारा लॉन्च किया जाना उनके लिए गर्व और आशीर्वाद का क्षण है। यह गीत उनके लिए केवल एक पेशेवर कार्य नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा है। उन्होंने इसे पूरे मन से गाया है और उम्मीद जताई कि यह हर भारतीय के दिल को छुएगा। उल्लेखनीय है कि फिल्म 'शतक' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 1925 में नागपुर में स्थापना से लेकर आज तक की 100 वर्षों की यात्रा को दर्शाती है। फिल्म में संघ के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की परिकल्पना अनिल डी. अग्रवाल की है, निर्देशन आशीष मॉल का है और निर्माण वीर कपूर ने किया है। सह-निर्माता आशीष तिवारी हैं। फिल्म को एडीए डिग्री एलएलपी द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### सोमनाथ तोड़ने...

भी सोमनाथ महादेव के मंदिर पर फहरा रही ध्वजा पूरी सृष्टि का आह्वान कर रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है, उसका सामर्थ्य क्या है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व करोड़ों-करोड़ भारतीयों की शाश्वत आस्था, साधना और अटूट संकल्प का जीवंत प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ्भारत ने दुनिया को ये नहीं सिखाया कि कैसे दूसरों को हरा कर जीता जाए। बल्कि ये सिखाया कि कैसे दिलों को जीता जाए। ये विचार दुनिया की जरूरत है।' उन्होंने आह्वान किया कि 1000 साल की यात्रा के साथ मंदिर के 75 साल पूरे होने की गौरवशाली यात्रा पर मनाए जा रहे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को 2027 मई तक मानते रहना है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में करीब 40 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फिर फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मंदिर से बाहर आकर प्रधानमंत्री ने पुजारियों और स्थानीय कलाकारों से मुलाकात की। मोदी ने ढोल (चेंदा वाद्ययंत्र) बजाया और शोभायात्रा में भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर एक बार नहीं, बार-बार तोड़ा गया। अगर सोमनाथ पर आक्रमण केवल आर्थिक लूट के लिए हुए होते, तो हजार साल पूर्व, पहली बड़ी लूट के बाद रुक गए होते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ के पवित्र विग्रह को तोड़ा गया। बार-बार मंदिर का स्वरूप बदलने की कोशिशें हुईं और हमें पढ़ाया गया कि सोमनाथ को लूट के लिए तोड़ा गया था। नफरत, अत्याचार और आतंक का असली क्रूर इतिहास, हमसे छिपाया गया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ में विराजमान महादेव, उनका एक नाम मृत्युंजय भी है। मृत्युंजय, जिसने मृत्यु को जीत लिया हो। जो स्वयं काल-स्वरूप है। यतो जायते पाल्यते येन विश्वं, तमीशं भजे लीयते यत्र विश्वम अर्थात ये सृष्टि उन्हीं से उत्पन्न होती है, उन्हीं में लय हो जाती है। हम मानते हैं त्वमेको जगत व्यापको विश्व रूप! यानी, शिव पूरे जगत में व्याप्त हैं। इसीलिए, हम कण-कण, कंकड़-कंकड़ में भी उस शंकर को देखते हैं। फिर, कोई उन शंकर के कितने स्वरूपों को नष्ट कर सकता था? हम तो वो लोग हैं जो जीव में भी शिव को देखते हैं! उनसे हमारी आस्था को कोई कैसे डिगा सकता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समय चक्र है, कि सोमनाथ को ध्वस्त करने की मंशा लेकर आए मजहबी आततायी, आज इतिहास के कुछ पन्नों में सिमटकर रह गए हैं। सोमनाथ मंदिर उसी विशाल समंदर के किनारे गगनचुंबी धर्म-ध्वजा को थामे खड़ा है। सोमनाथ का ये शिखर मानो उद्घोष कर रहा है चन्द्रशेखरम् आश्रये मम किं करिष्यति वै यमः अर्थात मैं चंद्रशेखर शिव पर आश्रित हूँ, काल भी मेरा क्या कर लेगा। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इतिहास के गौरव का पर्व तो है ही, ये एक कालातीत यात्रा को भविष्य के लिए जीवंत बनाने का माध्यम भी है। हमें इस अवसर को अपने अस्तित्व और पहचान को सशक्त करने के लिए उपयोग करना है। आप भी देखते हैं, अगर कहीं किसी देश के पास कुछ सौ साल पुरानी विरासत होती है, वो देश उसे अपनी पहचान बनाकर दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। वहीं भारत के पास सोमनाथ जैसे हजारों साल पुराने पुण्य स्थान हैं। ये स्थान हमारी सामर्थ्य, प्रतिरोध और परंपरा के पर्याय रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उनसे पल्ला झाड़ने की कोशिश की। उस इतिहास को भुलाने के कुत्सित प्रयास हुये। हम जानते हैं, सोमनाथ की रक्षा के लिए देश ने कैसे-कैसे बलिदान दिये थे। रावल कान्हड़देव जैसे शासकों के प्रयास, वीर हमीरजी गोहिल का पराक्रम, वेगड़ा भील का शौर्य, ऐसे कितने ही नायकों का इतिहास सोमनाथ मंदिर से जुड़ा है लेकिन दुर्भाग्य से इन्हें कभी उतना महत्व नहीं दिया गया। बल्कि, आक्रमण के इतिहास को भी कुछ इतिहासकारों और राजनेताओं द्वारा 'व्हाइट वॉश' करने की कोशिश की गई। मजहबी उन्माद की मानसिकता को केवल साधारण लूट बताकर ढंकने के लिए किताबें लिखी गईं। सोमनाथ मंदिर एक बार नहीं, बार-बार तोड़ा गया। अगर सोमनाथ पर आक्रमण केवल आर्थिक लूट के लिए हुए होते, तो हजार साल पूर्व, पहली बड़ी लूट के बाद रुक गए होते। ऐसा लेकिन नहीं हुआ। सोमनाथ के पवित्र विग्रह को तोड़ा गया। बार-बार मंदिर का स्वरूप बदलने की कोशिशें हुईं और हमें पढ़ाया गया कि सोमनाथ को लूट के लिए तोड़ा गया था। नफरत, अत्याचार और आतंक का असली क्रूर इतिहास, हमसे छिपाया गया। अपने धर्म के प्रति ईमानदार कोई भी व्यक्ति ऐसी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं करेगा लेकिन, तुष्टीकरण के ठेकेदारों ने हमेशा इस कट्टरपंथी सोच के आगे घुटने टेके। जब भारत गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हुआ, तब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली, तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। वर्ष 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के यहां आने पर भी आपत्ति जताई गई। गौरतलब है कि उस समय सौराष्ट्र के सर्वाधिक मशहूर हमारे जाम साहब महाराजा दिग्विजय सिंह आगे आए थे। भूमि अधिग्रहण से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक, उन्होंने राष्ट्रीय गौरव को सबसे ऊपर रखा था। उस दौर में सोमनाथ मंदिर के लिए जाम साहब ने एक लाख रुपए का दान दिया और उन्होंने ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष के रूप में बड़ी ज़िम्मेदारी निभाई थी ।

### उत्तर प्रदेश में मतदाताओं के...

मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान यह सुविधा मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनसामान्य से अपील की है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और मतदाता सूची से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए अपने बूथ लेवल ऑफिसर से संवाद स्थापित करें, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके।

### 'एक्स' ने अपनी...

हटाना, खातों को स्थायी रूप से निलंबित करना और आवश्यकतानुसार स्थानीय सरकारों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम करना शामिल है। 'एक्स' ने अवैध सामग्री पर मस्क के रुख को दोहराते हुए कहा था, ''ग्रोक का उपयोग करके या उससे अवैध सामग्री बनवाने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे जो कि अवैध सामग्री अपलोड करने पर भुगतने पड़ते हैं।'

### पुलिस का यूपीकॉप...


योगी सरकार का पब्लिक ग्रेवांस रिव्यू पोर्टल भी आमजन के लिए प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। पोर्टल के जरिए आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, जिनकी नियमित समीक्षा और समयबद्ध निस्तारण भी किया जा रहा है। इससे पुलिस की जवाबदेही बढ़ी है और शिकायतकर्ताओं को यह भरोसा मिला है कि उनकी बात सुनी जा रही है। डीजीपी ने कहा कि यूपीकॉप ऐप उत्तर प्रदेश पुलिस का 'डिजिटल पुलिस स्टेशन' है, जो नागरिकों की शिकायतों और सेवाओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था देता है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम सेवा-प्रक्रियाओं का मानकीकरण कर रहे हैं ताकि हर आवेदन पर समान गति, समान पारदर्शिता और निश्चित समय-सीमा सुनिश्चित हो। टेक्नोलॉजी-आधारित जनशिकायत निवारण से पुलिसिंग अधिक जनकेंद्रित और जवाबदेह बन रही है। यही स्मार्ट पुलिसिंग का वास्तविक अर्थ है।

### भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील...

कहा कि लखनऊ पुलिस अपराधियों के साथ-साथ अपराध की जड़ों और अवैध आर्थिक स्रोतों पर भी निर्णायक प्रहार कर रही है। उन्होंने दोहराया कि पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ सुरक्षा, सेवा एवं विश्वास के मूल मंत्र के साथ भविष्य में भी अधिक सशक्त, आधुनिक एवं संवेदनशील पुलिसिंग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं, कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक दायित्वों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीजीपी राजीव कृष्णा ने स्वयं 19 पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्णय के तहत 13 जनवरी 2020 को लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई थी। इस व्यवस्था का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुदृढ़, आधुनिक एवं जनोन्मुखी बनाना है। पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद बीते छह वर्षों में लखनऊ की पुलिसिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। संगीन अपराधों जैसे हत्या, लूट और डकैती में कमी आई है। विशेष रूप से वर्ष 2025 में लखनऊ में डकैती की एक भी घटना न होना कमिश्नरेट की प्रभावी कार्यप्रणाली का प्रमाण बताया गया। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी अवधारणा पर काम किया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि महिला संबंधी अपराधों में लगभग 20 फीसद की कमी दर्ज की गई। समारोह में कमिश्नरेट लखनऊ के पूर्व पुलिस आयुक्त ध्रुवकांत ठाकुर, पुलिस महानिदेशक एसएसएफ/नागरिक सुरक्षा श्रीपद् शिरडकर, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश, पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, राजपत्रित अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नीतीश ने ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गोलघर परिसर का भ्रमण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका सौंदर्गीकरण एवं इसके रखरखाव को अच्छे ढंग से कराएं जिससे यह देखने में मनोरम लगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। श्री कुमार ने भ्रमण के दौरान गोलघर परिसर पार्क, गोलघर के स्ट्रक्चर की स्थिति, लाइट एंड साउंड एवं लेजर शो आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि गोलघर एक ऐतिहासिक धरोहर है, काफी संख्या में लोग इसे देखने आते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि गोलघर परिसर के सौंदर्गीकरण एवं इसके रखरखाव को अच्छे ढंग से कराएं जिससे यह देखने में मनोरम लगे। वर्ष 2013 में यहाँ शुरू किए गए लाइट एंड साउंड तथा लेजर शो का नियमित रूप से संचालन हो, इससे लोगों को इतिहास के संबंध में जनकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि गोलघर की ऐतिहासिक महत्ता से यहां आनेवाले लोग अवगत हो सकें, इसके लिए यहां डिस्प्ले बोर्ड भी लगाकर प्रदर्शित करायें। गोलघर वास्तु कला का एक अदभुत नमूना है इसलिए इसके स्ट्रक्चर के रखरखाव का विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि इसे और बेहतर तरीके से संरक्षित किया जा सके। भ्रमण के दौरान जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित सहत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने विजय घाट पर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करके उन्हें किया नमन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर विजय घाट स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शास्त्री जी का संपूर्ण जीवन सादगी, शुचिता और अडिग नैतिक साहस का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। उनके लिए सत्ता सदैव जनसेवा का माध्यम रही और नेतृत्व जनविश्वास के प्रति पूर्ण समर्पण का दायित्व था। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का प्रसिद्ध नारा 'जय जवानऽजय किसान' देश के सैनिकों और किसानों को समान सम्मान और महत्व देने की उनकी सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी के आदर्श, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा भाव भारतीय जनमानस को निरंतर प्रेरणा देते रहेंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा को श्री अकाल तख्त साहिब पर किया जाए तलब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में भुलत्थ से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने रविवार श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से अपील करते हुए कहा कि वे पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा को तलब करें।

श्री खैरा ने कहा कि श्री संघवा ने पद संभालने के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सामने शपथ ली थी और लोगों को भरोसा दिलाया था कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी और बहबल कलां पुलिस फायरिंग की घटना के मामलों में डेढ़ महीने के अंदर न्याय होगा, नहीं तो वे अपनी आखिरी ''सरकार'' से पहले खुद को गुरु को समर्पित कर देंगे। उन्होंने कहा, ''तीन साल से ज़्यादा समय बीत जाने के बावजूद, न तो न्याय हुआ है और न ही स्पीकर ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सामने ली गई अपनी पवित्र शपथ पूरी की है। यह गुरु साहिब के सामने झूठी शपथ लेने जैसा है, जो एक बहुत ही गंभीर धार्मिक मामला है और श्री अकाल तख्त साहिब के लिए इसकी जांच करना ज़रूरी है। विधायक खैरा ने यह भी मांग की कि बेअदबी और बहबल कलां मामलों में लगातार, अस्पष्ट चुप्पी और देरी के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से पूछताछ की जाए। उन्होंने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के समर्थक प्रदीप कलेर ने कोर्ट में साफ तौर पर माना है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सभी बेअदबियां डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह के कहने पर की गई थीं। श्री खैरा ने कहा, ''कोर्ट के इस कबूलनामे के बावजूद, आम आदमी पार्टी सरकार ने राम रहीम को पूछताछ के लिए एक बार भी बुलाने की हिम्मत नहीं की है। यह जानबूझकर की गई देरी मान सरकार के इरादों, ईमानदारी और नैतिक भरोसे पर गंभीर सवाल उठाती है।'' उन्होंने कहा कि स्पीकर और मुख्यमंत्री दोनों का व्यवहार दुनिया भर के सिखों को गुमराह करने जैसा है, जिससे संस्थाओं पर भरोसा डगमगाता है और यह श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी और सिख पंथ के साथ ऐतिहासिक धोखा है। इस संदर्भ में, श्री खैरा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले की गई अपनी बड़ी घोषणाओं पर सफाई देने की खुली चुनौती दी। उन्होंने पूछा, ''केजरीवाल ने बेअदबी के मामलों में 24 घंटे के अंदर न्याय दिलाने की गारंटी दी थी। आज, जब सत्ता में इतने साल रहने के बाद भी न्याय नहीं मिला है, तो वह इस बारे में क्या कहना चाहते हैं?'' उन्होंने 2017 के मौड बम धमाके पर भी जवाब मांगा, जिसके पीड़ित परिवारों को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बार-बार न्याय का भरोसा दिलाया था, लेकिन आज तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और सिख धार्मिक संस्थाओं से अपील करते हुए श्री खैरा ने कहा कि इन मुद्दों पर चुप्पी साधने से उन ताकतों को और हिम्मत मिलेगी जिन्होंने राजनीतिक फायदे के लिए सिख भावनाओं को छोटा दिखाया है। श्री खैरा ने कहा, ''श्री अकाल तख्त साहिब सिखों की सबसे बड़ी संस्था है। कोई भी लीडर जो गुरु साहिब के सामने झूठी कसम खाता है या राजनीतिक फायदे के लिए सिखों की भावनाओं से खेलता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सिख समुदाय सच्चाई, न्याय और नैतिक स्पष्टता का हकदार है, न कि धोखे और देरी का।''

# सूखे की मार : संकट में सेब के बागवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। सेब उत्पादन में जनपद हिमाचल के सांगला वैली की तर्ज पर उभर चुका लेकिन यहां अपर्याप्त बारिश और बर्फबारी के कारण सेब के बगीचों में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। जनवरी माह लगने के बावजूद सूखे की स्थिति बनी हुई है। इससे बागों में पौधों को पर्याप्त नमी नहीं मिल पा रही है। उत्तरकाशी जिले में प्रतिवर्ष करीब चार हजार से अधिक मीट्रिक टन का कारोबार होता है। मगर आगामी सीजन को लेकर बागवानी विशेषज्ञ और बागवानों में चिंता पैदा हो गई है। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार सेब की बेहतरीन फसल के लिए 1600 घंटे के चिलिंग आवर्स (ठंडा तापमान) का होना बेहद जरूरी होता है। मौजूदा सूखे के हालात के कारण यह आवश्यकता पूरी नहीं हो पा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि यह सूखा जारी रहा तो अप्रैल में होने वाली महत्वपूर्ण सेब फ्लावरिंग (फूल खिलने की प्रक्रिया) पर संकट छा सकता है। इससे पूरी फसल



प्रभावित होगी। हर्षिल से दिनेश रावत, से बगोरी निवासी भगवान सिंह , धराली के जय भगवान सिंह, सुक्की निवासी युद्धवीर सिंह राणा ने बंगाणा क्षेत्र राजपाल राणा दुधारा, मनीष राणा, समशेर राणा, अकबर सिंह भाषा, गणपत सिंह राणा पुत्र स्व. खडक सिंह राणा, भाटिया गांव में श्याम डोभाल, आजाद डिमरी, नौगांव जगमोहन चंद, सरनौल मेघ नाथ, रणवीर, बृजमोहन सेमवाल ने बताया कि बारिश और बर्फबारी न होने से सेब बगीचों में नए पौधे लगाने और बागवानी संबंधी अभी कार्य ठप हो गए हैं। हर्षिल, धराली,मुखवा, बगोरी, सुक्की, झाला, समेत यमुना वैली में सेवरी फल पट्टी, आराकोट बंगाणा, मोरी क्षेत्र में के पंचगाई समेत नौगांव ब्लॉक के सरनौल इलाके में सेब के बगीचे हैं। मौसम की मार अबकी बार सेब पर भी दिखने लगी है। सूखे और अधिक तापमान के चलते प्रदेश में सेब के बागीचों में अबकी बार फ्लावरिंग समय से पहले होने के आसार बन गए हैं। अनुकूल मौसम न होने से कई जगह बागीचों में चिलिंग आवर्स पूरे न होने की संभावना बनी हुई है। निचले और मध्यम इलाकों में इसकी समस्या आ रही है। इससे सेब की फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। मौसम अबकी बार बागवानी के लिए प्रतिकूल बना हुआ है।अभी तक इलाकों में बर्फबारी नहीं हुई है।आम तौर पर दिसंबर और जनवरी माह में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो जाती थी। फरवरी माह में भी कई बार बर्फ गिरती है, हालांकि यह ज्यादा नहीं टिक पाती। जनवरी में भी अभी तक बर्फ नहीं गिरी है। ऐसे में इससे सेब के बागीचों में सूखा पड़ा हुआ है। मौसम के लगातार साफ रहने से तापमान भी बढ़ने लगा है। इसका सीधा असर सेब के बागो में पड़ रहा है। लंबे समय से नमी की कमी के कारण सेब के पौधे पहले ही वूली एफिड, पेपरी बार्क और केंकर जैसी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं हैं। बागवानों का कहना है कि बारिश और बर्फबारी न होने से उनके बगीचों में नए पौधे लगाने और बागवानी संबंधी सभी आवश्यक कार्य ठप हो गए हैं।

# कांगड़ा में पंजाब के तीन युवक गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के तीन युवकों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 20.19 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। यह कार्रवाई कांगड़ा के हनुमान घाट के पास एक वाहन की तलाशी के दौरान की गई। कांगड़ा जिला पुलिस अधीक्षक (एसएपी) अशोक रतन ने रविवार को यूनीवार्ता को बताया कि नौ जनवरी को हनुमान घाट पर एक शेड के पास संदिग्ध वाहन को जांच के लिए रोका गया था। तलाशी के दौरान वाहन से 20.19 ग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विक्रम, निवासी बस्ती मशियान (जीरा), और गुरदेव सिंह व राजबिंदर सिंह, निवासी कमलगढ़ गांव (फिरोजपुर, पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने कांगड़ा थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की विभिन्न धाराओं–21, 25, 29, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति पर विधायकों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद


कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति करने पर कई विधायकों नेमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक खजान दास, किशोर उपाध्याय, सहदेव पुंडीर, आशा नौटियाल, रेनू बिष्ट, बृजभूषण गैरोला और शक्तिलाल शाह ने मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की। इस दौरान विधायकों ने राज्य के अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और उनका आभार व्यक्त किया। विधायकों ने कहा कि सरकार का यह कदम मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# उत्तराखंड में बंद का मिला–जुला असर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेकर विभिन्न राजनीतिक एवं गैर-राजनीतिक संगठनों ने रविवार को उत्तराखंड बंद का आह्वान किया गया है। हालांकि, मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति किए जाने के बाद कुछ व्यापारिक संगठनों ने बंद से दूरी बना ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य के विभिन्न व्यापार मंडलों तथा टैक्सी-बस यूनियनों ने यह स्पष्ट किया है कि प्रकरण में विधिसम्मत कार्रवाई प्रचलित होने के कारण वे बंद का समर्थन नहीं करेंगे और अपने व्यापारिक एवं परिवहन कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखेंगे। व्यापारिक संगठनों ने बंद के दौरान किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या कार्यों में बाधा की आशंका जताते हुए एसएसपी देहरादून से पुलिस सुरक्षा की मांग की है। प्रशासन ने भी बंद को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पलटन बाजार देहरादून में भी बाजार बंद का मिला-जुला असर नजर आया। इस बीच एसएसपी देहरादून ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सभी प्रदर्शन शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति जबरन बाजार बंद कराने, सार्वजनिक परिवहन रोकने या कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


# आयुष्मान आरोग्य लोकेटर को 'स्कॉच अवार्ड' अवॉर्ड 2025, झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

रांची। डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य की नागरिक-केंद्रित पहल आयुष्मान आरोग्य लोकेटर को प्रतिष्ठित 'स्कॉच अवार्ड' 2025 से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग झारखंड के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक उत्कृष्ट प्रयास आयुष्मान आरोग्य लोकेटर के लिए स्कॉच पुरस्कार 2025 , आज दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के मिशन डायरेक्टर सह अपर सचिव श्री विद्यानंद शर्मा पंकज एवं उनकी टीम को दिया गया। यह पहल विशेष रूप से आम नागरिकों के लिए तैयार की गई है। अब केवल एक गूगल सर्च के माध्यम से लोग अपने आसपास की स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रामाणिक जानकारी–जैसे फोटो, दिशा-निर्देश, संपर्क नंबर और उपलब्ध सेवाओं का विवरण– आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से यह मैपिंग स्वास्थ्य उप-केंद्र स्तर तक पूर्ण की गई है, जिससे अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाओं की दृश्यता सुनिश्चित हो सकी है। आयुष्मान आरोग्य लोकेटर पारदर्शिता को सशक्त करता है, सेवाओं तक पहुँच को बेहतर बनाता है और विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर उपचार को समर्थन देता है।

# हर किसान को यूनिक किसान आईडी से जोड़कर केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है राज्य सरकार का लक्ष्य : विजय कुमार सिन्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर किसान को यूनिक किसान आईडी से जोड़कर केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ सुनिश्चित करना है। श्री सिन्हा ने आज बयान जारी कर कहा कि एग्रीस्टैक के अंतर्गत फार्मर्स रजिस्ट्रेशन की प्रगति का विश्लेषण यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता का सीधा प्रभाव रजिस्ट्रेशन की गति और कन्वर्जन पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि रिविजनल सर्वे (आरएस) वाले जिलों में अपेक्षाकृत साफ और अद्यतन अभिलेख होने के कारण फार्मर्स रजिस्ट्रेशन तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैडस्ट्रल सर्वे (सीएस) वाले जिलों में उत्तराधिकार, संयुक्त जोत और पुराने अभिलेखों से जुड़ी संरचनात्मक चुनौतियाँ हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार विशेष रणनीति के साथ कार्य कर रही है। सीएस जिलों में फार्मर्स रजिस्ट्रेशन को गति देने के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन के साथ परिमार्जन एवं दाखिलऽखारिज की आसान सुविधा तथा मौजूदा ई-केवाईसी के प्रभावी कन्वर्जन पर विशेष बल दिया जा रहा है। यह किसी प्रकार की प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि दशकों पुरानी अभिलेखीय विरासत से जुड़ी स्वाभाविक चुनौती है। उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर किसान को यूनिक किसान आईडी से जोड़कर केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आरएस और सीएस दोनों प्रकार के जिलों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य निर्धारण किया जा रहा है, जिससे राज्य स्तर पर एग्रीस्टैक महाअभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा सके और राज्य के सभी किसान डिजिटल रूप से सशक्त बनें। राज्य में एग्रीस्टैक के अंतर्गत चल रहे फार्मर्स रजिस्ट्रेशन महाअभियान की प्रगति की समीक्षा में यह तथ्य स्पष्ट रूप से सामने आया है कि रिविज़नल सर्वेवाले जिले, कैडस्ट्रल सर्वे वाले जिलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। नौ जनवरी 2026, रात्रि 08:00 बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, फार्मर्स रजिस्ट्रेशन के कन्वर्जन रेट, रजिस्ट्रेशन की गति तथा राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार के मामले में आरएस जिलों की स्थिति अधिक सुदृढ़ पाई गई है। इसका मुख्य कारण इन जिलों में भूमि अभिलेखों की अपेक्षाकृत बेहतर गुणवत्ता, अद्यतन जमाबंदी एवं कम उत्तराधिकार विवाद है। फार्मर्स रजिस्ट्रेशन में 100 प्रतिशत या उससे अधिक उपलब्धि प्राप्त करने वाले जिलों में मुजफ्फरपुर, वैशाली, अररिया, भागलपुर एवं कटिहार जैसे जिले प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी रिविज़नल सर्वे से आच्छादित हैं। इन जिलों में भूमि अभिलेखों की स्पष्टता के कारण फार्मर्स रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में न्यूनतम बाधाएँ सामने आ रही हैं।वहीं पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, पटना, लखीसराय एवं मुंगेर जैसे कैडस्ट्रल सर्वे प्रधान जिलों में फार्मर्स रजिस्ट्रेशन की गति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई है। इन जिलों में उत्तराधिकार के लंबित मामलों, संयुक्त जोत, भू-खण्डों के अत्यधिक विखंडन तथा पुराने एवं त्रुटिपूर्ण अभिलेखों के कारण रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अतिरिक्त समय लग रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने यह स्पष्ट किया गया है कि यह स्थिति प्रशासनिक शिथिलता का परिणाम नहीं, बल्कि पुरानी एवं संरचनात्मक अभिलेखीय चुनौतियों के कारण उत्पन्न हुई है। आठ ने नौ जनवरी के बीच जिलों की रैंकिंग में हुए परिवर्तन से भी यही प्रवृत्ति दिखती है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063